CMYK

तापमान
अधिकतम :24°C
न्यूनतम : 10°C

सेंसेक्स 75,996.86
निफ्टी 22,959.50

सोना 87,615
चांदी 100,500

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुरादाबाद, मंगलवार 18 फरवरी 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 22 अंक 191 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com


विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com माघ फाल्गुन पक्ष 4 विक्रमी सम्वत् 2081 19 शाबान 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



### एआई को बौद्धिक बेहतरी की ताकत बनाने की जरूरत: नकवी

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



### ऑस्ट्रेलियाई टीम चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान पहुंची

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

# रिस्पना व बिंदाल कॉरिडोर का कार्य जल्द होगा शुरू: सीएम धामी

## मुख्यमंत्री ने दिए निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को सचिवालय में देहरादून एलिवेटेड कॉरिडोर की बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए कि रिस्पना और बिंदाल कॉरिडोर का कार्य जल्द शुरू किया जाए। देहरादून एलिवेटेड कॉरिडोर को एक्सप्रेसवे से जोड़ते हुए केन्द्र से सहयोग का अनुरोध करने और स्टेट सेक्टर से शीघ्र कार्य शुरू करने के निर्देश मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को दिए हैं।

देहरादून में आबादी और वाहनों की संख्या में तेजी से हो रही वृद्धि, पर्यटकों की संख्या में हो रही वृद्धि और दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे के बनने के बाद यातायात में संभावित वृद्धि के दृष्टिगत मुख्यमंत्री ने देहरादून एलिवेटेड कॉरिडोर का कार्य जल्द शुरू करने के निर्देश दिए हैं। रिस्पना नदी के तल पर 11 किलोमीटर और बिंदाल नदी के तल पर



■ **आबादी और वाहनों की वृद्धि के दृष्टिगत राज्य के अन्य शहरों के लिए भी सुनियोजित प्लान पर कार्य किया जाए**

15 किलोमीटर लंबे चार लेन एलिवेटेड कॉरिडोर का निर्माण कार्य होना है। इन नदियों -शेष पृष्ठ दो पर

# इकोलॉजी एवं इकोनॉमी संतुलन बनाकर हो रहे विकास कार्य

## जलवायु परिवर्तन के मद्देनजर कार्यशाला में बोले मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** नीति आयोग भारत सरकार द्वारा जीबी पंत राष्ट्रीय हिमालयी पर्यावरण संस्थान, अल्मोड़ा और अन्तर्राष्ट्रीय एकीकृत पर्वतीय विकास केन्द्र के साथ 'स्प्रिंगशेड प्रबंधन एवं जलवायु अनुकूलन: भारतीय हिमालयी क्षेत्र में सतत विकास के लिए रणनीतियां विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

**स्प्रिंगशेड प्रबंधन एवं जलवायु अनुकूलन: भारतीय हिमालयी क्षेत्र में सतत विकास के लिए रणनीतियां**

इस अवसर पर हे.न. बहुगुणा विश्वविद्यालय की पूर्व कुलपति प्रो. अन्नपूर्णा नौटियाल द्वारा लिखित पुस्तक 'भारतीय हिमालय क्षेत्र एक सतत भविष्य की ओर' का विमोचन किया गया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग करते हुए कहा कि इस कार्यशाला से जहां भारतीय हिमालयी क्षेत्र में -शेष पृष्ठ दो पर



### प्राकृतिक जलस्रोतों पर नकारात्मक प्रभाव: महाराज

सिंचाई मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि जलवायु परिवर्तन की वजह से प्राकृतिक जल स्रोतों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। उत्तराखंड की परंपरा में जल स्रोतों को पवित्र माना जाता है और इनकी पूजा की जाती है। जल के महत्व को ध्यान में रखते हुए इसके संरक्षण के लिए सबको सामूहिक प्रयास करने होंगे।

### लोगों को गांवों में वापस लाने पर हो काम: बेरी

उपाध्यक्ष नीति आयोग सुमन के. बेरी ने हिमालयी राज्यों में खाली हो रहे गांवों को फिर से पुनर्जीवन दिए जाने के लिए बाहर बस गए लोगों को अपने गांवों में वापस लाने के लिए जागरूक करने पर जोर दिया। उन्होंने इसके लिए वाइब्रेंट विलेज योजना को गंभीरता से लेते हुए, ऐसे गांवों में रोजगार और मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने की बात कही। उन्होंने नीति आयोग के अध्यक्ष एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने के लिए विज्ञान, सामुदायिक सहभागिता एवं महिलाओं को सशक्तिकरण पर विशेष बल दिए जाने की बात कही। इसके लिए उन्होंने ब्रॉडबैंड सेवा के विस्तार, इन्टरनेट कनेक्टिविटी बढ़ाए जाने पर बल दिया।

### यूपी बोर्ड की परीक्षाएं 24 फरवरी से, तैयारी पूरी

**लखनऊ।** उप्र माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा 24 फरवरी से शुरू होकर 12 मार्च तक चलेंगी। प्रदेश सरकार के नकलविहीन परीक्षा के चाक चौबंद इंतजाम किए गए हैं। इस सिलसिले में सोमवार को सूबे के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये परीक्षा की तैयारियों की समीक्षा की और सभी मंडलायुक्तों, जिलाधिकारियों एवं वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। श्री सिंह ने कहा कि हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा कुल 8140 परीक्षा केन्द्रों पर होगी, जिनमें 576 राजकीय, 3446 सहायता प्राप्त व 4118 स्ववित्तपोषित विद्यालय हैं।

### यात्रियों की भीड़ प्रबंधन को मैनुअल तैयार करेगा रेलवे

**नई दिल्ली।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गत शनिवार को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई भगदड़ की दुर्घटना को गंभीरता से लेते हुए रेलवे स्टेशनों एवं ट्रेनों में यात्रियों की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए देश के करीब 60 स्टेशनों में होल्डिंग एरिया बनाने और एक समग्र मैनुअल तैयार करने की बात कही है। श्री वैष्णव ने रेल मंत्रालय में पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में कहा कि नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई दुर्घटना को देखते हुए तय किया गया है कि देश के करीब 60 स्टेशनों पर होल्डिंग एरिया बनाए जाएंगे। जहां संभव होगा, स्थाई होल्डिंग एरिया बनाए जाएंगे।

### कांग्रेस ने फिर मांगा रेल मंत्री का इस्तीफा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि नई दिल्ली रेलवे स्टेशन में भगदड़ में मारे गए लोगों के आंकड़े छुपाए जा रहे हैं और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव जिम्मेदारी निभाने की बजाय आंकड़े छुपाने में व्यस्त हैं, इसलिए उन्हें इस्तीफा देना चाहिए। कांग्रेस ने अपने आधिकारिक पेज पर ट्वीट कर कहा कि नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुआ दर्दनाक हादसा रेल मंत्रालय और रेल मंत्री की लापरवाही का परिणाम है। रेल प्रशासन भगदड़ के लिए जिम्मेदार है और यह जिम्मेदारी लेते हुए रेल मंत्री को तुरंत इस्तीफा देना चाहिए। पार्टी ने इसके साथ ही कुछ पोस्टर भी पोस्ट किए हैं और कहा है कि रेल मंत्री ने रेलवे को बर्बाद कर दिया है। उन्हें अब पद पर रहने का अधिकार नहीं है।

### उत्तराखंड सूचना केंद्र में नया सूचना अधिकारी नियुक्त

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में स्थित उत्तराखंड राज्य सूचना केंद्र में कुंदन कुमार को नया सूचना अधिकारी नियुक्त किया गया है। उत्तराखंड सूचना विभाग के अनुसार श्री कुमार 2021 की प्रांतीय सेवा के अधिकारी हैं और उन्हें राष्ट्रीय राजधानी में तैनाती मिली है। उन्होंने सोमवार को अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया है। मिलिट्री स्कूल शिमला से शिक्षा प्राप्त श्री कुमार ने पत्रकारिता में उच्च शिक्षा बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी से हासिल की है।

# कुशीनगर मस्जिद पर बुलडोजर एक्शन से भड़का सुप्रीम कोर्ट

## कोर्ट ने 13 नवम्बर 2024 के आदेश के उल्लंघन को लेकर योगी सरकार को भेजा नोटिस

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार को नोटिस जारी किया है। इस नोटिस में सुप्रीम कोर्ट ने पूछा है कि उत्तर प्रदेश सरकार ने कुशीनगर में मस्जिद में तोड़फोड़ करके उनके 13 नवम्बर 2024 के आदेश का उल्लंघन किया है।

13 नवम्बर 2024 को दिए आदेश में सुप्रीम कोर्ट ने बिना पूर्व नोटिस और दूसरे पक्ष को सुने बिना तोड़फोड़ कार्रवाई पर रोक लगा दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने फिलहाल कुशीनगर मामले में आगे किसी भी तरह की तोड़फोड़ कार्रवाई पर रोक लगा दी है। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस एजी मसीह की पीठ ने उत्तर प्रदेश सरकार को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए पूछा कि क्यों न संबंधित अधिकारियों के खिलाफ अदालत की अवमानना करने के लिए कार्रवाई की जाए? सुप्रीम कोर्ट ने याचिका पर आदेश पारित करते हुए कुशीनगर मामले में आगे किसी भी तरह की तोड़फोड़ कार्रवाई पर रोक लगा दी है। गौरतलब है कि कुशीनगर जिले में प्रशासन ने मदनी मस्जिद के एक हिस्से में तोड़फोड़ की है। आरोप है कि मस्जिद का निर्माण जमीन पर अतिक्रमण करके किया गया। इस महीने की शुरुआत में प्रशासन ने बुलडोजर से मस्जिद के कथित अवैध हिस्से को गिरा दिया। याचिकाकर्ता ने दावा किया है कि जांच में पता चल गया था कि मस्जिद के निर्माण में कोई अतिक्रमण नहीं हुआ है और एसडीएम की रिपोर्ट में इसका जिक्र है। इसके बावजूद कार्रवाई की गई।



■ **फिलहाल कुशीनगर मामले में आगे किसी भी तरह की तोड़फोड़ कार्रवाई पर लगी रोक**

## पूजा स्थलों के लिए कानून का मामला स्टे बरकरार, मामला तीन सदस्यीय बेंच को सौंपा, सुनवाई अप्रैल में

**नई दिल्ली।** पूजा स्थलों के संरक्षण कानून से संबंधित दायर याचिकाओं पर सोमवार को मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) के समक्ष सुनवाई हुई। इस दौरान सीजेआई ने पिछली सुनवाई में दिए गए स्टे को बरकरार रखते हुए साथ ही, अदालत ने नई याचिकाओं पर नोटिस जारी करने के बजाय उन्हें याचिका के रूप में दाखिल करने का निर्देश दिया। मुख्य न्यायाधीश के आदेश के अनुसार अब तीन सदस्यीय पीठ अप्रैल के पहले सप्ताह में इस मामले की सुनवाई करेगी।

सोमवार को इस कानून के खिलाफ पांच नई याचिकाएं सुनवाई के लिए पेश की गईं, लेकिन अदालत ने उन पर नोटिस जारी करने से इन्कार कर दिया। हालांकि वकीलों ने अदालत से अनुरोध किया कि अब तक दायर सभी याचिकाओं को सुनवाई के लिए स्वीकार किया जाए, लेकिन अदालत ने कहा कि किसी भी चीज की एक सीमा होती है और यह सीमा अदालत को तय करनी होती है। इसलिए जिन याचिकाओं पर पहले ही नोटिस जारी नहीं किया गया है, उन पर अब नोटिस जारी नहीं किया जाएगा, लेकिन उन्हें पक्षकार के रूप में आवेदन दाखिल करने की अनुमति होगी। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने सोमवार को पूजा स्थल के संरक्षण कानून के समर्थन और विरोध में दायर सभी याचिकाओं की एक साथ सुनवाई -शेष पृष्ठ दो पर

■ **मस्जिद-मस्जिद मंदिर तलाश करने वाले इस देश की एकता के दुश्मन: मौलाना अरशद मदनी**

# दिल्ली-एनसीआर में लगे भूकंप के तेज झटके

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली- एनसीआर में सोमवार सुबह भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता चार मापी गई। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केन्द्र (एनसीएस) के अनुसार दिल्ली-एनसीआर में सोमवार सुबह पांच बजकर 36 मिनट पर भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए।

भूकंप की तीव्रता चार मापी गई और भूकंप का केन्द्र राष्ट्रीय राजधानी में जमीनी सतह से पांच किलोमीटर नीचे स्थित था। दिल्ली के अलावा फरीदाबाद, गुरुग्राम, रोहतक, गाजियाबाद, नोएडा और उसके आसपास के क्षेत्रों में भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप के तेज झटकों के कारण घरों के छत के पंखे तेजी से हिलने लगे और घरों में रखे बर्तन खड़कने लगे। भय के मारे लोग अपने घरों से बाहर निकल आए। एनसीएस के मुताबिक भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 4.0 मापी गई। भूकंप का केन्द्र 28.59 डिग्री उत्तर अक्षांश और 77.16 डिग्री पूर्वी देशांतर, जमीनी सतह से पांच किलोमीटर की गहराई पर स्थित था। कई साल के बाद भूकंप का केंद्र दिल्ली रहा। इसकी वजह से यहां लोगों को झटके काफी देर तक महसूस हुए। दिल्ली पुलिस ने किसी तरह की परेशानी होने पर लोगों से आपातकालीन सेवा 112 पर डायल करने की सलाह दी है। अभी तक किसी तरह की जनहानि और नुकसान की कोई रिपोर्ट सामने नहीं आई है। इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली के निवासियों से 'शांत' रहने का आग्रह किया और कहा कि अधिकारी स्थिति पर कड़ी नजर रख रहे हैं। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा कि दिल्ली और आसपास के इलाकों में झटके महसूस किए गए। सभी से शांत रहने और सुरक्षा सावधानियों का पालन करने, संभावित झटकों के प्रति सतर्क रहने का आग्रह किया जाता है। अधिकारी स्थिति पर कड़ी नजर रख रहे हैं। भूकंप के कारण धौला कुआं में स्थित झील पार्क में 20 से 25 साल पुराना पेड़ गिर गया, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

■ **रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता चार मापी गई**
■ **मोदी का दिल्लीवासियों को शांत रहने का आग्रह**




### भूकंप के लिहाज से बेहद संवेदनशील है दिल्ली

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में सोमवार सुबह आए भूकंप से उत्तर भारत के कई इलाकों की धरती कांप गई। भूकंप के झटके इतने तेज महसूस किए गए कि लोग अपने-अपने घरों से बाहर निकल गए और लोगों में दहशत का माहौल देखा गया। रिक्टर स्केल पर इस भूकंप की तीव्रता 4.0 रही और इस भूकंप का केंद्र दिल्ली के धौला कुआं इलाके में जमीन के पांच किलोमीटर भीतर था। चूंकि भूकंप का केंद्र दिल्ली में ही था और जमीन के बहुत अंदर नहीं था, तो इसकी वजह से भूकंप के तेज झटके महसूस हुए और कई लोगों ने बताया कि उन्हें ऐसा लगा जैसे जमीन के अंदर ट्रेन चल रही है। दिल्ली भूकंप के लिहाज से बेहद संवेदनशील है और यह सिस्मिक जोन-4 के अंतर्गत आती है। इस जोन के इलाकों में भूकंप का खतरा ज्यादा रहता है। दिल्ली आपदा प्रबंधन अधिकरण के अनुसार, इस जोन में तेज भूकंप आने का खतरा रहता है और इन भूकंपों की तीव्रता 5.6 मैग्नीट्यूड हो सकती है।

# नई दिल्ली भगदड़ मामला: स्टेशन पर सीआरपीएफ तैनात

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर सेंट्रल रिजर्व पुलिस फोर्स (सीआरपीएफ) और दिल्ली पुलिस की तैनाती की गई है। महाकुंभ के बीच बढ़ती भीड़ को कंट्रोल करने के लिए केंद्र सरकार ने यह फैसला लिया है।

इसके अलावा रेलवे ने 26 फरवरी तक शाम 4 बजे से रात 11 बजे तक काउंटर से प्लेटफॉर्म टिकट की बिक्री बंद कर दी है। सूत्रों के मुताबिक रेलवे ने भविष्य में पीक सीजन में भगदड़ जैसी घटनाओं से बचने के लिए देश के 60 बड़े स्टेशनों पर होल्डिंग एरिया बनाने की योजना बनाई है। महाकुंभ के बाद 2027 में नासिक और हरिद्वार में भी अर्धकुंभ लगेंगे। इसके अलावा 2028 में मध्य प्रदेश के उज्जैन में भी सिंहस्थ मेले का आयोजन होना है।



■ **26 फरवरी तक काउंटर से प्लेटफार्म टिकट बंद, 60 स्टेशनों पर होल्डिंग एरिया बनाने की तैयारी**

### महाकुंभ में आग लगने से कई शिविर तबाह

**महाकुंभनगर।** प्रयागराज में महाकुंभनगर के सेक्टर आठ में सोमवार को आग लगने से कई टेंट जल कर राख हो गए। किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रमोद शर्मा ने बताया कि सेक्टर आठ में बजरंगदास मार्ग के एक खाली शिविर में आग लगने की सूचना मिलते ही अग्निशमन दल की कई गाड़ियों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पा लिया। घटनास्थल की चारों तरफ से घेराबंदी कर लोगों को आसपास से आने जाने के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया था। उन्होंने बताया कि शिविर खाली कर श्रद्धालु जा चुके थे। आग लगने का तत्काल कारण नहीं पता चल सका।

# दिल्ली के नए सीएम की शपथ 20 को

## सीएम फेस तय नहीं, कल होगी विधायक दल की बैठक

■ **पीएम समेत 20 राज्यों के मुख्यमंत्री आएंगे**

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव रिजल्ट के 12 दिन बाद 20 फरवरी को नए मुख्यमंत्री रामलीला मैदान में शपथ लेंगे। हालांकि, भाजपा ने अब तक सीएम फेस तय नहीं किया है। पार्टी विधायक दल की बैठक 19 फरवरी को बुलाई गई है, जिसमें सीएम की घोषणा होगी।

इससे पहले 16 फरवरी शाम को खबर आई कि 17 फरवरी, यानी सोमवार को विधायक दल की बैठक होगी और 18 फरवरी को शपथ ग्रहण समारोह होगा। हालांकि, कुछ देर बाद इसे दो दिन के लिए टाल दिया गया। इसकी वजह नहीं बताई गई। सूत्रों के मुताबिक शपथ ग्रहण कार्यक्रम दिल्ली के रामलीला मैदान में होगा। इसमें पीएम मोदी, केंद्रीय मंत्री, भाजपा और एनडीए शासित 20 राज्यों के मुख्यमंत्री और डिप्टी सीएम शामिल होंगे।

### 10 दिन में भी सीएम नहीं चुन पाई भाजपा : 'आप'

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) की वरिष्ठ नेता और दिल्ली की कार्यवाहक मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा कि चुनाव परिणाम के दस दिन बाद भी भाजपा दिल्ली के मुख्यमंत्री के नाम का चयन नहीं कर पाई है। सुश्री आतिशी ने संवाददाता सम्मेलन कर सोमवार को कहा कि पिछले दस दिन से मुख्यमंत्री के चयन नहीं कर पाने से यह साबित हो गया कि भाजपा के विधायकों में से एक भी मुख्यमंत्री बनने के लायक नहीं है। उन्होंने कहा कि दिल्ली चुनाव के नतीजे आए हुए दस दिन बीत चुके हैं। दिल्ली की जनता इंतजार करती रह गई, लेकिन भाजपा मुख्यमंत्री पर कोई फैसला नहीं ले पाई। उन्होंने कहा कि आज यह साबित हो गया है कि भाजपा के पास दिल्ली सरकार चलाने के लिए कोई चेहरा नहीं है। अगर उनके पास मुख्यमंत्री बनने लायक ही नहीं है, तो सरकार कैसे चलाएंगे।

### चुनाव आयोग को अलविदा कहा राजीव कुमार ने

**नई दिल्ली।** निवर्तमान मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने सोमवार को कहा कि भारतीय चुनाव प्रणाली दुनिया की सबसे बड़ी और पारदर्शी चुनाव प्रणालियों में से एक है तथा देश लोकतंत्र का एक चमकता प्रकाश-स्तम्भ है। देश के 25वें मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री कुमार का भारतीय निर्वाचन आयोग में मंगलवार को आखिरी दिन है। उन्होंने आयोग के मुख्यालय पर आयोजित विदाई समारोह में कहा कि भारत को लोकतांत्रिक व्यवस्था अपने गुणों के साथ दुनिया के तमाम देशों के लिए प्रेरणा का विषय है। हमें अपनी इस 'सॉफ्ट पावर' का फायदा उठान चाहिए।

# इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष फिर विवादों के घेरे में

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष और राहुल गांधी के करीबी सैम पित्रोदा ने कहा कि भारत को चीन को अपना दुश्मन मानना बंद कर देना चाहिए। चीन से खतरे को अक्सर बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया जाता है।

हालांकि कांग्रेस ने सैम पित्रोदा के बयान से किनारा कर लिया है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि सैम पित्रोदा के चीन पर व्यक्त किए गए विचार कांग्रेस के विचार नहीं हैं। एक इंटरव्यू में सैम पित्रोदा ने कहा कि चीन को दुश्मन मानने के बजाय उसे सम्मान देना चाहिए। मुझे समझ ही नहीं आता कि भारत को चीन से क्या खतरा है। हम सभी को साथ आकर काम करना चाहिए। भारत को चीन के प्रति अपने नजरिये को बदलने की जरूरत है। पित्रोदा ने कहा कि हमारा रवैया पहले दिन से ही टकराव का रहा है। यह दुश्मनी पैदा करता है। मुझे लगता है कि हमें इस पैटर्न को बदलने की जरूरत है। यह किसी के लिए भी ठीक नहीं है। पित्रोदा ने कहा कि अब सभी देशों को एक साथ आने का समय है। हमें सीखने, संवाद बढ़ाने, सहयोग करने और मिलकर काम करने की जरूरत है, हमें कमांड और कंट्रोल की मानसिकता से बाहर निकलना होगा। चीन चारों ओर है, चीन बढ़ रहा है, हमें इसे पहचानना और समझना होगा। दुनिया के सभी देश आगे बढ़ रहे हैं। कुछ तेजी से, कुछ धीमे। जो बहुत गरीब हैं, उन्हें तेजी से बढ़ना होगा और जो संपन्न हैं, उनकी वृद्धि धीमी होगी, जो विकसित हैं, उनकी आबादी बुजुर्ग होगी, जबकि विकासशील देशों की आबादी युवा होगी।



■ **चीन भारत का दुश्मन नहीं: सैम पित्रोदा कहा: हमें उसके साथ मिलकर काम करना चाहिए, कांग्रेस ने बयान से किया किनारा**

### भाजपा ने पित्रोदा के बयान पर कांग्रेस से सफाई मांगी

**नई दिल्ली।** भाजपा ने ओवरसीज़ कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा के चीन को लेकर दिए गए बयान को निंदनीय एवं गलवान के शहीदों एवं भारतीय सेना के बलिदान का अपमान करार दिया है और कांग्रेस से इस बयान पर सफाई मांगते हुए देश के विरोधी ताकतों के साथ भारत में सामाजिक आर्थिक विघटन में लिप्त होने का आरोप लगाया है। भाजपा के सांसद एवं प्रवक्ता डा. सुधांशु त्रिवेदी ने यह आरोप लगाया। डा. त्रिवेदी ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत ज्यों-ज्यों आर्थिक, सामरिक और कूटनीतिक दृष्टि से विश्व के पटल पर एक शक्तिशाली और प्रभावशाली देश के रूप में उभरता जा रहा है।

# प्रदेश के विकास को गति प्रदान करने में मदद करे विपक्ष : योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** मंगलवार (आज) से शुरू होने वाले उप्र विधानसभा के बजट सत्र की पूर्व संध्या पर आयोजित सर्वदलीय बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विपक्ष से जनहित के मुद्दों को सदन में रखने की अपील करते हुए कहा कि स्वस्थ चर्चा से प्रदेश के विकास को गति प्रदान करने में सरकार की मदद करें।

विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना की अध्यक्षता में सर्वदलीय बैठक में नेता सदन एवं मुख्यमंत्री योगी ने विपक्षी दलों से सदन की कार्यवाही को सुचारू रूप से चलाने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने विपक्षी दलों के नेताओं से कहा कि जनहित के मुद्दों को सदन में रखें एवं स्वस्थ चर्चा कर प्रदेश में विकास को और गति प्रदान करने में सरकार का सहयोग करें। विधानसभा सत्र संचालन के संबंध में विधान भवन में सोमवार को सर्वदलीय बैठक हुई।

■ **मुख्यमंत्री ने सदन की कार्यवाही को सुचारू रूप से चलाने का किया अनुरोध**

# विवेक विश्वविद्यालय में खेलकूद प्रतियोगिता शुरू

### क्रिकेट में फाइनल में सिंधु हाउस ने बनाई जगह

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** विवेक विश्वविद्यालय बिजनौर में चार दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का आज शानदार आगाज हुआ। विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों को छह हाउस सिंधु हाउस, भाकर हाउस, मैरीकोम हाउस, राठौर हाउस, बिंद्रा हाउस एवं चोपडा हाउस में विभाजित किया गया। हाउस के नाम ओलम्पिक पदक विजेताओं पी.वी. सिंधु, मनुभाकर, मैरीकोम, राजवर्धन राठौर, अभिनव बिंद्रा एवं नीरज चोपडा पर रखे गये।







आज स्पर्धा प्रतियोगिता का शुभारम्भ विश्वविद्यालय के कुलाधिपति अमित गोयल, प्रतिकुलाधिपति दीपक मित्तल, कोषाध्यक्ष धर्मेन्द्र अग्रवाल, प्रसाश. निक निदेशक डॉ. ओपी गुप्ता, कुल. पति डा. एनके गुप्ता एवं सभी विभागाध्यक्षों द्वारा संयुक्त रुप माँ सरस्वती के पूजन किया। तदुपरान्त कुलाधिपति अमित गोयल द्वारा मशाल प्रज्जवलित कर खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया।

प्रतियोगिता के प्रारम्भ में सभी हाउसों द्वारा परेड का संचालन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के छात्र/छात्राओं अश्मिता, मानवी, रितिका, परी, मनु, रिया, अंबिका, शालू, अदिति, वर्णिका, भूमि, वंशिका, शिवानी, तृप्ति, रिया, जिया, हर्षिता, कुम-कुम, मेघा, इशिका, भूमिका, एश्वर्या, खुशी, हंशिका, सृष्टि, कनिष्का, मुस्कान, शिवानी, ओजस्वी, खुशी, आस्था, संजना, आर्यन सिंह, नारायण गौड़, रोहन वर्मा, प्रत्यूष चौहान, निखिल, शांतनु, आलोक सिंह, तरूण कोठवाल, कार्तिक सिंह, अभिनंदन, वैष्णवी मारवाड़ी, काव्या सिंह, अंशिका राजपूत, कनिका विश्वकर्मा, स्वीटी राठी, दीया आर्य द्वारा शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये।

प्रतियोगिता में क्रिकेट का सेमीफाइनल भाकर हाउस एवं सिंधु हाउस के बीच हुआ, जिसमें सिंधु हाउस ने पहले बल्लेबाजी करते हुये 12 ओवर में 111 रन का लक्ष्य दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी भाकर हाउस मात्र 12 ओवर में 98 रन पर ऑल आउट हो गयी। मैन ऑफ द मैच सिंधु हाउस के सुभान 81 रनों की ताबडतोड बल्लेबाजी करने पर मिला। मैच में एम्पायर की भूमिका पीयूष कुमार एवं नलिन अग्रवाल ने निभायी। क्रीडा अधिकारी मुकुल ने बताया कि कल कबड्डी, चैस, बैडमिंटन खो-खो एवं वालीबाल के प्रतियोगिता की जायेगी।

स्पर्धा प्रतियोगिता कार्यक्रम का संचालन नेहा सिंह, राशि एवं नेहा नासिर द्वारा संयुक्त रुप से किया गया। आयोजन को सफल बनाने में डा. मुकुल कुमार, डा. राजीव चौधरी, डा. सौरभ, डा. रंगानाथन, डा. दीप्ती डिमरी, डा. सर्वेश शीतल, डा. संजय त्यागी, डा. देबाशीष, डा. मीना, प्रांशु कुमार, डा. रिजवान अहमद, डा. विशाल चौहान, ईला सिंह, विश्वजीत आदि का विशेष सहयोग रहा।

# नोटिस चस्पा करने के बाद भी नहीं चला अतिक्रमण अभियान

### जाम व अतिक्रमण से कांवड़तियों को होगी परेशानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** नहटौर नगर के चौराहों पर अतिक्रमण रहने से नागरिकों के लिए मुसीबत का जंजाल बना हुआ है, जिससे आवागमन में बड़ी किल्लत का सामना करना पड़ता है। इस अतिक्रमण को हटाने के लिए प्रशासन द्वारा बनाई गई योजना मात्र हवाई घोषणा बनकर रह गई है जबकि नहटौर कोतवाली मार्ग से नहटौर नूरपुर व पैजानिया मार्ग पर कांवड़ यात्रा प्रारंभ होनी है।

मुरादाबाद मंडल आयुक्त द्वारा चौराहों पर अतिक्रमण हटाने के लिए तथा साप्ताहिक बाजारों को बंद करने के निर्देश दिए गए थे। इसी सापेक्ष में नगर पालिका नहटौर ने नहटौर के हल्दौर चौराहा, झालू चौराहा, ऐंजसी चौराहा, पीर की चुंगी, शानदार मार्केट सहित अन्य स्थानों से अतिक्रमण हटाने के लिए प्रचार प्रसार कराकर पांच स्थानों को चिन्हित करके उन स्थानों पर नोटिस चस्पा करके 3 दिन का समय देकर अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए। इसी क्रम में प्रशासन द्वारा दी गई समय अवधि समाप्त होने के बाद भी अतिक्रमण हटाओ अभियान प्रशासन द्वारा प्रारंभ नहीं कराया गया, जबकि नहटौर कोतवाली मार्ग से कांवड यात्रा प्रारंभ होनी है। इस मार्ग पर अभी तक अतिक्रमण हटाने के लिए कोई भी कार्रवाई नहीं की गई है, जिसके चलते कांवड़ यात्रियों को हल्दौर चौराहा, झालू चौराहा पर लगने वाले जाम व अतिक्रमण से काफी परेशानी उठानी पड़ेगी। नागरिकों ने जनहित की समस्या को दृष्टिगत रखते हुए कांवड़तियों की सुरक्षा के लिए अतिक्रमण हटाने की मांग की है ताकि कांवड़ यात्रा सुरक्षित निकाल सके। नायब तहसीलदार विजय कुमार का कहना है कि पूरे नगर क्षेत्र में अतिक्रमण अभियान कांवड़ यात्रा के बाद चलाया जाएगा। साथ ही हल्दौर चौराहा, झालू चौराहे पर अतिक्रमण पुलिस का सहयोग लेकर हटवाया जाएगा।

# नहटौर से 250 शिक्षकों की बोर्ड में लगी ड्यूटी

### शिक्षामित्रों पर होगी शिक्षण कार्य की जिम्मेदारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** क्षेत्र में आगामी 24 फरवरी से कक्षा 12 व कक्षा 10 की होने वाली बोर्ड की परीक्षाओं के लिए बेसिक प्राइमरी विद्यालयों से जिला विद्यालय निरीक्षक ने 250 अध्यापक अध्यापिका की ड्यूटी लगाने के लिए नहटौर खंड शिक्षा अधिकारी से अध्यापक मांगे, जिसमें 250 शिक्षक शिक्षिकाओं की ड्यूटी लगने के बाद विकास खंड क्षेत्र में संचालित 117 विद्यालयों में स्कूल के प्रधानाध्यापक व शिक्षामित्रों पर ही शिक्षण कार्य की जिम्मेदारी होगी।

जानकारी के अनुसार ब्लॉक क्षेत्र में कक्षा 12 व कक्षा 10 बोर्ड की परीक्षाएं 24 फरवरी से प्रारंभ होगी। बोर्ड की परीक्षा शांतिपूर्ण कराने के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक ने नहटौर विकासखंड क्षेत्र मे 599 शिक्षक शिक्षिकाओं में से 250 शिक्षक शिक्षिका की मांग के लिए पत्र द्वारा जिला विद्यालय निरीक्षक ने अवगत कराकर ड्यूटी सूची मांगी है जिस पर खंड शिक्षा अधिकारी शेर सिंह ने बताया कि विकासखंड क्षेत्र के अंतर्गत 170 विद्यालय संचालित है, जिसमें 33 विद्यालय पूर्व माध्यमिक विद्यालय है तथा 170 बेसिक प्राइमरी विद्यालय संचालित है। 599 शिक्षक शिक्षिकाएं कार्यरत है। जिसमें जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा मांगी गई 250 अध्यापक अध्यापिका की सूची में एक विद्यालय से 2 शिक्षकों को लिया जा रहा है।

साथ ही जिन विद्यालयों में एक ही शिक्षक है उस विद्यालय से शिक्षक को नहीं लिया जाएगा तथा विद्यालयों में 188 शिक्षामित्र कार्यरत है, जिनकी ड्यूटी नहीं लगाई गई है उन्हें विद्यालय में तथा एक प्रधानाध्यापक को शिक्षण कार्य के लिए रखा जाएगा। परीक्षा के दौरान शिक्षण कार्य की जिम्मेदारी दोनों की होगी।

# धर्मेंद्र पारस ने किया रेस्टोरेंट का उद्घाटन

### गुणवत्तायुक्त मिलेंगे व्यंजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** नगर में एक और रेस्टोरेंट नगीना रेस्टोरेंट की शुरुआत हुई। ग्राम जीतपुर पलड़ी निवासी बेकरी कारोबारी नूर अली ने बिजनौर रोड पर डबल फटक पार रेस्टोरेंट की शुरुआत की है।

रेस्टोरेंट का उद्घाटन सोमवार की दोपहर विधायक नगीना मनोज पारस के भाई धर्मेंद्र पारस ने फीता काटकर किया। उद्घाटन के मौके पर जुटे लोगों को धर्मेंद्र पारस ने संबोधित भी किया। उन्होंने कहा कि नगीना नगर अब होटल और रेस्टोरेंट हब के रूप में विकसित हो रहा है, ऐसा नगर के विकसित होने का सूचक है। इससे नगर के लोगों और नगीना आने वाले लोगों को सेवाएं मिलेंगी।



रेस्टोरेंट को आधुनिक इंटीरियर, फर्नीचर व सुविधाओं से लैस वातानुकूलित बनाया गया है। रेस्टोरेंट संचालक नूर अली ने बताया कि लोग परिवार और दोस्तों के साथ इंडियन, साउथ, चाइनीज व्यंजनों के अलावा चाय, काफी, पकौड़ी के साथ स्वादिष्ट मिठाइयों और व्यंजनों का आनंद ले सकेंगे। उन्होंने उपस्थित लोगों को यह विश्वास दिलाया कि यहां व्यंजन की गुणवत्ता से किसी तरह का समझौता नहीं किया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि ग्राहकों की संतुष्टि उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि बनाने से लेकर सर्व करने वाले कर्मचारी ट्रेंड व अनुभवी हैं और रेस्टोरेंट में छोटी पार्टी के लिए भी जगह उपलब्ध है। उपस्थित लोगों ने प्रतिष्ठान की गुणवत्ता की प्रशंसा करते हुए कहा कि लंबे समय से इस इलाके में इस तरह की दुकान की आवश्यकता महसूस की जा रही थी।

इस उद्घाटन कार्यक्रम के अवसर पर नूर अली, रईस अंसारी, अब्दुल रशीद अंसारी, सरताज अहमद, विक्की जैन, साहू कपिल अग्रवाल, उस्मान कुरैशी, उस्मान जैदी, बाबू भाई लाठी वाले, नफीस मेंबर, मौहम्मद तारिक, बदर मुनीम, राशिद मेंबर, मौहम्मद हबीब अहमद आदि लोग मौजूद रहे।

## एक नजर

### ऑयल मशीन का शुभारंभ

**नजीबाबाद।** आदर्शनगर में संस्कृति फाऊंडेशन के संस्थापक व भाजपा पिछड़ा मोर्चा सोशल मीडिया के जिला प्रमुख रितेश सैन ने कोल्ड प्रेस आयल मशीन का शुभारंभ किया है। इससे लोगों को शुद्ध पीली सरसों तेल, बादाम तेल, अलसी तेल, तिल तेल का उत्पादन हो सकेगा। इस बारे में रितेश सैन ने बताया कि उनका लक्ष्य प्रत्येक व्यक्ति को शुद्ध तेल मिले। जिससे उसका स्वास्थ्य से खिलवाड़ ना हो। भाजपा नेता चौधरी ईशम सिंह ने कहा कि आज कल तेलों के नाम पर न जाने हम क्या-क्या खा रहे है। इसका सीधा असर हमारे स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। इस अवसर पर भाजपा की वरिष्ठ नेत्री श्रीमती इंदू त्यागी, अरविंद विश्वकर्मा, सुनीता त्यागी, शिवाजी ठाकुर, वैष्णवी ठाकुर, आसाराम त्यागी आदि मौजूद रहे।

### बाइक सवार चाचा-भतीजा घायल

**नहटौर।** गांव महुआ निवासी जीशान व शाद बाईक से जा रहे थे। सोमवार की दोपहर को नहटौर शादीपुर मार्ग पर गांव बच्चेवाला के पास अज्ञात वाहन ने उनकी बाईक में टक्कर मार दी, जिसमे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने मदद करते हुए घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। दोनों को जिला अस्पताल रैफर किया गया है।

### योग एवं आपदा प्रबंधन की जानकारी दी




**चांदपुर।** गुलाब सिंह हिंदू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के चतुर्थ दिवस को योग एवं आपदा प्रबंधन के रूप में मनाया गया। शिविर मोहल्ला सरायरफी तथा छात्रा इकाई का मोहल्ला विवेक नगर में आयोजित किया जा रहा है। आज प्रथम पहर में छात्र-छात्राओं ने परियोजना अधिकारी डॉ. ज्ञानेंद्र सिंह एवं डॉ. मीनाक्षी चौहान के निर्देशन में महाविद्यालय में साफ सफाई की। शारीरिक शिक्षा विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर सन्नी कुमार द्वारा छात्र-छात्राओं को योग कराया गया तथा योग एवं प्राणायाम के विषय में जानकारी दी गई कि किस प्रकार योग द्वारा हम अपने आप को विभिन्न प्रकार की बीमारियों से बचा सकते हैं। कार्यक्रम के द्वितीय पहर में शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर अशोक कुमार द्वारा छात्र-छात्राओं के लिए आपदा प्रबंधन विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। छात्र छात्राओं को विभिन्न प्रकार की आपदाओं जैसे दैवीय आपदा एवं मानव निर्मित आपदा के बारे में विस्तार से बताते हुए उन्होंने कहा कि कैसे अच्छे प्रबंधन द्वारा आपदाओं से बचाव किया जा सकता है। उन्होंने छात्र छात्राओं से अपनी अपनी जिम्मेदारियों को समझने और उनका निर्वहन करने का आग्रह किया। इस अवसर पर वरिष्ठ लिपिक राजेश श्रीवास्तव सहित समस्त स्टाफ का भी विशेष सहयोग रहा।

### दो दिवसीय प्रशिक्षण आज से

**कासमपुर गढ़ी।** आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का वंडर बॉक्स दो दिवसीय प्रशिक्षण राखी मेमोरियल कॉलेज आसफाबाद में कल (आज) से शुरू होगा। बाल विकास परियोजना अधिकारी रीता देवी ने बताया कि राज्य परियोजना निर्देशक कार्यालय निशातगंज लखनऊ व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बिजनौर के निर्देशानुसार लोकेटड आंगनबाड़ी कार्यकत्री व नोडल अध्यापकों के वंडर बॉक्स का ब्लॉक स्तरीय दो दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया जाएगा, जिसमें विकास क्षेत्र अफजलगढ़ की 94 को लोकेटड आंगनबाड़ी कार्यकत्री व नोडल अध्यापकों का दो दिवसीय प्रशिक्षण राखी मेमोरियल आसफाबाद में किया जाएगा।

# नेस्ट मेकिंग कॉम्पिटिशन में मुस्कान प्रथम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कृष्णा कालेज बिजनौर के प्रांगण में छात्र-छात्राओं को प्रकृति और पक्षिओं के महत्व के बारे में जागरूक करने के उद्देश्य से नेस्ट मेकिंग कॉम्पिटिशन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ आज के मुख्य अतिथि बिजनौर जिला वन अधिकारी ज्ञान सिंह, भारतीय जनता पार्टी की वरिष्ठ महिला नेता मंजू चौधरी, पंकज भारद्वाज, कालेज के संस्थापक राजीव कुमार, प्रबंधक मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, लॉ कालेज प्राचार्य डा. परवेज अहमद खाँ,सांइस कालेज प्राचार्या डा. सीमा शर्मा, कालेज सलाहकार डा. एस.सी. जैन, फार्मेसी प्राचार्य डा. अंकित कुमार सैनी एवं डा.. दशरथ सिंह द्वारा किया गया।



कार्यक्रम के शुभारम्भ में मुख्य अतिथि बिजनौर जिला वन अधिकारी ज्ञान सिंह ने छात्र छात्राओं को पर्यावरण सरंक्षण के बारे में जानकारी दी और बताया की मानव निर्मित घोसले लुप्तप्राय पक्षी प्रजातिओं के सरंक्षण में मदद कर सकते हैं, क्योंकि वे उन्हें संरक्षित आवास प्रदान करते हैं। उन्होंने बताया की पक्षिओं के घोसलों का अध्ययन करके वैज्ञानिक उनकी प्रजातियों, आवासों और व्यवहार के बारे में महत्वपूर्ण जानक. ारी प्राप्त कर सकते हैं।

वन अधिकारी ज्ञान सिंह ने विद्यार्थियों के द्वारा बनाए गए गौरैया के घोसलों की बहुत प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि कालेज के द्वारा इस प्रकार के कराए गए कार्यक्रम वास्तव में प्रशंसा के योग्य हैं। उन्होंने यह भी बताया कि गौरैया सबसे प्राचीन पक्षी प्रजातियों में से है। एक समय हुआ करता था कि गौरैया की ची-ची की आवाज के द्वारा ही आंखें खुला करती थी। भोर हुआ करती थी परंतु आज पेड़ों की अंधाधुंध कटाई, शहरीकरण, कृषि पद्धतियों में हुए बदलाव व मोबाइल टावरों से निकलने वाले रेडियेशन के कारण आज गौरैया व अन्य पक्षी विलुप्त होने के कगार पर है जो की संपूर्ण मानव जाति के लिए तथा जैव विविधता के लिए बहुत बड़ा खतरे का संकेत है। गौरैया पारिस्थितिकी तंत्र में अपना एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। जैव विविधता को बनाने में यह बीजों का उपयोग करती है एवं बीजों को फैलाती है, जिससे वनस्पति फलती फूलती हैं।

कृष्णा कालेज प्रत्येक वर्ष गौरैया संरक्षण कार्यक्रम का आयोजन करता है। जिससे कि विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता, पशु पक्षियों के प्रति दया, करुणा, पर्यावरण के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण उत्पन्न हो सके।

विद्यार्थिओं ने विभिन्न प्रकार की प्राकृतिक सामग्री जैसे नारियल जूट, बांस, कपास आदि का उपयोग करके चिड़ियों के घोसलें बनाये। कार्यक्रम में निर्णायक मंडल की भूमिका मुख्य अतिथि जिला वन अधिकारी ज्ञान सिंह, भारतीय जनता पार्टी की वरिष्ठ महिला नेता मंजू चौधरी, पंकज भारद्वाज ने निभाई। चिडियों के लिए घोसला बनाने की प्रतियोगिता में मुस्कान अंसारी ने प्रथम, गौरी ने द्वितीय तथा इलमा जफर ने तृतीय स्थान ने प्राप्त किया। कार्यक्रम का सफल संचालन सांस्कृतिक समिति संयोजिका डा. दीपशिखा अग्रवाल द्वारा किया गया।

प्रतियोगिताओं के सफल आयोजन में डा. पूनम गुप्ता, डा. शोमा सिंह, श्रीमति अंशिका राव, प्रतिमा, आयशा, कंचन, युशरा का विशेष योगदान रहा।

# अन्नदाता किसान यूनियन के कार्यालयों का उद्घाटन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** ग्राम मँझेड़ा शकरू में युवा जिलाध्यक्ष एडवोकेट सुहैल राजा और विधानसभा अध्यक्ष बढ़ापुर नईम मंसूरी ने अन्नदाता किसान यूनियन का कार्यालय बनाया, जिसमें मुख्य अतिथि अल्पसंख्यक प्रदेश अध्यक्ष आलमगीर उस्मानी ने फीता काटकर उद्घाटन किया।

इस मौके पर सुहैल राजा और नईम मंसूरी ने सभी से किसानों के हक की लड़ाई लड़ने के लिए सहयोग की अपील की।

इस मौके पर पहुंचे जिला उपाध्यक्ष गुरपेज सिंह, नगीना तहसील उपाध्यक्ष तिर्वेश कुमार, तहसील प्रभारी तरुण कुमार, महिला जिला संरक्षक फरहा नाज, नगीना नगर सचिव शहजाद अहमद, ब्लॉक अध्यक्ष फहीम उस्मानी, तहसील अध्यक्ष राजेंद्र कुमार, इंतेखाब अहमद, कय्यूम अहमद, मौ. राशिद, नजाकत अली, मौ. नोमान, मौ. ताहिर, मौ. इरफान, राशिद वकील आदि उपस्थित रहे। साथ ही पुलिस चौकी का स्टाफ भी मौजूद रहा।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**रिस्पना व...** के अन्दर स्थित जन सेवाओं जैसे विद्युत लाइन, हाई टेंशन लाइन, सीवर लाइन का नदी से बाहर विस्थापन होना है। एलिवेटेड रोड के साथ नदी के दोनों किनारों पर रिटेनिंग वॉल और निर्माण और बाढ़ सुरक्षा का कार्य किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि राज्य में जो भी विकास के कार्य किए जा रहे हैं, उनका आउटपुट धरातल पर दिखे। कार्यों की गुणवत्ता और समयबद्धता का विशेष ध्यान रखा जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी राजजात यात्रा के लिए भी तैयारी शुरू की जाए। उन्होंने मुख्य सचिव को निर्देश दिए कि यूआईआईडीबी, देहरादून एलिवेटेड रोड, गढ़वाल और कुमाऊं की कनेक्टिविटी के कार्यों, मानसखंड मंदिर माला मिशन, आगामी नंदा राजजात की तैयारियों कीी नियमित समीक्षा की जाए। मुख्यमंत्री भी समय-समय पर इनकी समीक्षा करेंगे। बैठक में राज्य अवस्थापना अनुश्रवण परिषद के उपाध्यक्ष विश्वास डाबर, मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, प्रमुख सचिव आरके सुधांशु, प्रमुख वन संरक्षक धनंजय मोहन, सचिव शैलेश बगोली, नितेश झा, डा. पंकज कुमार पांडेय, वी. षणमुगम, एसएन पांडेय, डा. आर. राजेश कुमार, रणवीर सिंह चौहान, जिलाधिकारी देहरादून सविन बंसल, उपाध्यक्ष एमडीडीए बंशीधर तिवारी, एसएसपी देहरादून अजय सिंह, नगर आयुक्त नमामि बंसल व संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

**इकोलॉजी एवं...** जल स्रोतों को पुनर्जीवित करने के प्रयासों को बल मिलेगा, वहीं जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए कार्ययोजना बनेगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार स्प्रिंग शेड मैनेजमेंट और जलवायु संरक्षण की दिशा में प्राथमिकता से कार्य कर रही है। पर्यावरण संतुलन और जैव विविधता बनाए रखने के लिए इकोनॉमी और इकोलॉजी के बीच समन्वय बनाकर कार्य किए जा रहे हैं। राज्य में जीडीपी की तर्ज पर जीईपी इंडेक्स तैयार कर जल, वन, भूमि और पर्वतों के पर्यावरणीय योगदान के आकलन के प्रयास किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड देश का एक महत्वपूर्ण वाटर टावर भी है। यहां के ग्लेशियर पानी के अविरल स्रोत हैं। इस अवसर पर नीति आयोग के सदस्य डा. वीके सारस्वत, मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, नीति आयोग के सलाहकार सुरेन्द्र मेहरा, प्रमुख वन संरक्षक धनंजय मोहन, उप निदेशक आईसीआईएमओडी इजाबेल, निदेशक एनआईएचई प्रो. सुनील नौटियाल उपस्थित थे।

**पूजा स्थलों...** की। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बावजूद केंद्र सरकार ने अभी तक अपना हलफनामा दाखिल नहीं किया, जिस पर इस कानून के विरोध में याचिका दायर करने वाले वकीलों ने नाराजगी व्यक्त की। इस पर सीजेआई ने कहा कि पहले याचिकाओं के दाखिले की प्रक्रिया पूरी हो जाए, उसके बाद केंद्र सरकार सभी याचिकाओं पर एक साथ हलफनामा दाखिल करेगी।सोमवार को अदालत में जमीयत उलमा-ए-हिंद के वकील एडवोकेट ऑन रिकॉर्ड एजाज मकबूल (नोडल काउंसिल) ने अब तक इस मामले में दायर सभी याचिकाओं का सारांश प्रस्तुत किया, जिसे सीजेआई ने स्वीकार किया। जमीयत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने सोमवार की कानूनी कार्रवाई पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि स्टे को बरकरार रखने का निर्णय बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि इससे सां. प्रदायिक ताकतों की उकसाने वाली गतिविधियों पर रोक लगी रहेगी। उन्होंने कहा कि यह एक अत्यंत संवे. दनशील और महत्वपूर्ण मामला है, क्योंकि इस कानून के बने रहने से ही देश की एकता और भाईचारा सुरक्षित रह सकता है। उन्होंने आगे कहा कि सांप्रदायिक ताकतों ने एक बार फिर अपने उग्र इरादों को उजागर कर दिया है, और निचली अदालतों द्वारा इस तरह के मामलों में दिए गए गैर-जिम्मेदाराना फैसलों से स्थिति और भी खराब हो गई है। मौलाना मदनी ने कहा कि बाबरी मस्जिद मामले में आए फैसले को हमने भारी मन से स्वीकार किया था, यह सोचकर कि अब मंदिर-मस्जिद का कोई विवाद नहीं रहेगा और देश में शांति एवं भाईचारे का माहौल बनेगा, लेकिन हमारा यह विश्वास गलत साबित हुआ। उन्होंने अंत में कहा कि हमारी आखिरी उम्मीद न्यायपालिका है। हमने अपनी कानूनी लड़ाई के माध्यम से कई बड़े मामलों में न्याय हासिल किया है, इसलिए हमें पूरा भरोसा है कि इस महत्वपूर्ण मामले में भी न्याय की जीत होगी। संभल की शाही जामा मस्जिद घटना और अजमेर दरगाह पर हिंदुओं के दावे के संदर्भ में जमीयत उलमा-ए- हिंद द्वारा इबादतगाहों के संरक्षण कानून को लेकर दाखिल याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई करते हुए मुस्लिम इबादतगाहों के खिलाफ चल रहे मुकदमों पर तत्काल रोक लगा दी थी और निचली अदालतों को नए मुकदमे दर्ज करने से भी मना कर दिया था। साथ ही, मुस्लिम इबादतगाहों के सर्वेक्षण पर भी रोक लगा दी गई थी और निचली अदालतों को किसी भी प्रकार का अंतिम निर्णय देने से मना किया गया था। सोमवार को अदालत में जमीयत उलमा-ए-हिंद की ओर से सीनियर एडवोकेट यूसुफ हातिम मच्छाला, एडवोकेट वृंदा ग्रोवर, एडवोकेट आन रिकार्ड एजाज मकबूल, एडवोकेट शाहिद नदीम, एडवोकेट सैफ जिया आदि मौजूद थे।

उत्तर रेलवे
निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियंता/समन्वय द्वारा निम्नलिखित ई-टेन्डर संख्या जिनके बंद होने की तिथि व समय प्रत्येक सामने अंकित है। जो उसी दिन 16:00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। निम्नलिखित टेन्डर संख्या के अर्न्तगत आमंत्रित किये जाते है। निविदा की धरोहर राशी का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार नहीं होगा। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| टेन्डर संख्या | 326-DRM-MB-24-25, Dt : 07.02.2025 |
|---|---|
| कार्य का नाम | Pre and post attention work for deep screening by BCM, Manual deep screening of turn out and plain track, pre & post attention work during T/out tamping with machine & other allied work over MB division under DEN/Track/MB |
| टेन्डर क्लोसिंक दिनांक | 13.03.2025 |
| टेन्डर क्लोसिंक समय | 16:00 hrs |
| अनुमानित लागत | 1,99,98,904/- |
| धरोहर राशि | 2,50,000/- |
| टेन्डर फार्म की लागत | Nil |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 12 माह |
| बिडिंग आरंभ तिथि | 27.02.2025 |

टेन्डर नं. 75/W/2/3/WA/DEN/Track/T.Notice दिनांक : 17.02.2025 543/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे
निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/II/मुरादाबाद द्वारा ई-टेंडर संख्या के अंतर्गत आमंत्रित किये जाते हैं। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चेक डिपॉजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होगा। टेंडर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| टेंडर संख्या/तिथि | 312-DRM-MB-24-25 Date: 17.02.2025 | 329-DRM-MB-24-25 Date: 17.02.2025 | 332-DRM-MB-24-25 Date: 17.02.2025 |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | Cess Widening, Repair of Embankment and Strengthening of Bridge Approaches in ON-BLM section as per latest IRPWM under Jurisdiction of ADEN-II-HRI. | Miscellaneous Bridge works in the Section of ADEN/HRI/III under DEN/II/MB. | Heavy repair to level crossings Gate Lodge, Flooring, Plastering, Painting and other misc. works in the section of DEN-II-MB. |
| टेंडर क्लोजिंग दिनांक/समय | 17.03.2025/16:00 | 17.03.2025/16:00 | 17.03.2025/16:00 |
| अनुमानित लागत(₹) | ₹1,49,98,346.32 | ₹94,98,562.20 | ₹69,98,603.79 |
| धरोहर राशि(₹) | ₹2,25,000.00 | ₹1,90,000.00 | ₹1,40,000.00 |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 03.03.2025 | 03.03.2025 | 03.03.2025 |
| ऑफर की वैधता | 60 दिन | 60 दिन | 60 दिन |
| टेण्डर कॉस्ट | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 09 माह | 12 माह | 06 माह |

टेंडर नं.: 75-W/2/3/WA/Publication दिनांक.: 17.02.2025 537/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालयः
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# पिकअप की टक्कर से स्कूटी सवार की मौत

## शादी के कार्ड बांट कर लौटते समय हुआ हादसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नूरपुर।** शादी के कार्ड बांट कर लौट रहे स्कूटी सवार युवक को तेज रफ्तार पिकअप गाड़ी ने टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।

थाना क्षेत्र के गांव पीपला जागीर निवासी रविन्द्र कुमार 25 वर्ष पुत्र विनोद कुमार अपनी शादी के कार्ड वितरण कर सीएचसी से आ रहा था। जैसे ही वह रिलायंस पेट्रोल पंप के निकट पहुंचा तो सामने से आ रही तेज



रफ्तार पिकअप गाड़ी चालक ने लापरवाही से चलाते हुए उसकी स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे रविन्द्र की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। पुलिस ने शव को कब्ज में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। मृतक अपने परिवार का इकलौता पुत्र था। अपने पीछे मां-बाप सहित तीन बहनों को रोता बिलखता छोड़ गया। पिकअप चालक ने इसी हादसे में चांदपुर थाना क्षेत्र के गांव खेडकी निवासी अनिल कुमार (45 वर्ष) पुत्र जोगराज सिंह की भी मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रैफर कर दिया। रविन्द्र कुमार की अचानक की मौत से मां बाप व बहनों का सदमे से बुरा हाल है। दो दिन बाद ही रविन्द्र कुमार की शादी थी। उसकी शादी की खुशी मातम में बदल गई। गांव में हर तरफ उदासी छाई हुई है।

# किशोरी बरामद करने को रुद्रपुर पुलिस की छापेमारी

## किशोरी ना मिलने पर आरोपी युवक की मां को साथ ले गई पुलिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** उत्तराखंड के रुद्रपुर निवासी किशोरी को नगर निवासी अल्पसंख्यक समुदाय का एक युवक बहला फुसला कर अपने साथ ले आया। किशोरी के परिजनों ने उत्तराखंड थाने में अगवा करने की रिपोर्ट दर्ज करा दी। आरोपी युवक की तलाश में रुद्रपुर पुलिस ने धामपुर में छापेमारी की। इस दौरान आरोपी युवक तथा किशोरी का तो कुछ पता नहीं चला। रुद्रपुर पुलिस बाद में आरोपी की मां को ही पूछताछ के लिए हिरासत में लेकर रवाना हो गई है।

बताया जाता है कि धामपुर के मोहल्ला साहूवान निवासी एक युवक उत्तराखंड के रुद्रपुर में मजदूरी करने गया था। आरोप है कि युवक ने रुद्रपुर निवासी 13 वर्षीय किशोरी को अपने प्रेम जाल में फंसा लिया तथा कुछ दिन पहले किशोरी को बहला फुसला कर रुद्रपुर से फरार होकर धामपुर आ गया। धामपुर में कई दिन रुकने के दौरान बीते दिनों युवक की मां ने किशोरी तथा युवक को घर से कहीं और भेज दिया।

उधर किशोरी की तलाश में सोमवार को रुद्रपुर पुलिस ने धामपुर के मोहल्ला साहूवान में आरोपी के घर पर दबिश दी। पुलिस को सूचना मिली कि युवक को फरार करने में उसकी मां का हाथ है। इस पर रुद्रपुर पुलिस आरोपी युवक की मां को ही हिरासत में लेकर रवाना हो गई। युवक की मां को हिरासत में लेकर रवाना होने का मामला मोहल्ले में चर्चा का विषय बना है। वहीं इस बात की जानकारी नगर में सक्रिय हिंदूवादी संगठनों को नहीं होना चिंता का विषय है।

# पूर्व सपा जिला अध्यक्ष राशिद व रफी सैफी का कोर्ट में सरेंडर

## कोर्ट ने नहीं दी जमानत भेजा जेल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** पूर्व सपा जिला अध्यक्ष राशिद हुसैन एवं जिला पंचायत की पूर्व चेयरपर्सन नसरीन सैफी के शौहर रफी सैफी ने आज एक पुराने मामले में अपर सिविल जज सीनियर डिवीजन की कोर्ट में सरेंडर कर दिया। कोर्ट ने दोनों को जमानत नहीं दी और उन्हें जेल भेज दिया गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार पूर्व में जिला पंचायत चुनाव को लेकर खींचतान हुई थी। जिला पंचायत सदस्यों का अपहरण कर उत्तराखण्ड से ले जाए जाने का आरोप भी लगा था। इस मामले में सपा के कई बड़े नेता उत्तराखण्ड की पौड़ी जेल में भी रहे थे। बाद में छतर सिंह सेकेट्री पुत्र शौनाथ सिंह निवासी ग्राम आसपुर नवादा व हॉल निवासी ग्राम रशीदपुर गढ़ी ने न्यायालय अपर सिविल जज जूनियर डिवीजन/ न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम के यहां परिवाद संख्या 588/2020 दायर किया था। जिसमें पूर्व मंत्री मूल चन्द्र चौहान पुत्र नौबत सिंह, मंत्री पुत्र अमित चौहान, कपिल गुर्जर पुत्र मलखान निवासी ग्राम भगौता, थाना शेरकोट, सपा के पूर्व जिला अध्यक्ष व झालू के पूर्व चेयरमैन राशिद हुसैन पुत्र मौहम्मद इदरीस, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष नसरीन सैफी के शौहर रफी सैफी पुत्र मौहम्मद सद्दीक निवासी ग्राम रसूलपुर नंगला एवं पूर्व मंत्री मनोज पारस पुत्र अमर सिंह निवासी मौहल्ला अम्बेडकर नगर, थाना नगीना को आरोपी बनाया गया था। आईपीसी की धारा 307, 323, 504, 506, 147, 148 एवं 149 में परिवाद दर्ज किया गया था। परिवाद में छतर सिंह ने कहा था कि 29 सितम्बर 2020 को दोपहर बाद करीब पौने चार बजे वह स्कूटी से अपनी रिश्तेदारी में ग्राम गंगोड़ा जट जा रहा था। उसकी स्कूटी पर पीछे लवी पुत्र नरेन्द्र बैठा हुआ था। जब उसने रेलवे फाटक पार किया, तो पीछे से गाड़ी संख्या यूपी 20 बीसी 6666 आ रही थी। उसे देख कर गाड़ी के चालक ने आगे निकल कर अपनी गाड़ी को रोक लिया। जब वह गाड़ी के पास पहुंचा, तो मूलचंद, कपिल गुर्जर, राशिद हुसैन, रफी सैफी, अमित व मनोज पारस ने गंदी-गंदी गालियां देते हुए स्कूटी को रोक लिया। मूल चंद ने कहा कि साले हमारे खिलाफ मुकदमे की पैरवी क्यों कर रहा है। तूने ही प्रकाश मेहरा से हमारे खिलाफ नैनीताल हाई कोर्ट में अपील डलवाई है। राशिद हुसैन ने कहा कि साले को खत्म कर दो। मूलचन्द ने भी कहा कि इसे खत्म कर दो। प्रार्थी का एक हाथ मनोज पारस ने और दूसरा हाथ रफी सैफी ने पकड़ लिया। जान से मारने की नीयत से अमित ने उसके सीने में चाकू घुसा दिया। उसने शोर मचाया और नीचे गिर गया। रफी सैफी, कपिल गुर्जर और मनोज पारस ने उसे डण्डों से मारा। इसके बाद वह भाग गए। विपिन पुत्र रूपचंद्र, सहदेव पुत्र चरन, सतेन्द्र पुत्र करन एवं दीपक पुत्र मुनीम मौके पर आ गए। जिन्होंने घटना देखी। यह उसे थाने ले गए। थाने से उसे अस्पताल भेज दिया गया। गंभीर हालत देखते हुए उन्हें अस्पताल में भर्ती किया गया। अस्पताल से छुट्टी होने के बाद जब वह रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए थाने पहुंचा, तो पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। बताते हैं कि इस मामले में पूर्व मंत्री मूलचंद चौहान को हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली थी। जबकि अमित चौहान व कपिल गुर्जर ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया था। कोर्ट ने उन्हें जेल भेज दिया था। बाद में उनकी जमानत हो गई थी। आज इस मामले में सपा के पूर्व जिला अध्यक्ष राशिद हुसैन एवं पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रफी सैफी ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया। अपर सिविल जज सीनियर डिवीजन शांतनु त्यागी ने उन्हें जमानत न देकर जेल भेज दिया है। सूत्र बताते है कि इस मामले में सिर्फ पूर्व मंत्री मनोज पारस ने ही अभी कोर्ट में सरेंडर नहीं किया है। सूत्र बताते है कि पूर्व जिला अध्यक्ष राशिद हुसैन व रफी सैफी को शीघ्र ही दूसरी कोर्ट से जमानत मिल सकती है।

# माध्यमिक विद्यालयों के आऊट सोर्सिंग कर्मियों को पांच माह से वेतन नहीं मिला

**बिजनौर।** जनपद के माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत सैकड़ों आऊटसोर्सिंग कर्मचारियों को पिछले पांच माह से वेतन नहीं मिलने से परिवार भुखमरी के कगार पर है। पीछे जवाब बनाकर दीपावली पर्व पर वेतन मिलने से घरों में चिराग जले थे। माध्यमिक शिक्षणेत्तर संघ ने जिलाधिकारी व जिला विद्यालय निरीक्षक बिजनौर से जनपद के आऊट सोर्सिंग कर्मचारियों को पांच माह का वेतन दिलाने व अग्रिम वेतन अनुदान दिलाने की मांग की है।माध्यमिक शिक्षणेत्तर संघ के जिलाध्यक्ष मुकेश सिन्हा, कार्यकारी अध्यक्ष अंशुल शर्मा, जिला मंत्री योगेश कुमार, कोषाध्यक्ष जिवेन्द्र कुमार ने जिलाधिकारी व जिला विद्यालय निरीक्षक बिजनौर को पत्र भेजकर जनपद के माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत आऊट सोर्सिंग कर्मचारियों को लंबित पांच माह का वेतन दिलाए जाने की मांग की है। संघ के पदाधिकारियों ने बताया जनपद में मार्च 2024 से माध्यमिक विद्यालयों में सरकार द्वारा स्थाई कर्मचारियों की नियुक्ति न करके आऊटसोर्सिंग से कर्मचारियों की नियुक्ति सेवा प्रदाता कंपनी ए टू जेड बरेली के द्वारा की गयी है। लेकिन इन सैकड़ों कर्मचारियों के नियमित वेतन के लिए सरकार, सेवा प्रदाता कंपनी व विभागीय अधिकारी गंभीर नहीं है। माध्यमिक शिक्षणेत्तर संघ बिजनौर के द्वारा दीपावली पर्व पर जिला विद्यालय निरीक्षक, संयुक्त शिक्षा निदेशक मुरादाबाद व सेवा प्रदाता कंपनी पर दबाव बनाकर आउट सोर्सिंग कर्मचारियों को वेतन दिलवाया था। सितंबर 2024 तक का वेतन मिलने से इन कर्मचारियों के घर दीपक जल पाएं थे। अब पिछले पांच माह का वेतन नहीं मिला। आऊटसोर्सिंग कर्मचारियों को पहले ही कम वेतन मिलता है वह भी प्रत्येक माह नहीं मिलता है । आऊट सोर्सिंग कर्मचारियों का कर्मचारी वेतन न मिलने से परिवार का पालन करना मुश्किल हो गया है। लेकिन किसी भी स्तर से वेतन का भरोसा नहीं मिल रहा है। संघ के जिलाध्यक्ष मुकेश सिन्हा ने बताया शिक्षा विभाग के अधिकारी शासन से अनुदान न मिलने की बात कह रहे हैं। जब तक शासन से वेतन का अनुदान नहीं आता वेतन दिया जाना संभव नहीं है। मुकेश सिन्हा ने जिलाधिकारी व जिला विद्यालय निरीक्षक बिजनौर से आऊटसोर्सिंग कर्मचारियों को नियमित वेतन दिलाने के लिए शासन से अग्रिम बजट जारी कराने की मांग की है।

# युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

## परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हो गई। परिजनों ने तीन युवकों पर हत्या का आरोप लगाया है जबकि पुलिस मृतक की मौत दुर्घटना में होना मान रही है। मृतक के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है जबकि आरोपी तीनों युवक फरार है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम सराय ईम्मा निवासी असलम बेग का लगभग 28 वर्षीय पुत्र यासीन जयपुर में सराय इम्मा निवासी आवेश पुत्र इरफान नसीम उर्फ समीर मोहल्ला हलवाईयान



किरतपुर व अकरम पुत्र लाल निवासी चांदपुर की चुंगी बिजनौर के साथ रंग पेंटरी का काम करता था। परिजनों द्वारा पुलिस को दी गई तहरीर के अनुसार यह चारों युवक फिलहाल अपने अपने घर आए हुए थे। रविवार की शाम आवेश नसीम उर्फ समीर व अकरम मृतक यासीन को बुलाकर कहीं ले गए। इस दौरान यासीन का मोबाइल स्विच ऑफ आ रहा था। काफी देर बीतने के पश्चात जब यासीन का फोन बंद आने पर परिजनों को चिंता हुई तो उन्होंने यासीन को तलाश करना शुरू कर दिया। रात्रि लगभग 8:00 बजे यासीन का रक्त रंजित शव ग्राम बहुपूरा व ग्राम सिसौना के बीच पड़ा होने की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। वे शव को सरकारी अस्पताल किरतपुर ले गए, जहां से उसे पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भेज दिया गया।

सोमवार की सुबह दर्जनों ग्रामीण महिलाएं व पुरुष किरतपुर थाने पहुंचे और आवेश नसीम व अकरम के खिलाफ यासीन की हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी। जबकि थाना प्रभारी का कहना था कि पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने के बाद ही पता चलेगा कि यासीन की हत्या हुई है या उसकी मौत एक्सीडेंट में हुई है। इस बात को लेकर मृतक के परिजनों व पुलिस के बीच तीखी नोंक झोंक भी हुई।

बाद में समझाने बुझाने पर परिजन शव को अपने गांव ले गए जहां उसे सुपुर्द खाक कर दिया गया। यासीन की हत्या हुई है या एक्सीडेंट में मौत इस बात की चर्चा होती रही। फिलहाल तीनों आरोपी फरार है। पुलिस को पीएम रिपोर्ट का इंतजार है।

# किरतपुर के दिवाकर राजपूत को दस वर्ष की कठोर कैद

## पचास हजार रुपए का अर्थदण्ड

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** न्यायालय विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी एक्ट ने किरतपुर के दिवाकर राजपूत को जानलेवा हमला करने के मामले में दस वर्ष के सश्रम कारावास एवं पचास हजार रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार मण्डावर के मौहल्ला अफगानान निवासी अरूण कुमार पुत्र विजय कुमार ने 26 अक्टूबर 2021 को थाना किरतपुर में तहरीर दी थी कि उनकी बहन दीपा को उसके ससुरालियों द्वारा दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित करते हुए मारपीट की गई तथा षडयंत्र रच कर जान से मारने की नीयत से तेल छिड़क कर आग लगा दी गई। साथ ही जाति सूचक शब्दों का प्रयोग किया गया। तहरीर के आधार पर किरतपुर पुलिस ने धारा 498 ए, 323, 504, 120 बी, 326 आईपीसी एवं 3 (2) 5 एससी/एसटी एक्ट में दिवाकर राजपूत सहित पांच के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज की थी। विवेचना के बाद किरतपुर पुलिस ने न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया था। अभियुक्तों को सजा दिलाने के लिए किरतपुर पुलिस ने न्यायालय में प्रभावी पैरवी की थी। न्यायालय विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी एक्ट ने धारा 307 आईपीसी में अभियुक्त दिवाकर राजपूत को दस वर्ष के सश्रम कारावास एवं 50 हजार रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। अर्थदण्ड अदा न करने पर छह माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

## एक नजर

### बिजनौर में मुनीजा गिरफ्तार

**बिजनौर।** ग्राम झलरा की युवती के द्वारा ब्लैकमेलिंग से तंग आकर ट्रेन से टक कर आत्महत्या करने के मामले में ग्राम निवासी मुनीजा पत्नी शाहिद को धारा 108 बीएनएस में गिरफ्तार किया है। 15 फरवरी को वादी ने अभियुक्त सामुन पुत्र अय्यूबा, हुसैन पुत्र अय्यूबा निवासीगण ग्राम सुलतानपुर, थाना कोतवाली शहर, लक्सर, जनपद हरिद्वार (उत्तराखण्ड), शकीला पत्नी याकूब, मुनीजा पत्नी शाहिद एवं नमो पुत्री शाहिद निवासीगण ग्राम झलरा के विरूद्ध नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें कहा गया था कि अभियुक्तों के द्वारा उनकी पुत्री के कुछ फोटो ले लिए गए थे। जिन से अभियुक्तगण उनकी पुत्री को ब्लैकमेल कर रहे थे। जिससे तंग आकर उनकी पुत्री ने ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली थी।

### पिंजरा लगाने की मांग

**मंडावर।** बीती शाम पांच बजे के करीब ग्राम खानपुर माधो उर्फ तिम. रपुर निवासी रजत पुत्र राणा ग्राम डेरियो के पास स्थित अपने खेत में काम कर रहे थे। काम करते समय वह खेत में बने नलकूप की तरफ जाने लगे। जैसे ही वह नलकूप के पास पहुंचे, तो उनकी नजर नलकूप पर बनी नाली में मौजूद गुलदार पर पड़ गई। गुलदार को देख कर उन्होंने शोर मचा दिया। शोर सुनकर आस पास खेतों में काम कर रहे किसान रजत के नलकूप की तरफ दौड़ पड़े। शोर शराबा सुन कर गुलदार पास में ही डेरियो निवासी अनिल कुमार के गन्ने के खेत में चला गया। ग्राम तिमरपुर निवासी सर्विन देशवाल, बिट्टू आदि ने बताया कि उनके खेत भी ग्राम डेरियो के पास स्थित है। पिछले काफी समय से गुलदार उनके खेतों में दिखाई दे रहा है। गुलदार देखे जाने की सूचना वन विभाग के अधिकारियों देते हुए पिंजरा लगाकर गुलदार को पकड़ने की मांग की गई है। वन क्षेत्राधिकारी महेश गौतम ने बताया कि टीम को मौके पर भेजा गया था और गुलदार के प्रति लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

### भिक्कावाला में नेत्र शिविर 20 को

**कासमपुर गढ़ी।** हिमालयन अस्पताल जॉली ग्रांट देहरादून द्वारा निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन ग्राम भिक्कावाला में 20 फरवरी को आयोजित किया जाएगा। शांति निवास स्वास्थ्य केंद्र भिक्कावाला के संयोजक गजेंद्र सिंह ने बताया कि हिमालयन अस्पताल जॉली ग्रांट देहरादून के कुशल चिकित्सकों द्वारा मोतियाबिंद, भैंगापन के ऑपरेशन फेंको विधि, बिना टांके के ऑपरेशन, आंख के पर्दे का ऑपरेशन, काला मोतिया का ऑपरेशन, नासूर का ऑपरेशन निशुल्क के जाते हैं। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से अपील की है कि वह 20 फरवरी को प्रात: 10:30 बजे शांति निवास स्वास्थ्य केंद्र भिक्कावाला पहुंच कर अपनी आंखों का निशुल्क जांच करा कर ऑपरेशन कराये। जांच के उपरांत उनको हिमालयन अस्पताल जॉली ग्रांट देहरादून ले जाया जाएगा, जहां उनको जाने का किराया भी फ्री रहेगा। मोतियाबिंद का ऑपरेशन हेतु शिविर में आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड, राशन कार्ड, फोन नंबर, एक जोड़ी कपड़े जरूर लाएं साथ।

# किशोरी के अपहरण में नगीना के शादाब को दस साल की कैद

## चालीस हजार रुपए का अर्थदण्ड

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** न्यायालय एडीजे पॉक्सो एक्ट ने नगीना के शादाब को किशोरी के अपहरण के मामले में दस वर्ष के सश्रम कारावास एवं चालीस हजार रुपए के अर्थदण्ड की सजा सुनाई है।

प्राप्त समाचार के अनुसार वादी ने 22 मई 2022 को बढ़ापुर थाने में तहरीर दी थी कि अभियुक्त शादाब पुत्र रहमतुल्ला निवासी ग्राम भूरा को, थाना नगीना ने उनकी नाबालिग पुत्री का अपहरण कर लिया। तहरीर के आधार पर बढ़ापुर पुलिस ने धारा 363 व 366 आईपीसी में मुकदमा अपराध संख्या 103/2022 पंजीकृत किया था। विवेचना के बाद बढ़ापुर पुलिस ने आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित कर दिया था। अभियुक्त को सजा दिलाने के लिए बढ़ापुर पुलिस ने न्यायालय में प्रभावी पैरवी की थी। न्यायालय एडीजे पॉक्सो एक्ट ने अभियुक्त शादाब को धारा 363 व 506 आईपीसी एवं चार पॉक्सो एक्ट में दस वर्ष के सश्रम कारावास एवं चालीस हजार रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

अर्थदण्ड की धनराशि में से 30 हजार रुपए पीड़िता को प्रतिकर के रूप में दिए जाएंगे।

# मन्नान बिजनौरी की याद में ताजियती मुशायरा

## ताहिर सऊद को मन्नान बिजनौरी अवार्ड से नवाजा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** प्रसिद्ध शायर मन्नान बिजनौरी की याद में उमर कॉलोनी काजीपाड़ा में ताजियती मुशायरे का आयोजन शफक बिजनौरी की अध्यक्षता व शिक्षक नेता आसिफ गय्यूर के संचालन में किया गया।

मुशायरे के दौरान शायर ताहिर सऊद किरतपुरी को शायरी हाउस इंडिया- मन्नान बिजनौरी अवार्ड 2025 से नवाजा गया। मुशायरे का शुभारंभ एसपी ऑफिस में तैनात उर्दू अनुवादक अय्यूब अहमद ने शमां रोशन करके किया। ताहिर सऊद की नाते-पाक से मुशायरे का आगाज हुआ। उन्होंने मरहूम मन्नान बिजनौरी की मगफिरत के लिये दुआ भी कराई। उल्लेखनीय है कि हल्दौर क्षेत्र के ग्राम




नसीरपुर नैन सिंह निवासी मन्नान बिजनौरी का गत छह फरवरी को मुंबई में इंतेकाल हो गया था। वे कैंसर से पीड़ित थे। मन्नान बिजनौरी का शुमार अच्छे शायरों व समाजसेवियों में होता था। मुशायरे में शफक बिजनौरी, कारी शुऐब नफीस, ताहिर सऊद किरतपुरी, मैराज बिजनौरी, मरगूब रहमानी, अब्दुल समद आजाद, नवाज बिजनौरी, कमर अख्तर जसपुरी, जीशान कमर, बहार आलम बहार, मुरसलीन ने अपने कलाम के माध्यम से मन्नान बिजनौरी को खिराजे अकीदत पेश की।

# मेरठ के अमित को पॉक्सो एक्ट में दस वर्ष का कठोर कारावास

## पैतीस हजार रुपये का अर्थदण्ड

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** न्यायालय स्पेशल पॉक्सो एक्ट ने मेरठ के अमित को नाबालिग किशोरी के अपहरण के मामले में दस वर्ष के कठोर कारावास एवं पैतीस हजार रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार 12 मई 2020 को वादिनी ने नहटौर थाने में तहरीर दी थी कि उनकी नाबालिग पुत्री घर पर बिना बताए कही चली गई है। तहरीर के आधार पर नहटौर पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 139/2020 धारा 363 आईपीसी में अज्ञात के विरूद्ध पंजीकृत किया था। विवेचना के दौरान अभियोग में अभियुक्त अमित पुत्र कृपाल निवासी टी 226, प्रभात नगर, कस्बा व थाना हस्तिनापुर, जनपद मेरठ का नाम प्रकाश में आया था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था। विवेचना के बाद नहटौर पुलिस ने आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित कर दिया था। अभियुक्त को सजा दिलाने के लिए नहटौर पुलिस ने न्यायालय में प्रभावी पैरवी की थी। न्यायालय स्पेशल पॉक्सो एक्ट ने आज अपहरण की धारा 363 आईपीसी एवं पॉक्सो एक्ट की धारा चार में अभियुक्त अमित को दस वर्ष के कठोर कारावास एवं 35 हजार रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

# प्रेमी जोड़े ने जहर खाकर की आत्महत्या

**नूरपुर।** क्षेत्र के गांव पीपला जागीर में एक प्रेमी जोड़े ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। आत्म हत्या करने से दोनों परिवार में खलबली मच गई। दोनों एक दूसरे से बेपनाह मोहब्बत करते थे। दोनों को प्यार की मंजिल ना मिलने से दोनों ने कदम उठाया है।

प्रात जानकारी के अनुसार क्षेत्र के गांव पीपला जागीर निवासी दोनों मृतकों की पहचान सौरभ कुमार (28) पुत्र वीरेंद्र कुमार कश्यप और खुशबू (पत्नी अमित कुमार, जाटव) के रूप में हुई है। दोनों ने जहरीला पदार्थ खाकर अपनी जान दे दी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। दोनों प्रेमी जोड़े की कहानी क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है। दोनों परिवार अलग-अलग समुदायों से थे, जिससे उनके रिश्ते को परिवार के लोग पसंद भी नहीं करते थे। इसी कारण उन्होंने यह कदम उठाया है।

# भाजपा सरकार खत्म कर रही भाईचारा

## सपा जिला अध्यक्ष शेख जाकिर का पीडीए अभियान जारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन ने कहा कि भाजपा सरकार में खत्म हो रहे भाईचारे को रोकने के लिए पीडीए (पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक) को एकजुट होना पड़ेगा। साथ ही आगामी विधानसभा चुनाव में सपा को भारी जीत दिलाकर नफरत की राजनीति को दफन करना होगा । पीडीए एकजुट होकर प्रदेश की खुशहाली के लिए अखिलेश यादव की सरकार जरूर लायेगा।

समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन ने समीप के ग्राम जलालपुर में आयोजित सपा के पीडीए चर्चा कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार में देश की खुशहाली को ग्रहण लग गया है। गरीब, मजदूर, किसान और युवाओं को उनका हक नहीं मिल पा रहा। देश को नफरत की राजनीति में धकेल कर भाजपा अपना उल्लू सीधा




कर रही है। धर्म के नाम पर लोगों के बीच नफरत पैदा कर रही भाजपा पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यकों को उनके अधिकारों से वंचित रख कर देश में बेरोजगारी, मंहगाई को बढ़ावा दे रही है । आज लोगों के पास काम नहीं है। व्यापारी परेशान है। किसान को उनकी फसल का उचित दाम नहीं मिल रहा। युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा, गरीब को शिक्षा नहीं मिल रही और कमजोर को इलाज नहीं मिल पा रहा, चारो तरफ लोग परेशान है। बावजूद इसके सरकार सिर्फ और सिर्फ धार्मिक मुद्दों को बढ़ावा देकर लोगों की भावनाओं को भड़काने का काम कर के वोट हासिल कर रही है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी लोगों को जोड़ने की राजनीति करती है और आपसी भाईचारा कायम करने के लिए सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष इस पीडीए कार्यक्रम को चला रहे है। हम सब एकजुट होकर आगामी विधानसभा चुनाव में प्रदेश की खुशहाली के लिए सपा की सरकार बनाएंगे और विकास को आगे बढ़ाने के लिए अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाएंगे। कार्यक्रम का आयोजन अल्पसंख्यक सभा के जिला उपाध्यक्ष मौहम्मद अकरम ने किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ सपा नेता डॉ. रहमान ने भी विचार रखे।

इस दौरान मोहन सिंह फौजी, सोहन सिंह, निदान सिंह, गादिज सिंह, नरेन्द्र सिंह, मनदीप सिंह, जसवन्त सिंह, हरजीत सिंह, लाब सिंह, हरदेव सिंह, सुखवेंद्र सिंह, गजेंद्र, राजेश सिंह, निशान सिंह, विक्रम सिंह, सत्येंद्र सिंह, सुखवेंद्र सिंह, लखवेंद्र सिंह, दमनदीप सिंह, दलजीत सिंह, इन्द्रपाल सिंह, धर्म सिंह, दिलबाग सिंह, इन्द्र जीत सिंह आदि मौजूद रहे।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# कर्पूरी ठाकुर की पुण्यतिथि पर विचार गोष्ठी

## राशन कार्डों की केवाईसी के लिए डीएम से भी मिले

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बिजनौर।** स्वतंत्रता संग्राम के महान सैनानी पूर्व मुख्यमंत्री भारत रत्न स्व. कर्पुरी ठाकुर की पुण्यतिथि पर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा जिला कांग्रेस कार्यालय पर एक श्रद्धांजलि सभा एवं एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष शेरबाज पठान ने की तथा संचालन जिला उपाध्यक्ष नजाकत अल्वी ने किया।

कांग्रेसजनों ने स्व. कर्पुरी ठाकुर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दी तथा उनके बताये मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने जननायक स्व. कर्पुरी ठाकुर के जीवन पर प्रकाश डाला। अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष शेरबाज पठान ने जननायक स्व. कर्पुरी ठाकुर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि साधारण परिवार में जन्मे श्री कर्पुरी ठाकुर ने भारत के स्वतंत्रता संग्राम की लड़ाई में बढ़चढ़ कर भाग लिए स्व. ठाकुर लगातार 26 महीने तक जेल में रहे। देश की आजादी के बाद जननायक कर्पुरी ठाकुर बिहार राज्य के दो बार उप मुख्यमंत्री और दो बार बिहार के मुख्यमंत्री रहे। श्री कर्पुरी ठाकुर सदैव दलित, शोषित, पिछड़ों, अति पिछड़ों एवं वंचित वर्ग के उत्थान के प्रयत्नशील रहे और संघर्ष करते रहे। उनका सादा जीवन, सरल स्वभाव, स्पष्ट विचार और अदम्य इच्छाशक्ति बरबस ही लोगों को प्रभावित कर लेती थी और लोग उनके विराट व्यक्तित्व के प्रति आकर्षित हो जाते थे। कर्पुरी ठाकुर दूरदर्शी होने के साथ-साथ ही एक ओजस्वी वक्ता भी थे। वह देशवासियों को सदैव अपने अधिकारों को जानने के लिए जगाते रहे। वह कहते थे 'संसद के विशेषाधिकार कायम रहे, अक्षुण रहे, आवश्यकतानुसार बढ़ते रहे। परन्तु जनता के अधिकार भी। यदि जनता के अधिकार कुचले जायेंगे तो जनता आज नहीं तो कल संसद के विशेषाधिकारों को चुनौती देगी। उनकी सेवा भाव के कारण ही उन्हें जन नायक कहा जाता था, वह सदा



गरीबों के अधिकार के लिए लड़ते रहे। मुख्यमंत्री रहते हुए उन्होंने पिछड़ों को 12 प्रतिशत आरक्षण दिया और अति पिछड़े वर्ग को आठ प्रतिशत आरक्षण दिया। बिहार के मुख्यमंत्री के रूप में उसे प्रगति पथ पर लाने और विकास को गति देने में उनके अपूर्व योगदान को सदैव स्मरण किया जाएगा। अन्त में शेरबाज पठान ने स्व. कर्पुरी ठाकुर का चिर परिचित नारा कार्यकर्ताओं को बताया। उन्होंने कहा कि स्व. ठाकुर साहब का नारा था-सो में नब्बे शोषित है, शोषितों ने ललकारा है। धन, धरती और राजपाट में नब्बे भाग हमारा है। दूसरा नारा-अधिकार चाहो तो लड़ना सीखो, पग पग पर अड़ना सीखो, जीना है तो मरना सीखो।

अन्त में कांग्रेसजनों ने दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई भगदड़ में मरने वालों की मौत पर चिन्ता और गहरा रोष प्रकट किया और दो मिनट का मौन धारण कर सभी मरने वालों की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई भगदड़ सरकार की नाकामी और सरकार के इंतजामात पर प्रशन चिन्ह लगती है अगर सरकार समय से जाग जाती तो यह हादसा नहीं होता। केन्द्र सरकार पूरी तरह फैल और विफल हो चुकी है। नैतिकता के आधार पर देश के प्रधानमंत्री को स्वंय पद से इस्तीफा दे देना चाहिये। ईश्वर इस सरकार को स्तबुद्धि दे। जिला अध्यक्ष शेरबाज पठान के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल डीएम से मिला और राशन कार्डों की केवाईसी के लिए जिले के सभी नगरों में सेंट्रल बढ़ेये जाने की मांग की। जिलाध्यक्ष ने बताया कि अपनी केवाईसी कराने के लिए महिलाओं और बजुर्गों को लम्बी-लम्बी लाइन लगानी पड़ रही है और जिसमें दो-दो महीने लग रहे है।

इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष मुनीश त्यागी, जिला उपाध्यक्ष/पीसीसी सदस्य नजाकत अल्वी, बिजनौर शहर अध्यक्ष मीनू गोयल, वरिष्ठ नेता मौहम्मद अकबर अहमद, जिला उपाध्यक्ष मौहम्मद सलीम एड., जिला महासचिव हुकम सिंह, सेवा दल के प. प्रदेश सचिव प्रदीप ठाकुर, जिला महासचिव दयावती कश्यप, अब्दुल समद आजद, चांदपुर नगर अध्यक्ष हाफिज अरशद अहमद, जिला सचिव मुनेश तंवर, जिला उपाध्यक्ष कमलेश भुईयार, काजी आतिफ, रकीब आलम, नजाकत अली कमभौर, शादीलाल मारवाड़ी, सौरभ ठाकुर, नरपाल सिंह भुईयार, बलजीत सिंह भुईयार, सुरेश भुईयार आदि मौजूद रहे।

# अफजलगढ़ में धड़ल्ले से बिक रहा चाइनीज मांझा



## पुलिस व प्रशासन की घोर लापरवाही

शाह टाइम्स संवाददाता

**अफजलगढ़।** पुलिस एवं प्रशासन की घोर लापरवाही के चलते नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिबंध चाइनीज मांझा धड़ल्ले से बचा जा रहा है। चाइनीज मांझा किलर साबित हो रहा है।

प्राप्त सूत्रों के अनुसार नगर वह ग्रामीण क्षेत्रों में पतंग विक्रेताओं द्वारा बेखौफ होकर प्रतिबंधित चाइनीज मांझे की बिक्री की जा रही है। चाइनीज मांझा को किलर मांझा के रूप में देखा जा रहा है जो कि दुपहिया वाहन चालकों के लिए बहुत ही जानलेवा और घातक सिद्ध हो रहा है। गौरतलब है कि जनपद हापुड़ के सिंभावली क्षेत्र के हरोड़ा मोड़ पर 25 वर्षीय रिजवान अहमद बाइक सवार की गर्दन कट गई। शाहजहांपुर में बीती 11 जनवरी को सिपाही शाहरुख हसन की चाइनीज मांझे से गर्दन कट जाने से मौत हो गई थी। दो-चार दिन चाइनीज मांझे की तलाश में छापे मारे गए थे उस अभियान को बंद कर दिया गया और वक्त के साथ सब शांत हो गया। उसके बाद मेरठ में भी एक दुपहिया वाहन चालक की चाइनीज मांझे से गर्दन कट गई थी। फिर लोधीपुर में भी सिपाही जय कुमार की चाइनीज मांझे से आते समय गर्दन कट गई, जिसे तत्काल ही चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई गई। इसी प्रकार जनपद बिजनौर के नजीबाबाद, कोतवाली देहात, अकबराबाद आदि कई स्थानों पर चाइनीज मांझे की चपेट में आ जाने के कारण कई जाने जा चुकी है तथा कई लोग घायल हो हो चुके हैं। इन सबके बावजूद पुलिस और प्रशासन तमाशाई बना देख रहा है।

यदि शीघ्र ही चाइनीज मांझे की बिक्री पर प्रतिबंध न लगाया गया तो क्षेत्र में भी दुर्घटनाएं घट सकती हैं।

# दीन की बातों पर अमल की हिदायत

## दस्तारबंदी के मौके पर मांगी दुआएं

शाह टाइम्स संवाददाता

**झालू।** उलेमाओं ने दीन की बातों पर अमल करने की हिदायत दी है।

प्राप्त समाचार के अनुसार मस्जिद कासमी के मकतब कासिमया उल उलूम से फारिगीन हुफ्फाज इकराम की दुआ कराई गई और बाद नमाजे मगरिब दस्तार फजीलत को अंजाम दिया गया। मौहल्ला कानूनगोयान कासमी मस्जिद के इमाम मुफ्ती मौहम्मद हिफ्जान और मस्जिद के मुसल्लियान की जेरे निगरानी में खैची मैदान में पांच हुफ्फाजे इकराम की दस्तारबंदी की। जलसे का आगाज तीन नशिशतों में हुआ। जिसमें पहले नशिशत में हुफ्फाजे इकराम मौहम्मद कैफ, मौहम्मद शाहवेज, अब्दुल मन्नान, एहतेशाम व मौहम्मद अमन की दस्तारबंदी की गई। सुबह 11 बजे हजरत शेख अब्दुल्ल गफूर समभली न दुआ कराई और एक दिनी मजलिस को खिताब फरमाया। जिसमें उन्होंने कुरान की अहमियत पर और उसके इनाम पर रोशनी डाली गई। उसके बाद पर्दे के एहतमाम के साथ मौहल्ले की मुस्तरात के लिए एक दिनी इस्लाही मजलिस मुनाकिद की गई। जिसमें मौहल्ले की मुस्तरात ने दीन की बातों को सुनकर उन पर अमल करने का



इरादा किया। इसी के साथ-साथ बाद नमाजे मगरिब मौलाना मौहम्मद मुनीर आलम देवबंदी की सदारत और मौलाना मौहम्मद असजद रहमानी के संचालन व मौलाना मौहम्मद जाहिद की सरपरस्ती और मुफ्ती मौहम्मद हिफजान की जेरे निगरानी में दीनी प्रोग्राम का आगाज हुआ । देवबंद से तशरीफ लाए कारी मौहम्मद फहीम ने कुराने पाक की तिलावत कर प्रोग्राम का आगाज किया। उसके बाद नाते नबी कारी जुल्फिकार रामपुरी ने पेश की। सभी की आखें नम हो गई। मुफ्ती मौहम्मद अकीलुर्रमान स्योहारवी ने कुरान की फजीलत पर रोशनी डाली। उन्होंने बताया कि कुरान एक बेहतरीन जिंदगी गुजारने की किताब है। अपनी जिंदगी में नबी का तरीका और अल्लाह का हुक्म लाना जरूरी है । आज हमारे पास सब दूसरे कामों के लिए वक्त है, लेकिन कुरान पढ़ने के लिए वक्त नहीं है। आप अपने बच्चों को हाफिज ए कुरान बनाएं। हजरत मौलाना मुफ्ती खुबैब ने हालाते हाजरा पर रोशनी डालते हुए नबी की सुन्नतों को जिंदा करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि दीनी मजलिस से तभी फायदा होता हैं, जब हम सुनकर उसे पर अमल करते हैं। बिदअत की शरीयत मे कोई गुंजाइश नहीं है। हमें अपनी शादियों को नबी की सुन्नत पर लाना चाहिए। अगर हम अल्लाह के नबी की सुन्नतों को जिंदा करेंगे, तभी हम दुनिया और आखिरत में कामयाब होंगे, वरना जिंदगी एक धोखा है। इसके बाद हजरत मौलाना मुनीर आलम देवबंदी ने मदरसे में पढ़ने वाले सभी हाफिजों की पगड़ी बांध कर दस्तारबंदी की और कहा कि हम सबको अल्लाह और उसकी किताब की रस्सी मजबूत से पकड़नी है। अल्लाह के बताए हुए रास्ते पर अमल करना है। अपनी जिंदगी को अपनी मर्जी से नहीं, बल्कि अल्लाह और उसके रसूल की मर्जी से गुजारनी है। यदि हम ऐसा नहीं करेंगे, तो उसके नुकसानात हम सबके सामने हैं। इसके बाद पांचों हुफ्फाजे इकराम और मकतब के पोजिशन वाले तालीबे इल्म को शील्ड देकर सम्मानित किया गया।

इस मौके पर मुफ्ती मौहम्मद महफूजुर्रहमान, मौलाना मौहम्मद जाहिद, मौलाना अब्दुल कादिर, मौलाना असलम, मौलाना कालीमुज जमा, कारी तौहीद, हाफिज युनूस, कारी इनाम, मौलाना वासी उल हसन, मुफ्ती हयात, मुफ्ती शादाब, मौलाना अजीम, मौलाना अहमद आदि उलेमा इकराम आदि मौजूद रहे।

# मैनुअल स्कैवेन्जर एक्ट के अनुपालन के लिए समीक्षा बैठक आयोजित



शाह टाइम्स ब्यूरो

**बिजनौर।** सदस्य सेन्ट्रल मॉनिटरिंग कमेटी, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार भगवत प्रसाद मकवाना की अध्यक्षता में आज 11 बजे विकास भवन सभागार में मैनुअल स्कैवेन्जर एक्ट-2013 के अनुपालन के लिये समीक्षा बैठक आयोजित हुई।

सदस्य द्वारा मैनुअल स्कैवेन्जर एवं अस्वच्छ शौचालयों के सर्वेक्षण-2024 को उच्चतम न्यायालय के आदेश 20 अक्टूबर, 2023 के अनुपालन में जारी भारत सरकार की गाइड लाइन के अनुरूप पुन: कराए जाने तथा सीवर एवं सेप्टिक टैंक की सफाई में कार्यरत कार्मिकों को नमस्ते पोर्टल पर पंजीकृत, प्रशिक्षण व सुरक्षा किट भी प्रदान किये जाने, समस्त नगर पालिका परिषद/नगर पंचायत में लगे आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को निर्धारित दर के अनुसार ही वेतन भुगतान किये जाने के निर्देश दिये।

उन्होंने उपस्थित सभी अधिकारियों को निर्देश दिये कि सभी विभागीय जन कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार करते हुए सर्वेक्षण में चिन्हित स्वच्छकार व उनके आश्रितों को भी लाभान्वित किया जायें। सभी नगर पालिका/नगर पंचायत व पंचायती राज विभाग द्वारा वाल्मीकि बस्तियों में विकास कार्यों को चिन्हित करते हुए कार्य कराया जाना सुनिर्शिचत करें। जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर द्वारा सदस्य को आश्वस्त करते हुए कहा कि उनके द्वारा दिये गए निर्देशों का अक्षरश: अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) विनय कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक शहर संजीव वाजपेई, जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास), अजय कुमार, अपर जिला पंचायत राज अधिकारी रिजवान अहमद सहित समस्त अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका/नगर पंचायत, जिला स्तरीय निगरानी/जिला सर्वेक्षण समिति के सदस्य एवं राष्ट्रीय वाल्मीकि क्रांन्तिकारी मोर्चा के पदाधिकारी उपस्थित रहें।

# पुलिस ने चलाया चैकिंग अभियान



## दर्जनों वाहनों के काटे चालान

शाह टाइम्स संवाददाता

**अफजलगढ़।** लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं के मद्देनजर पुलिस ने बिना हेलमेट व तीन सवारी दुपहिया वाहन चालकों के विरुद्ध चेकिंग अभियान चलाया।

थाना क्षेत्र में बीते दो सप्ताह में लगभग एक दर्जन सड़क दुर्घटनाओं में एक महिला सहित तीन लोगों की मौत व एक दर्जन से अधिक दुपहिया वाहन चालको के गंभीर रूप से घायल होने के मद्देनजर शुक्रवार की शाम नगर के बस स्टैंड स्थित जसपुर तिराहे पर पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा के आदेश अनुसार थानाध्यक्ष सुमित राठी के निर्देशन में एसएसआई श्रीपाल सिंह के नेतृत्व में एसआई हिमांशु गोस्वामी, कांस्टेबल प्रवीण कुमार, कांस्टेबल प्रदीप कुमार व हेड कांस्टेबल अभिषेक ढ़ाका द्वारा बिना हेलमेट दुपहिया वाहन चालकों के विरोध चेकिंग अभियान चलाकर लगभग आधा दर्जन दुपहिया वाहन चालकों के विरुद्ध तीन सवारी व बिना हेलमेट के चालान काटकर उन्हें हेलमेट लगाने की हिदायत दी

## मुख्य सड़कों से हटकर लगाए शिविर

**बिजनौर।** हीमपुर दीपा थाना प्रांगण में त्योहारों के मद्देनजर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमे दर्जनों गाँव के ग्रामीण शिविर व भंडारा आयोजक सहित कांवड रक्षा दल व क्षेत्र के गणमान्य व पत्रकारगण मौजूद रहे। थाना प्रभारी ने शिविर व भंडारा आयोजकों को निर्देशित करते हुए कहा कि शिवभक्तों के आने वाले मार्ग पर ही शिविर व भंडारों का आयोजन करें। साथ ही कांवड़ रखने वाले स्टैंड को भी सड़क से इतना हटाकर लगाए ताकि कांवड़ किसी भी वाहन य व्यक्ति के संपर्क में न आये और वह खंडित होने से बच सके।

**न्यायालय न्यायाधिकारी ग्राम न्यायालय, धामपुर**

प्रकीर्ण वाद सं. 432/2024

हीनू उर्फ जिया पत्नी शुभम चौधरी पुत्री मोहन सिंह निवासी हाल मौहल्ला हिन्दू चौधरियान कस्बा व थाना स्योहारा, जिला बिजनौर **-प्रार्थिनी**

**बनाम**

शुभम चौधरी पुत्र स्व. सुभाष चौधरी, निवासी मौहल्ला शक्ति नगर, निकट रेलवे क्रासिंग, रिंग रोड बिजनौर, थाना कोतवाली शहर, जिला बिजनौर पिन कोड 246701 **-प्रतिपक्षी**

धारा 125 सीआरपीसी
थाना स्योहारा

चूंकि उपरिनामांकित प्रार्थिनी ने इस न्यायालय में धारा 125 सीआरपीसी का आवेदन किया गया है कि- एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उक्त आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए दिनांक 28.02.2025 को 10 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या समयक रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा।

नियत दिनांक:- 28.02.2025

**न्यायाधिकारी**
**ग्राम न्यायालय धामपुर**
**जिला-बिजनौर**

## एक नजर

### वार्षिक महोत्सव पर पूजा-अर्चना



**बिजनौर।** श्री सिद्धिविनायक मंदिर दरबाराशाहा में 19 वां वार्षिक महोत्सव के कार्यक्रम के अंतर्गत भगवान श्रीगणेश का स्नान एवं श्रृंगार पंडित संजय डबराल (हनुमान) द्वारा पूजा-अर्चना कराई गई। हवन के बाद प्रसाद वितरण किया गया। जिसमें कमेटी के पदाधिकारी एवं सदस्य व नगर के श्रद्धालु उपस्थित रहे। चौधरी कुलवीर सिंह संरक्षक, डॉ. राजीव अरोड़ा, प्रबंधक विनय कौशिक, बंटी कोषाध्यक्ष, राजीव अग्रवाल, राजू, दीपक वर्मा, डॉ. राहुल वर्मा, लोकेश गोयल, संदीप तायल, रविंदर चौहान, डॉ. एस के जौहर आदि मौजूद रहे।

### भाकियू का धरना जारी



**बिजनौर।** भ्रष्टाचार के खिलाफ सातवें दिन भी भारतीय किसान यूनियन का धरना प्रदर्शन अवनीश कुमार ब्लॉक अध्यक्ष के नेतृत्व में नजीबा. बाद तहसील प्रांगण में जारी रहा। किसानों की समस्याओं को लेकर जालपुर बिजली घर शीघ्र बनाया जाए, नांगल भागुवाला नहर मार्ग शेरपुर अभी पूरा चमराला तक पीडब्ल्यूडी द्वारा सड़क बनवाया जाए, परमिट होने के बाद भी वन विभाग राजगढ़ रेंज पशु चराने नहीं देता, एनएचआई द्वारा कल्हेड़ी उतार-चढ़ाव का रास्ता दिया जाए। सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा करा रहे, किसानों की जमीन पैमाइश कराई जाए, मुकेश कुमार कानूगो को भ्रष्टाचार में लिप्त है। जिस पर कानूनी कार्यवाही की जाए और तहसील से हटाया जाए, चीनी मिलों पर छापामारी की जाए। घटतौली की जांच की जाए। तहसील प्रांगण में सातवें दिन भी धरना जारी है। ब्लॉक अध्यक्ष अवनीश कुमार प्रांतीय नेता अजय कुमार ब्लॉक उपाध्यक्ष एड. रामेंद्र सिंह, महेंद्र सिंह, वीरेश राणा, पप्पू, अर्जेंद्र, रोहित, मुकुल, बिजेंद्र, अजीत, सत्यपाल, शगुन, शमशाद आदि किसान मौजूद रहे।

### चारों ने की घर में घुसने की कोशिश

**अफजलगढ़।** मौहल्ला मंझोली निवासी शरीफ अहमद पुत्र मौहम्मद उमर ने पुलिस को दीं तहरीर में बताया कि बीती रात लगभग एक बजे उसके परिवार के सभी सदस्य अपने-अपने कमरों में सोए हुए थे। वहीं एक कमरे में उसके बेटे की पत्नी उसी दौरान मोबाइल पर अपने पति से सऊदी बात कर रही थी। तभी अचानक दरवाजों को पीटने की आवाज हुई तथा आभास हुआ कि कई अज्ञात चोर घर में घुस आए है। जिसमें घर के तीनों कमरों पर अज्ञात चोर जोर-जोर से हाथ मारने लगे । ताकि परिजन दरवाजा खोल दे और चोरी करने में कामयाब हो जाए। अचानक घर में किसी बाह्य व्यक्ति के होने का आभास होते ही पीड़ित के परिजनों ने पुलिस हेल्पलाइन नम्बर 112 को कॉल करके अज्ञात चोरों की सूचना दी तथा कमरे के अंदर से ही जोर-जोर से अज्ञात चोरों को आवाज के साथ पुलिस बुलाने की धमकी दी। घर में जाग होने का आभास होते ही अज्ञात चोर घर से भाग निकले । अचानक शोर शराबा होने पर आसपास के लोग भी घरों से निकल आये । वहीं सूचना पर पुलिस की टीम भी घर पहुंची। आसपास के लोग इकट्ठा होने लगे तथा आसपास अज्ञात चोरों को ढूंढने का प्रयास किया। वहीं पीड़ित का कहना है कि करीब 15 दिन पूर्व भी उसके घर अज्ञात चोर घर की किचन की छत पर आ गए थे । जिन्हें परिजनों द्वारा किचन की छत पर देखे लिया गया था तथा शोर मचाने पर वह भाग गए। जिसकी सूचना भी पुलिस को दी गई थी। अब फिर दोबारा अज्ञात चोरों द्वारा चोरी के प्रयास करने व घर में घुसने की यह दूसरी घटना है। वहीं क्षेत्र में बीते दिनों हुई लूट चोरी की वारदातों से पहले ही परिजन सहमे हुए हैं। 15 दिनों में दूसरी बार घर में चोरों के घुसने की घटना से परिजन भयभीत है। पीड़ित ने अपनी व परिवार की सुरक्षा हेतु तहरीर सौंप कर कार्यवाही की मांग की है। वहीं क्षेत्राधिकारी सीओ अंजनी कुमार का कहना है मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### नशा मुक्ति जागरूकता दिवस मनाया

**नजीबाबाद।** साहू जैन कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना छात्रा इकाई द्वारा चल रहे सात दिवसीय विशेष शिविर का चतुर्थ दिवस गायत्री शक्तिपीठ ग्राम तातारपुर लालू में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सरोज बाई के निर्देशन में नशा मुक्ति जागरूकता दिवस के रूप मे आयोजित किया गया। सर्वप्रथम स्वयंसेविकाओं सहित शिविर में उपस्थित सभी जनों द्वारा नशामुक्ति तथा नशा न करने की शपथ ली गई। प्राचार्य बीएस तोमर ने कहा कि नशा एक संक्रामक रोग की तरह फैलता जा रहा है। इसे दूर करने के लिए सभी बुद्धिजनों को आगे आकर युवाओं में जागरूकता फैलानी पड़ेगी। मुख्य अतिथि गायत्री शक्तिपीठ के संस्थापक डॉ. दीपक ने अपने आस-पास के क्षेत्र को नशा मुक्त बनाने का आव्हान किया तथा बताया कि नशा एक धीमा जहर है, जो युवा पीढ़ी के भविष्य को अंधकार में ले जा रहा है। आज की युवा पीढ़ी चरस, अफीम, शराब, तंबाकू उत्पाद सहित अन्य नशीले पदार्थों के अलावा मोबाइल आदि का इस्तेमाल कर रही है। जो न केवल व्यक्ति का मानसिक व शारीरिक नुकसान करता है। बल्कि उसके परिवार को भी पतन की ओर धकेल देता है। स्वयंसेविकाओं को सरकार द्वारा चलाए जा रहे नशा मुक्ति अभियान की जानकारी देते हुए एकीकृत पुनर्वास केंद्र के बारे में अवगत कराया। समाज में अधिकतर अपराधों की वजह नशा ही है। नशे के कारण लोगों में हिंसा, क्रोध और आक्रामकता की प्रवृति बढ़ जाती है। जिसके परिणामस्वरूप वह हत्या, लूट, चोरी और बलात्कार जैसे अपराधों के रास्ते पर चल निकलता है। अंत में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सरोज बाई ने सबका धन्यवाद ज्ञापन देते हुए बताया कि नशा किसी भी प्रकार का हो निर्धनता की वृद्धि, व्यक्तित्व के विनाश और मृत्यु के द्वार खोलता है। इसे समाप्त करना परमावश्यक है। पहले तो युवा स्कूल व कॉलेज में बीड़ी, सिगरेट व गुटखा आदि का सेवन करते हैं। लेकिन बाद में इसकी लत लग जाती है।

# नशा मुक्ति अभियान के तहत रैली निकाली

शाह टाइम्स संवाददाता

**नजीबाबाद।** जमाते इस्लामी हिंद के तत्वावधान में नशा मुक्ति अभियान के तहत रैली निकाली गई और लोगों को जागरूक किया गया।

जलालाबाद स्थित राहूखेड़ी में मौजूद फलाह अ आम जूनियर हाई स्कूल के बच्चों की एक रैली नशा मुक्ति अभियान के तहत शुरू हुई। जोकि स्कूल से शुरू होकर पूरे जलालाबाद में घूम कर वापस स्कूल आकर समाप्त हुई रैली का उद्घाटन जमाते इस्लामी हिंद यूनिट के नगर अध्यक्ष कफिल अहमद किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि नशा समाज स्वस्थ समाज के लिए अभिशाप है, जिनको सिर्फ जागरूकता से ही समाप्त किया जा सकता है और हम सबकी जिम्मेदारी है।




इससे होने वाले दुष्प्रभाव के संबंध में आमजन को अवगत कराए। क्योंकि नशा आज के समय में समाज के लिए एक गंभीर समस्या बन चुकी है। भारत में नशे की लत का शिकार लोगों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। यह समस्या न केवल व्यक्तिगत जीवन को प्रभावित करती है, बल्कि परिवार और समाज पर भी गहरा असर डालती है और इन्हीं चिंताओं को ध्यान में रखते हुए, जमाअत-ए-इस्लामी हिन्द, उत्तर प्रदेश पश्चिम ने नशे के खिलाफ लड़ाई को मजबूत करने के उद्देश्य से नशा मुक्ति अभियान की शुरुआत की है और हमारा उद्देश्य समाज को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना और एक स्वस्थ और सुरक्षित समाज का निर्माण करना है। इसके तहत जागरुकता कार्यक्रम के अन्तर्गत जनसभाएं, विचार गोष्ठियां, नुक्कड़ सभाएं, रैलियां, विभिन्न प्रतियोगिताएं, स्कूल और कॉलेज में लेक्चर्स आदि का आयोजन किया जाएगा। जिसके अन्तर्गत नशे से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों पर प्रकाश डाला जाएगा। इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य शाहीन खालिद सदर डॉक्टर शमशुल इस्लाम और सेक्रेटरी खालिद अकिल, जमात-ई-इस्लामी हिंद तहसील प्रभारी जमाते इस्लामी हिंद जफर हुसैन आदि उपस्थित थे। रैली में स्कूली बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

**सम्बंध विच्छेद सूचना**

मेरी पुत्री यासमीन का आचरण व व्यवहार ठीक नहीं है। वह मेरे कहने में नहीं है। मैंने व मेरे परिवार ने पिछले एक माह से उससे ताल्लुक वास्ता समाप्त कर लिया है। उसके किसी भी कृत्य से मेरा व मेरे परिवार के किसी सदस्य का कोई मतलब वास्ता नहीं है। **-इश्तियाक पुत्र इब्राहीम ग्राम वाजिदपुर नींदडू, थाना धामपुर, जिला बिजनौर**

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैंने अपना नाम SHWETA GOYAL से बदलकर SHWETA SINGHAL रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना और पुकारा जाये। SHWETA SINGHAL पत्नि DR-DEEPAK GOYAL, संजीवनी नर्सिंग होम, कालागढ़ रोड, धामपुर

# सड़क हादसे में दो दोस्तों की मौत, तीसरा गंभीर

## शादी समारोह से लौटते समय बाइक को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रायपुर सादात।** ग्राम सजापुर गढ़ी से अपने दोस्त की बारात में नूरपुर गए तीन दोस्तों की घर लौटते समय ग्राम बेलडी के निकट एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से गंभीर रूप से घायल हुए दो दोस्तों की मौत हो गई। एक जिंदगी और मौत के बीच अस्पताल में जूझ रहा है। पुलिस ने शवों का पंचनामा भर का पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

थाना नगीना देहात क्षेत्र के ग्राम सजापुर गढ़ी टांडा माई दास निवासी बिरमु के पुत्र की बारात नूरपुर गई थी। शादी में ग्राम के ही शुभम (19 वर्ष) पुत्र गौतम, कृष्णा (22 वर्ष) पुत्र अतरू व वंश (20 वर्ष) पुत्र शेर सिंह शादी में गए थे। देर रात्रि करीब दस बजे तीनों दोस्त एक बाइक पर अपने ग्राम वापस लौट रहे थे। जैसे ही वह ग्राम बेलड़ी के निकट काली माता के मंदिर के पास पहुंचे, तो किसी अज्ञात वाहन ने उनकी मोटर साइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। बताया जाता है कि कृष्णा की मौके पर ही मौत हो गई थी। शुभम और वंश गंभीर रूप से घायल थे। सूचना पर पहुंची नगीना पुलिस ने तीनों दोस्तों को तत्काल नगीना सीएचसी इलाज के लिए भर्ती कराया। लेकिन चिकित्सकों ने कृष्णा को मृत घोषित कर दिया। शुभम और वंश को गंभीर हालत में रैफर कर दिया। बिजनौर ले जाने पर चिकित्सकों ने शुभम को भी मृत घोषित कर दिया। वंश की हालत अभी गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने शव को सील कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश कर रही है। घटना थाना नगीना क्षेत्र के ग्राम बेलड़ी की बताई जा रही है।

नगीना-रायपुर मार्ग पर थाना नगीना क्षेत्र के ग्राम बेलड़ी के निकट काली माता मंदिर के पास सड़क दुर्घटना में देर रात्रि गंभीर रूप से घायल हुए दो युवकों की मौत के बाद तीसरा उनका साथी वंश पुत्र शेर सिंह की हालत चिंताजनक देखते हुए बिजनौर से उसे चिकित्सकों ने मेरठ के लिए रैफर कर दिया। वंश वेंटिलेटर पर बताया जा रहा है। नगीना पुलिस ने शुभम तथा कृष्णा का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

## राधा इंटर कॉलेज में विदाई समारोह



### विद्यार्थियों ने पेश किए सांस्कृतिक कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** राधा इंटर कॉलेज में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रबंधक रवि कुमार, प्रधानाचार्य सुरेश कुमार तथा मुकेश कुमार द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया। कार्यक्रम में गीत, डांस व अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। कार्यक्रम में मिस्टर फेयरवैल कुनाल सैनी चुने गये।

प्रबन्धक रवि कुमार, विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेश कुमार द्वारा छात्रों को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान उन्होंने पढ़ाई के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों पर जानकारी दी। प्रबंधक रवि कुमार ने सभी से परीक्षा की तैयारी में जुट जाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में परीक्षा के प्रति गंभीर छात्र ही परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने सभी से कड़ी मेहनत करने का आह्वान किया। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ तथा एनसीसी कैडेट्स उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत छात्रों को उपहार देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गयी।

# कांवड़ियों की सुविधा एवं सुरक्षा के लिए समुचित व्यवस्था पूरी

## सेवा शिविरों की तैयारी प्रारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** महाशिवरात्रि पर्व होने तथा कांवड़धारी शिव भक्तों द्वारा हरिद्वार से कांवड़ में जल भरकर अपने गंतव्य स्थान को प्रस्थान करने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दिए जाने को दृष्टिगत रखते हुए प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों द्वारा निर्धारित मार्गो पर कांवड़ियों की सुविधा एवं सुरक्षा हेतु समुचित व्यवस्थाएं कर ली गई है।

उपजिलाधिकारी कुंवर बहादुर सिंह, एसपी पूर्वी धर्म सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी सर्वम सिंह तथा धामपुर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक राजेश सिंह चौहान ने सभी अधीनस्थों को कांवड़ मार्गों पर विशेष सतर्कता बरतने और नियमित पेट्रोलिंग किए जाने के निर्देश दिए है। ताकि किसी भी स्थान पर कांवड़धारी शिव भक्तों को किसी प्रकार की असुविधा न होने पाए और वह सुविधाजनक वातावरण पाते हुए सुगमता पूर्वक अपनी मंजिल को पूरा कर सके।

इसके अतिरिक्त महाशिवरात्रि के अगले दिन 27 फरवरी तक ट्रैफिक पुलिस को भी अपनी व्यवस्थाएं चुस्त दुरुस्त बनाए रखकर वाहनों की आवाजाही के प्रति विशेष ध्यान रखे जाने के निर्देश भी दिए गए हैं। ताकि किसी स्थान पर कोई कांवड़ती वाहनों की चपेट में न आने पाए। उधर धर्म नगरी धामपुर की धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं द्वारा कांवड़धारी शिव भक्तों की सेवा हेतु प्रत्येक वर्ष आयोजित होने वाले सेवा शिविरों की तैयारी भी प्रारंभ कर दी गई है। नगर के भीतरी और बाहरी भागों में आयोजित होने वाले इन शिविरों में शिव भक्तों के लिए भोजन, प्रसाद, मिष्ठान, प्रसाद, दूध एवं चाय आदि की उपलब्धता के साथ ही उनके विश्राम की भी समुचित व्यवस्था की जाती है।

नगीना मार्ग पर श्री साईं गंगा धाम पर धाम के संस्थापक विनोद कुमार अग्रवाल, दुर्गा विहार कॉलोनी के बाहर कुंवर निहाल सिंह के परिवार एवं कॉलोनी के श्रद्धालु परिवारों तथा प्राचीन सिद्ध पीठ मंदिर कालिया वाला के सामने सरल हॉस्पिटल के संचालक डॉक्टर लोकेंद्र सिंह चौहान, सनातन धर्म सभा शिव मंदिर पंजाबी कॉलोनी मे प्रबंध समिति के अध्यक्ष जितेंद्र मोहन कपूर एवं महासचिव जगदीश लाल अरोड़ा, भगत सिंह चौक पर व्यापारियों, मोहल्ला खातियान स्थित बड़ा शिव मंदिर में भगवान भोलेनाथ के भक्तों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी चौधरी कुलमणि सिंह मार्ग पर अनेक सनातन परिवारों, खंड विकास कार्यालय परिसर में ब्लॉक प्रमुख क्षमा हेमलता चौहान के संरक्षण में खंड विकास कार्यालय के अधिकारियों और कर्मचारियों, शुगर मिल पुलिस चौकी के निकट रानी बाग कॉलोनी के शिव भक्त परिवारों, प्राचीन सिद्ध पीठ माता मुन्नी देवी मंदिर पर अनेक श्रद्धालु परिवारों तथा स्योहारा मार्ग पर अनेक स्थानों के सनातन परिवारों द्वारा इन सेवा शिविरों का प्रभावी आयोजन किया जाता है। इन शिविरों के आयोजन की तैयारी संबंधित परिवारों द्वारा प्रारंभ कर दी गई है।

# धामपुर के दो छात्र स्वर्ण जयंती समारोह में सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** महात्मा ज्योतिबा फूले रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली में स्वर्ण जयंती समारोह मनाया गया।

महाविद्यालय के छात्र अंकित सिंह, एमएससी (उद्यान विज्ञान) सत्र- 2023-24 एवं रंजीत सिंह, एमएससी (सस्य विज्ञान) को सम्पूर्ण विश्वविद्यालय में अधिकतम अंक प्राप्त करने पर राज्यमंत्री बी. एल. वर्मा, राज्यमंत्री रजनी तिवारी, सांसद छत्रपाल सिंह, कुलपति के.पी. सिंह द्वारा स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया।

महाविद्यालय पहुंचने पर प्राचार्य प्रो. रश्मि शर्मा रावल ने दोनों छात्रों को मिष्ठान खिलाकर एवं पदक देकर सम्मानित किया एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर प्रो. एस.एल. पाल, प्रो. अमित कुमार सिंह, डॉ. ओ.पी. मौर्य, डॉ. विनय दुआ, तेजेन्द्र कुमार, नन्द किशोर एवं डॉ. सुधीर गौड़ आदि लोग उपस्थिति रहे।

# समसपुर नसीब में पीडीए चर्चा कार्यक्रम

## पीडीए की एकता से बनेगी सपा की सरकार: शेख जाकिर हुसैन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुंदकी।** समाजवादी पार्टी का पीडीए चर्चा कार्यक्रम सेक्टर हरगनपुर के ग्राम समसपुर नसीब में आयोजित हुआ।

मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन ने ग्रामीणों को पीडीए के बारे में सम्बोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार में पिछड़ा, दलित अल्पसंख्यक समाज एवं किसानों का उत्पीड़न बदले की भावना से हो रहा है। अखिलेश यादव ने बीड़ा उठाया है, जब तक यह सरकार पीडीए के लोगों का उत्पीड़न बंद नहीं करेगी, जब तक लड़ाई जारी रहेगी। आने वाले विधानसभा चुनाव में हम सभी को एकजुट होकर अखिलेश यादव के हाथों को मजबूत कर 2027 में समाजवादी पीडीए सरकार बनानी होगी, तभी भाईचारा मजबूत होगा और अमन चैन कायम होगा। विकास की गंगा बहेगी, बेरोजगारों को नौकरियां मिलेंगी। क्षेत्र की जनता ने गर्मजोशी से एक-एक वोट साइकिल पर देने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में वरिष्ठ नेता डॉ. रहमान, जिला उपाध्यक्ष राधा सैनी, जिला सचिव डॉ. इरफान मलिक सहित क्षेत्र के शमशाद भाई, प्रधान अमित कुमार, अजय सैनी, मौहम्मद शहजाद, मौहम्मद आमिर, मौहम्मद जुबैर, जसराम सैनी, आजम भाई, शानू भाई, धर्मवीर सैनी आदि मौजूद रहे।

# शिक्षक-अभिभावक सम्मेलन का समापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** रानी भाग्यवती देवी महिला महाविद्यालय के अध्यापक शिक्षा विभाग में महाविद्यालय स्तर पर शिक्षक-अभिभावक सम्मेलन का आयोजन किया गया।

इस सम्मेलन में शिक्षक-अभिभावक संगठन का चुनाव किया गया। जिसमें अध्यक्ष पद हेतु श्री जयंत शर्मा, उपाध्यक्ष पद हेतु नीरज सिंह धारीवाल, सचिव श्रीमती आयरिश थॉमस, सदस्य अमित कुमार, मौहम्मद सलमान, श्रीमती सीमा इकबाल, श्रीमती ममतेश देवी एवं श्रीमती शहनाज परवीन सर्वसम्मति से मनोनीत किए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. पारूल त्यागी, डॉ. मंजू चौधरी विभागाध्यक्ष समाजशास्त्र विभाग, विभागाध्यक्ष डॉ. सुरेश सिंह ने शिक्षक-अभिभावक अध्यक्ष जयंत शर्मा, मुकुल पवार एवं श्रीमती सारिका सिंह को मंचासीन करते हुए स्वागत परंपराओं का निर्वहन किया। तत्पश्चात अध्यापक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. सुरेश सिंह ने शिक्षक अभिभावक सम्मेलन के उद्देश्यों एवं महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में शिक्षक अभिभावक एसोसिएशन के मनोनीत अध्यक्ष अभिभाषण जयंत शर्मा द्वारा वक्तव्य दिया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. पारूल त्यागी ने अपने व्यक्त में अभिभावकों को छात्राओं के हित में महाविद्यालय के निरंतर संपर्क में रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम में सभी अभिभावकों ने अपने विचार रखें। शिक्षक अभिभावक सम्मेलन का समापन विभाग अध्यक्ष डॉ. सुरेश सिंह ने किया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में विभाग के सभी प्राध्यापकों प्रताप सिकदार, मुकुल पंवार, श्रीमति रेणु राजपूत, डॉ. नीलाक्षी, कु. रूकैय्या आदि का योगदान रहा।

# कुरी फार्म में वृहद किसान गोष्ठी

## विभिन्न कृषि यंत्रों का प्रदर्शन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** चीनी मिल स्योहारा के कुरी फार्म पर एक वृहद गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें को-238 के जनक पद्मश्री डॉ. बक्शीराम ने किसानों से कहा कि को-238 प्रजाति पूरी तरह से रेड रोट से ग्रसित हो चुकी है। अत: इसकी बुवाई कदापि न करें, इसके स्थान पर को-118, को-15023, को लख 14201 की बुवाई करें व जलभराव वाले क्षेत्र में को-98014 की बुवाई करें।

उन्होंने किसानों को बताया कि 5009 नाम की प्रजाति का बीज कभी भी कृषकों को वितरित नहीं किया गया, इसके नाम पर 5011 प्रजाति का गन्ना बोया गया है जो कि सामान्य प्रजाति है। डॉ. साहब ने बताया कि को-118 कि बुवाई करते समय बीज के ऊपर केवल 2 इंच मिट्टी ही डाले और इस प्रकार बनी नाली को जून तक बना रहने दे, यदि 2 इंच मिट्टी डालने से नमी कम हो रही हो तो, गूल में हल्का-हल्का पानी दे दे। को-15023 प्रजाति के गन्ने कि बुवाई में पोटाश की मात्रा 25-30 किग्रा प्रति एकड़ बुवाई पर अवश्य डाले। पोटाश की इतनी ही मात्रा मिट्टी चढ़ाते समय अवश्य जड़ों के पास डाले। मार्च माह में ग्रसित गन्नों को जड़ के पास से काट कर पशुओं को चारे में खिला दे एवं मई के अंतिम सप्ताह में कीटनाशक को 150 मिली मात्रा को 200 लीटर पानी में मिलाकर जड़ के पास ड्रेंचिंग करें। किसान भाइयों को यह भी आगाह किया कि बीज विक्रेताओं द्वारा 86032, 517, 11082, 5125 एवं 9709 के नाम पर अधिकतर अस्वीकृत प्रजातियों का गन्ना महंगे रेट पर बेचा जा रहा है। अत: भ्रमित न हो।

मिल के अधिशासी अध्यक्ष सुखवीर सिंह ने किसानों को बताया कि नवीन गन्ना प्रजातियों का बीज मिल फार्मो पर उगाकर कृषकों को उपलब्ध करवाया जाएगा। इसके अलावा चीनी मिल द्वारा अच्छी गुणवत्ता के कृषि निवेश उचित दरों पर उपलब्ध करवाये जाएंगे। गोष्ठी में मिल द्वारा विभिन्न कृषि यंत्रों का प्रदर्शन भी किया गया।

गोष्ठी में जिला गन्ना अधिकारी प्रभु नारायण सिंह, मिल के अधिशासी उपाध्यक्ष अशोक मित्तल, उपाध्यक्ष गन्ना प्रमोद कुमार, उपाध्यक्ष गन्ना अरविन्द सिंह, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक वीरेंद्र सहाय, सचिव स्योहारा प्रदीप शर्मा व क्षेत्र के 500 गणमान्य किसान उपस्थित रहे।

# सानिया खान 'मिस मौहम्मद अली जौहर' बनी

**नजीबाबाद।** नगर के मौहल्ला रम्पुरा स्थित मौहम्मद अली जौहर गर्ल्स इंटर कॉलेज में विदाई पार्टी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 11 की छात्राओं ने कक्षा 12 की छात्राओं को पार्टी देकर विदाई दी।

प्रधानाचार्य ज्योति शर्मा के निर्देशन में शिक्षिका, शगुफ्ता, बुशरा रहमान, फरहा, अलफिया, रूबी, आलिया खान ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। अध्यक्ष खुर्शीद आलम एड., मैनेजर मौहम्मद युनूस व प्रधानाचार्य ज्योति शर्मा ने छात्राओं को परीक्षापयोगी जानकारी देने के साथ उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में छात्रा कु. सानिया खान पुत्र शमशुद्दीन को ताज पहनाते हुए मिस मौहम्मद अली जौहर के खिताब से नवाजा गया। इस अवसर पर नजीबुद्दौला गर्ल्स इंटर कॉलेज की शिक्षिका गजाला रहमान उपस्थित रही।

# जागरण में भजनों पर झूमे श्रद्धालु

## झांकियां रही आकर्षण का केन्द्र



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** ग्राम हीरा खेमपुर में आयोजित विशाल भगवती जागरण में नवदुर्गा जागरण पार्टी की ओर से प्रस्तुत किए गए प्रभावी भजनों और माता रानी की भेंटों से वातावरण जगदंबिका मय बना रहा।

कार्यक्रम में माता रानी के दरबार के प्रसिद्ध भजन गायक प्रहलाद फकीरा ने विभिन्न भजनों की प्रभावी प्रस्तुतियों से समा बांध दिया। इसके अतिरिक्त प्रस्तुत की गई भगवान कृष्ण एवं राधा रानी तथा भगवान शंकर और माता पार्वती के साथ ही महाकाली के पावन स्वरूपों की झांकियां ने भी कार्यक्रम में धूम मचा दी।

प्रधान रोशन सिंह के संयोजन में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ सामूहिक पूजन से किया गया। पंडित दीपक शर्मा ने प्रभावी मंत्र उच्चारण के बीच संपादित कराया। सामूहिक गणेश वंदना एवं सरस्वती वंदना के बाद भजन गायक प्रहलाद फकीरा ने अनेक भजनों की प्रस्तुतियों के माध्यम से न केवल धूम मचा दी, बल्कि श्रद्धालुओं ने तालियों की सामूहिक गड़गड़ाहट के बीच उनकी प्रत्येक प्रस्तुति को सम्मान एवं प्रोत्साहन प्रदान किया।

नजीबाबाद निवासी आकांक्षु कुमार एवं आरती रानी वर्मा के निर्देशन में प्रस्तुत की गई विभिन्न झांकियों को भी बेहद सराहा गया। इस दौरान सभी श्रद्धालुओं के सिरों पर बंधी हुई माता रानी के दरबार की लाल चुनरिया आकर्षण का केंद्र बनी रही। कार्यक्रम में हरिद्वार से पधारे स्वामी बबलू गिरी जी महाराज तथा गुड्डू जौहरी परवाना, पंडित नरेंद्र कुमार शर्मा, बब्वल राजा ने भी माता रानी के चरणों में श्रद्धा भावना प्रदर्शित की।

कार्यक्रम का समापन तारा रानी की पारंपरिक कथा एवं सामूहिक आरती और कन्या पूजन तथा प्रसाद वितरण से किया गया।

# मिनी हॉकी स्टेडियम के निर्माण की प्रगति की समीक्षा



## शाइनिंग हॉकी क्लब की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** इफ्तिखार आलम उर्फ मुन्ना भाई की अध्यक्षता व डॉ. शेख नगीनवीं के संचालन में शाइनिंग हॉकी क्लब नगीना के पदाधिकारियों व सदस्यों द्वारा एक आवश्यक बैठक इकबाल मैमोरियल जूनियर हाई स्कूल में बुलाई गई।

बैठक में एमएम इंटर कॉलेज में प्रस्तावित मिनी हॉकी स्टेडियम के निर्माण की प्रगति की समीक्षा की गई। इस बाबत सचिव अफसार सिद्दीकी ने कार्यवाही की प्रगति के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर एम एम इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य शाहिद अली गौहर की पुत्री के अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी में मेडिकल कोर्स में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर उनको बधाई देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर इफ्तिखार आलम, सरदार अहमद, शमीम अहमद, जुबैर अहमद, शहजाद अहमद, अफसर अहमद, शेख नगीनवी, हसन जावेद, अनीस अहमद, शाहिद अली गौहर, मौहम्मद तारिक, अमान शम्सी उपस्थित रहे।

# पत्रकार परिषद ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

## वन क्षेत्राधिकारी पर अभद्र भाषा बोलने का आरोप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** पत्रकार परिषद चांदपुर के समस्त पदाधिकारियों एवं सदस्यगणों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी को देते हुए चांदपुर तहसील में कार्यरत वन क्षेत्राधिकारी द्वारा वरिष्ठ पत्रकारों के लिये अभद्र भाषा बोलने तथा वीडियो/आडियो में किसी मामले को निपटाने के लिये रूपयो के लेने की भाषा प्रतीत होने की उच्च स्तरीय जांच कराकर दोषी पाये जाने पर वन रेंजर के निलम्बन की कार्यवाही किये जाने की मांग की है।

ज्ञापन में पत्रकार परिषद के द्वारा कहा गया कि विगत दिनों सोशल मीडिया पर वीडियो/ऑडियो वायरल हुई है जिसमें चांदपुर तहसील के वन क्षेत्राधिकारी दुष्यंत कुमार सिंह अपने किसी खास व्यक्ति से किसी एक मामले को निपटाने के लिये ढाई लाख रू. तक की बात कर रहे है। साथ ही पत्रकार परिषद चांदपुर के संरक्षक नरेश जावा के लिये अत्यंत असभ्य भाषा का प्रयोग कर रहे हैं। वीडियो आडियो को ध्यान से सुना जाये तो रूपये की लेनदेन की बात स्पष्ट हो रही है जो कि प्रदेश सरकार में भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रही है। इतना ही नहीं एक वरिष्ठ किसान नेता के लिये भी असभ्य भाषा का प्रयोग किया जा रहा है।

इस सम्बंध में जिलाधिकारी एवं उप जिलाधिकारी चांदपुर को भी अवगत करा दिया गया है। पत्रकार परिषद के समस्त पदाधिकारियों ने उपजिलाधिकारी से मिलकर इस प्रकरण को गम्भीरता से लेते हुए दोषी अधिकारी के विरूद्ध दण्डनात्मक कार्यवाही करने की मांग की है। दस दिन के अंदर न्याय संगत कार्यवाही नहीं होने पर पत्रकार परिषद आन्दोलन करेगी, जिसकी जिम्मेदारी स्थानीय प्रशासन की होगी।

ज्ञापन देने वालों में अध्यक्ष मौहम्मद अजमल, सुभाष जावा, अजय कुमार कौशिक, पवनराज शर्मा, जितेन्द्र कुमार, नरेश जावा, एसबी गुप्ता आदि सहित अन्य पत्रकारगण शामिल रहे।

# संदूक का ताला तोड़ रहे चोर जाग होने पर भागे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** बीती रात चोरों ने एक घर को निशाना बनाते हुए संदूक का ताला तोड़कर चोरी करने का प्रयास किया। ताला तोड़ते हुए परिजन जाग गए और शोर मचा दिया। शोर सुनकर चोर वहां से भाग गए।

पैजनियां चौकी क्षेत्र के ग्राम तोहफापुर निवासी तालिब, जाकिर व उनकी मां सायरा रविवार की रात्रि परिजनों के साथ घर में सो रहे थे। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार चोर घर में दाखिल हो गए और संदूक का ताला तोड़ दिया। संदूक में करीब करीब 25 हजार रुपए व सोने चांदी के जेवर रखें थे। संदूक तोड़ने के दौरान उसमें से आवाज आने से घर में सो रहे लोग जाग गए और शोर मचा दिया। शोर सुनकर चोर संदूक में रखी नकदी व जेवरात छोड़कर फरार हो गए। संदूक का ताला टूटा देख परिजनों के होश उड़ गए।

उन्होंने मामले की सूचना डायल 112 पर पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच की। घटनास्थल का मुआयना करने के बाद पीड़ितों को कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस संबंध में थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि यह घटना संदिग्ध है। पीड़ित ने लिखित रूप में बयान दिया है कि गलतफहमी में पुलिस को सूचना दी गई थी। चोरी की वारदात नहीं थी।

## डॉ. प्रमोद शर्मा सम्मानित

**नजीबाबाद।** बरेली के प्रमुख व्यवसायी एवं सुप्रसिद्ध समाजसेवी राजीव बूबना ने डॉ. प्रमोद शर्मा प्रेम को उनकी साहित्यिक सेवाओं के लिए अपने आवास पर सम्मानित किया। श्री बूबना ने डॉ. प्रमोद शर्मा को उनकी रचनाओं के लिए अंगवस्त्र व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। प्रमोद शर्मा प्रेम ने बताया कि उनकी यह मुलाकात बेहद यादगार रही। बूबना जी का सरल स्वभाव और स्नेहिल व्यवहार अनुकरणीय है। इस मुलाकात के सूत्रधार प्रसिद्ध संचालक रोहित राकेश रहे। इस मौके पर श्री प्रेम के मित्र अजीत राघव मौजूद रहे।



सम्भल-पुलिस मुख्यालय की स्थापना को ग्राम कमलपुर सराय में भूमि का निरीक्षण करती हाइ पावर कमेटी।

# पुलिस मुख्यालय की स्थापना को पहुंची हाई पावर कमेटी

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** तहसील क्षेत्र में पुलिस मुख्यालय बनाने की कवायद रंग लाने लगी है। शासन की हाइ पावर कमेटी की टीम ने पहुंचकर विभिन्न स्थानों का मुआयना किया। टीम शासन को अपनी रिपोर्ट सौंपेगी।

विगत वर्ष 24 नवम्बर को हुई हिंसा के बाद से सुरक्षा की दृष्टि से नगर के आसपास पुलिस और जनपद का मुख्यालय बनाये जाने की मांग तेज हो गयी थी। विभिन्न संगठनों की मांग के अलावा प्रशासनिक स्तर से भी तहसील क्षेत्र में पीएसी बटालियन व पुलिस मुख्यालय की स्थापना के लिए शासन स्तर पर कवायद की गई थी। सुरक्षा के लिहाज़ से जिले का पुलिस मुख्यालय की स्थापना सम्भल में ही किए जाने को सत्ता से जुड़े स्थानीय नेताओं की और से भी शासन स्तर पर पैरवी की थी। सोमवार को शासन से गठित हाइ पावर कमेटी सम्भल पहुंची। कमेटी में शामिल अधिकारियों ने जनपद के कई स्थानो पर पुलिस मुख्यालय के निर्माण के लिए भूमि को देखा। सांय को पहुंची टीम ने क्षेत्र के कमलपुर सराय मे भूमि को देखा और स्थानीय अधिकारियों से जानकारी की। टीम में शामिल हाइ पावर कमेटी ने कई स्थानों पर भूमि मिलने की भी जानकारी ली। जगह-जगह मुआयना करने आयी कमेटी में शामिल अधिकारियों ने कोई जानकारी देने से इंकार कर दिया। माना जा रहा है कि कमेटी अब जल्द ही अपनी रिपोर्ट शासन को सौंपेगी। रिपोर्ट मिलने के बाद शासन स्तर से कोई निर्णय लिया जायेगा। इस मौके पर जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पेंसिया व पुलिस अधीक्षक के के विश्नोई के अलावा राजस्व विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे।

# 77 परीक्षा केन्द्रों पर सम्पन्न होंगी बोर्ड की परीक्षाएं

- दो पालियों में सम्पन्न होंगी परीक्षाएं, प्रथम पाली प्रात: 8:30 से दूसरी पाली 02:00 बजे होगी शुरू
- हाई स्कूल के 26946 व इंटरमीडिएट में 24474 परीक्षार्थी हैं पंजीकृत
- परीक्षा केन्द्रों पर सीसीटीवी कैमरे चौबीस घंटे रहेंगे क्रियाशील

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित हाई स्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षाएं जनपद के 77 परीक्षा केन्द्रों पर करायी जायेंगी। परीक्षाएं शांति पूर्वक व नकल विहीन सम्पन्न कराने को पुलिस-प्रशासन ने केन्द्र व्यवस्थापकों और प्रधानाचार्यो की बैठक लेकर जानकारी ली और मांग के अनुरूप शिक्षक/शिक्षिकाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित हाई स्कूलव इंटरमीडिएट की परीक्षाएं 24 फरवरी से प्रारम्भ होंगी। परीक्षाएं 12 मार्च तक चलेंगी। दो पालियों में होने वाली परीक्षा प्रथम पाली प्रात: 08:30 बजे से प्रात: 11:45 बजे तक एवं द्वितीय पाली अपरान्ह् 02:00 बजे से अपरान्ह 05:15 बजे तक सम्पन्न होंगी। बोर्ड परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने डीआर रिसोर्ट में जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पेंसिया की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आयोजित बैठक में जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया अधयक्षता में बताया गया कि इस वर्ष होने वाली बोर्ड की परीक्षाएं जनपद में 77 परीक्षा केन्द्र निर्धारित किये गये हैं। इन परीक्षा केन्द्रों पर हाईस्कूल के 26946 परीक्षार्थी एवं इण्टरमीडिएट के 24474 कुल 51420 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि सभी परीक्षा केन्द्रो पर भौतिक संसाधन उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी केन्द्र व्यवस्थापक/प्रधाानाचार्य की होगी। परीक्षा केन्द्रों पर केन्द्र वस्थापक बाह्य केन्द्रव्य वस्थापक व स्टेटिक मजिस्ट्रेट परीक्षा समय से एक घण्टा पूर्व पहुँचेंगे तथा सकुशल, शान्तिपूर्ण, शुचितापूर्ण व नकल विहीन परीक्षा कराने के लिए पूर्ण रूप से उत्तरदायित्व होंगे। सभी परीक्षा केन्द्रों पर प्रश्न पत्रों को सुरक्षित रखने हेतु स्ट्रांग रूम में डबल लॉक युक्त स्टील की चार अलमारी होंगी। स्ट्रांग रूम में वॉयस रिकार्ड युक्त दो सीसीटीवी कैमरे 24x7 क्रियाशील रहेंगे। सभी परीक्षा की रिकाडिंग 6 माह तक सुरक्षित रहेगी। परीक्षा केन्द्र पर साफ-सफाई, परीक्षा कक्षों में प्रकाश की व्यवस्था, शुद्व पेयजल एवं बालक-बालिकाओं के लिए स्वच्छ शौचालय की व्यवस्था केन्द्रव्य वस्थापक द्वारा की जायेंगी। परीक्षा उपरान्त शील्ड उत्तर पुस्तिकाओं के बण्डल पुलिस अभिरक्षा में संकलन केन्द्र तक बन्द वाहन द्वारा सुरक्षित पहुँचाये जायेंगे। साथ ही साथ पुलिस अधीक्षक द्वारा भी बैठक में उपस्थित सभी परीक्षा केन्द्रों को केन्द्रव्य वस्थापको को पुलिस व्यवस्था समय से उपलब्ध एवं परीक्षा को शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने का आश्वासन दिया। जिलाधिकारी ने बैठक में उपस्थित जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, सम्भल को निर्देश दिये गये है कि बोर्ड परीक्षा वर्ष 2025 को सकुशल एवं निर्विघ्न सम्पन्न कराने हेतु जिला विद्यालय निरीक्षक सम्भल की कक्ष निरीक्षक की मांग के अनुरूप शिक्षक शिक्षिकाऐं उपलब्ध कराते हुए समय से परीक्षा केन्द्रों उपस्थित होने हेतु निर्देशित करें। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, सम्भल ने भी बैठक में परीक्षा पूर्ण सहयोग करने का आश्वासन दिया। श्यामा कुमार जिला विद्यालय निरीक्षक, सम्भल, कृष्ण उपाध्याय राजकीय मॉडल इ.का. नदरौली, संजीव कुमार सक्सैना प्रधानाध्यापक राजकीय उ.मा.वि. बेरनी, एवं सी.पी. सिंह प्रधानाचार्य राजकीय इ.का. लहरावन, मौजूद रहे। जोनल/सेक्टर/स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केन्द्रव्य वस्थापक, वाह्य केन्द्रव्य वस्थापक को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। जनपद में 77 परीक्षा केन्द्रों पर लगे केन्द्रव्य वस्थापक, 77 वाह्य केन्द्रव्य वस्थापक, 77 स्टेटिक मजिस्ट्रेट, 14 सेक्टर मजिस्ट्रेट लगे है जिनमें से 05 वाह्य केन्द्रव्य वस्थापक अनुपस्थित रहें, 16 स्टेटिक मजिस्ट्रेट एवं 01 सेक्टर मजिस्ट्रेट अनुपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने अनुपस्थित रहें कार्मिकों को सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिये।

# प्राचीन काशीकुंड के रास्ते पर अवैध कब्ज़ा मुक्त कराने को की गइ पैमाइश

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** काशीकुंड को जाने वाले रास्ते को कब्ज़ा मुक्त कराने की मुख्यमंत्री से की गई शिकायत रंग लाने लगी है। ग्रामीणों की शिकायत पर तहसील प्रशासन की टीम ने नापतौल की। इस दौरान चौकी के पुलिस कर्मी मौजूद रहे। विकासखंड पवांसा की तहसील सम्भल क्षेत्र के ग्राम पवांसा के ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर पवांसा के जंगल में स्थित प्राचीन काशी कुंड को जाने वाले रास्ते पर अवैधा कब्जा किए जाने की शिकायत दर्ज करायी थी। मुख्यमंत्री नोर्टल पर दर्ज शिकायत पर सोमवार को प्रशासनिक टीम ने मौके पर पहुंचकर किसानों की मौजूदगी में चकरोड मार्ग की पैमाई कराई और निशान लगवाए। इस मौके पर कानूनगो उरमान सिंह यादव, हल्का लेखपाल सचिन यादव, लेखपाल मनोज कुमार, आदि तहसील प्रशासन से मौजूद रहे। वही सुरक्षा की दृष्टि से डायल 112 पुलिस और पवांसा चौकी को पुलिस भी मौजूद रही। टीम अपनी रिपोर्ट बनाकर उच्च अधिकारियों को भेजने के लिए कहा। दूसरी ओर मौजूद किसानों का आरोप है कि मौजूदा प्रधान पति एवं पूर्व प्रधान पति की साठ-गांठ तहसील प्रशासन से है। तहसील प्रशासन उन्हीं लोगों के इशारे पर काम कर रहा है। ग्रामीणों को कहना है उन्हें चक मार्ग से कोई आपत्ति नहीं परंतु इसकी नापतोल सही हिसाब से की जाए एवं इस समय हरी फसल खेतों में खड़ी है। फसल कटने के बाद चक मार्ग डाल दिया जाए और काशी कुंड जाने वाले सभी चक मार्गों को खोला जाए। एक ही चक मार्ग को खोलकर हमें परेशान किया जा रहा है एवं दबंग किसानों को लाभ पहुंचाया जा रहा है।

# सात साल के मौ. अली अहमद बने हाफिज़

**शाह टाइम्स, ब्यूरो**



**सम्भल।** सात साल के मासूम ने मुकददस किताब हिफ्ज किया तो परिवार मे खुशियों का ठिकाना नहीं रहा। परिवार और आसपास के लोगों ने मासूम का हौंसला बढ़ाते हुए इस्तकबाल किया।

नगर के मौहल्ला कोट गर्बी निवासी मौहम्मद अगलब मिस्बाही के सात साल के मासूम मौहम्मद अली अहमद ने मुकददस किताब हिफ्ज कर परिवार का नाम रौशन किया। माता-पिता का सपना पूरा करने पर परिवार में खुशियों का ठिकाना नहीं रहा। इस विशेष मौके पर मासूम मौहम्मद अली अहमद के दादा जमीर ठेकेदार और चाचा मन्नान पठान व पिता मौहम्मद अगलब मिस्बाही ने फूल मालाओं से इस्तकबाल करते हुए खूब हौंसला अफजाई की। मुकददस किताब (कुरआन) हिफ्ज करने पर नज्र का आयोजन कर दस्तरख्वान वसी करते हुए तर्बरूक का वितरण किया गया।पिता मौहम्मद अली अहमद के पिता ने बोलते हुए कहा कि उनका बेटा बचपन से ही पैदा होने के बाद गोद मे उस वक्त रहता था जब वह कुरआने पाक की तिलावत किया करते थे। उनका ख्वाब भी यही था की बेटा हाफिज बने ओर आज यह ख्वाब पूरा हुआ है। यकीनन इरादा मजबूत और नेक हो तो बच्चों को एक अच्छी दीनी तालिम दी जा सकती है। यह सब ख्वाजा गरीब नवाज और हजरत मखदूम साबिर पाक की दुआओं का नतीजा है। दादा जमीर ठेकेदार ने कहा कि यह उनके परिवार की खुश नसीबी है। इस मौके पर यासर वकास, मौहम्मद कासिम, आसिफ खां, मन्नान पठान आदि मौजूद रहे।



सम्भल-बचपन बचाओ आप्रेशन में भटटे पर काम करते मजदूरों को जागरूक करते एक्सेस जस्टिस फॉर चिल्ड्रेन संस्था के लोग।





सम्भल-रेलवे स्टेशन पर हादसे के लिए जिम्मेदारों पर कार्रवाई और रेलमंत्री के इस्तीफे की मांग को ज्ञापन देते अअस के कार्यकर्ता।

कारखानों होटलों में काम करने वाले बच्चों के अभिभावकों को किया शिक्षा के लिए प्रेरित

# बचपन बचाओ आप्रेशन में किया गया जागरूक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** आप्रेशन बचपन बचाओ के तहत बाल श्रम, बाल तस्करी विरोधी व जागरूकता अभियान चलाया गया।

एक्सेस टू जस्टिस फॉर चिल्ड्रन के संयुक्त तत्वावधान में प्रोजेक्ट मेनेजर गौरी शंकर और हयात नगर थाना प्रभारी चमन सिंह के संयुक्त नेतृत्व में चलाये गए बचपन बचाओ के तहत हयातनगर सरायतरीन के आस पास कारखानों होटलों दुकानों पर बाल श्रम मुक्ति अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान बाल मजदूरी में संलिप्त नाबालिग बच्चों को स्कूल भेजनें को परिजनों को प्रेरित किया गया। साथ ही सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर आम जनमानस को टोल फ्री नंबर 1098, 112, के महत्व के बारे में बताया। थाना प्रभारी चमन सिंह ने कहा कि बाल विवाह एक सामाजिक बुराई और कानून का उल्लंघन है, जो बालिकाओं की शिक्षा, सुरक्षा, स्वास्थ्य और विकास में बाधा है। उनके सपनों को साकार होने से रोकता है। इसलिए समाज में किसी भी बालिका का बाल विवाह न हो। बच्चे हमारे देश के भविष्य है और उनके अधिकारों की रक्षा करना पुलिस का कर्तव्य है इसलिए हम किसी भी हालत में बाल अपराध नहीं होने देंगे। अभियान में सरायतरीन चौकी प्रभारी सुधीर कुमार, एसआई आदित्य कुमार, हेड कांस्टेबल विपिन कुमार, कां. संदीप कुमार, प्रयत्न संस्था के फील्ड कॉआर्डिनेटर फरजन्द अली वारसी, एवं सिराज अहमद मौजूद रहे।



सम्भल-महाकुम्भ में स्नान को श्रद्धालुओं का स्वागत कर रवाना करते हिजांम के कार्यकर्ता।

# हादसे के लिए जिम्मेदार रेलमंत्री के इस्तीफे की मांग

- आजाद अधिकार सेना ने राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई भगदड़ में यात्रियों की मौत पर आजाद अधिकार सेना के कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा। ज्ञापन में रेलमंत्री के इस्तीफे और जिम्मेदारों पर कार्यवाही व एक करोड़ मुआवजा दिये जाने की मांग की।

सोमवार को आज़ाद अधिकार सेना के जिलाध्यक्ष सरोश अहमद के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा। ज्ञापन में नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ के लिए रेलमंत्री व केन्द्र सरकार की नाकामयाबी का नतीजा बताया। ज्ञापन में रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव पर गैर जिम्मेदाराना आचरण का आरोप लगाकर उनके इस्तीफे की मांग की जबकि हादसे में मरने वालों के कम मुआवज़ा देने पर रोष जताकर एक-एक करोड़ और घायलों को पचास-पचास लाख का मुआवज़ा दिये जाने की मांग की।इसके अलावा हादसे के लिए जिम्मेदार कर्मचारियों और अधिकारियों को भी कठोरतम कार्यवाही करने की मांग की गयी। ज्ञापन देने वालों में खिजर गौस, ज़रीफ मिर्ज़ा, फैज़ान आदि मौजूद रहे।

## वारंटी को मकान से किया गिरफ्तार

**सिरसी।** फरार चल रहे वारंटी को पुलिस ने धर दबौच लिया। उसका चालान कर दिया गया।

जनपद मुरादाबाद के मेनाठेर थाना क्षेत्र के ग्राम महमूदपुर माफी निवासी सलारा पुत्र हसन अली के विरूद्व हजरत नगर गढ़ी थाने में धारा 379 का मुकदमा दर्ज है। आरोपी फरार चल रहा था। उसके विरूद्व गिरफ्तारी वारंट जारीर किए गए थे। चौकी प्रभारी कोविन्द्र शर्मा व हेड कांस्अेबल सोबरन सिंह ने वारंटी को उसके मकान से गिरफ्तार कर लिया।

## बेटियों को दिया प्रशिक्षण

**सम्भल।** जिला प्रोबेशन अधिकारी चंद्र भूषण ने बताया कि डीएम के निर्देशों पर पीएम श्री विद्यालय पाठकपुर में आत्मरक्षा शिविर का समापन किया गया।

# कुम्भ स्नान से खुलता है मोक्ष द्वार

- हिजामं ने पुष्प वर्षा करके 54 तीर्थ यात्रियों को किया विदा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** हिंदू जागृति मंच की ओर से 54 तीर्थ यात्रियों के साथ एक बस प्रयागराज में कुंभ मेले को गई। हिंदू जागृति मंच के राकेश रस्तोगी, मनमोहन गुप्ता, सतीश कुमार शर्मा, राजेंद्र सिंह गुर्जर, सुबोध शर्मा,गंगा रस्तोगी,सुभाष चंद्र मोंगिया आदि अनेक कार्यकर्ताओं ने सभी तीर्थ यात्रियों को माल्यार्पण करके और पुष्प वर्षा करके गंगा मैया की जय जयकार के साथ विदा किया। इस अवसर पर अधिवक्ता राकेश रस्तोगी ने कहा कि कुंभ स्नान से मोक्ष मार्ग का द्वार खुलता है। अर्थात जो महत्व कुंभ स्नान का है वह स्थान अन्यत्र सहजता से नहीं मिलता। हिंदू जागृति मंच के प्रदेश अधयक्ष अजय कुमार शर्मा ने सभी तीर्थ यात्रियों को तिलक लगाकर विदा करते हुए कहा कि हिंदू जागृति मंच की व्यवस्था के अनुसार सभी 54 तीर्थ यात्री महाकुंभ मेले में पहुंचकर संगम में स्नान कर दिव्य फल को प्राप्त करेंगे। इस अवसर पर हिंदू जागृति मंच के सभी सदस्यों ने राम प्रकाश शर्मा, शीतल गुप्ता, राजेश गुप्ता, सरिता गुप्ता, रोहित गुप्ता,कपिल गुप्ता आदि 54 तीर्थ यात्रियों को सामूहिक रूप से विदा किया। सभी तीर्थ यात्रियों का जत्था हिंदू जागृति मंच के महामंत्री अंकुर रस्तोगी तथा महिला मंच की नगर अध्यक्ष शालिनी रस्तोगी के नेतृत्व में प्रयागराज महाकुंभ की तीर्थ यात्रा करेंगे। यात्रा में अनुशासन व्यवस्था और उत्तम व्यवहार का विशेष ध्यान रखा जाएगा। चंदौसी चौराहा के पास रिलायंस पेट्रोल पंप पर हिंदू जागृति मंच के अनेक सदस्यों ने माल्यार्पण और पुष्प वर्षा करते हुए 3 दिन की तीर्थ यात्र पर रहने खाने विश्राम करने तथा घूमने के विशेष टिप्स और सावधानियां बताई। संपूर्ण तीर्थ यात्रा का नेतृत्व अंकुर रस्तोगी एवं शालिनी रस्तोगी करेंगे।

# आप्रेशन मुस्कान में माता-पिता को सौंपा बालक

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** पुलिस के आप्रेशन मुस्कान में लापता बालक के परिजनों को तलाश कर सुपुर्द किया गया। बच्चे को पाकर परिजनों के चेहरे खिल गए।

हयात नगर कोतवाली क्षेत्र के मौहल्ला हयात नगर निवासी मौ. आरिफ ने थाना पुलिस को एक छोटा बच्च्चा (04) के साथ कस्बा हयात नगर में मिलने की जानकारी दभ। लावारिस हालत में मिला बालक अपने माता-पिता का नाम नहीं बता पा रहा ाा। पुलिस ने भी बालक से पूछा तो वह अपने माता-पिता की जानकारी नहीं दे सका। हयात नगर कोतवाली प्रभारी ने बालक के परिजनों का पता लगाने को कां. सचिन कुमार त्यागी व कां. मौ. इमरान की टीम का गठन किया गया। टीम ने बच्चे के माता-पिता को ढूंढने की कवायद शुरू की। पुलिस के लगातार किए गए प्रयासों और जगह-जगह व मोहल्लें में की गई जानकारी करने के साथ सोशल मीडिया पर फोटो वायरल करते ही उसके माता-पिता की जानकारी मिल गई। बालक मंगलपुरा कच्चा इलाका तलैया निवासी शमीम पत्नी मुशाहिद का निकला। पुलिस ने माता-पिता को सुपुर्द कर दिया।

# जननायक कर्पूरी ठाकुर को जयंती पर श्रद्धासुमन अर्पित

- कांग्रेसियों ने गोष्ठी में डाला जीवन पर प्रकाश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** कांग्रेस कार्यालय आलम सराय पर पूर्व मुख्यमंत्री जननायक कर्पूरी ठाकुर जी की पुण्यतिथि मनाई गई

जिला एवं शहर कांग्रेस के संयुक्त तत्वावधान में आज पूर्व मुख्यमंत्री जन नायक एवं स्वतंत्र्ता सेनानी कर्पूरी ठाकुर जी की पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किए गए इसके उपरांत गोष्ठी में उनके जीवन पर प्रकाश डाला गया जिसमें वक्ताओं ने कहा की जननायक कर्पूरी ठाकुर जी पेसे से शिक्षक थे उन्होंने भारत की आजादी में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया वह महान स्वतंत्रता सेनानी थे बिहार के उपमुख्यमंत्री रहे हैं तथा दो बार बिहार के मुख्यमंत्री पद पर रहे उन्हें लोकप्रियता के कारण लोग जननायक के नाम से जानते हैं उनके मरणोपरांत भारत सरकार द्वारा भारत रत्न का की उपाधि के लिए चुना गया वह लालू प्रसाद यादव नीतीश कुमार रामविलास पासवान एवं सुशील कुमार मोदी के राजनीतिक गुरु रहे हैं उनके जीवन को एवं भारत के लिए उनके योगदान को लोग हमेशा याद करते रहेंगे। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष विजय शर्माय शहर अध्यक्ष तौकीर अहमद, अमित कुमार उठवाल एडवोकेट, शिव किशोर गौतम, आरिफ तुर्की, अकील अहमद, इरफान खान, तहसीन सैफी, रेहान फैजान, फराज, समीर कादिर आदि उपस्थित रहे।



सम्भल-जननायक कर्पूरी ठाकुर को जयंती पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते कांग्रेसी।

# 35 दिवसीय राम चरित मानस के समापन पर हुआ भंडारा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** गोपाल धाम बावरे आश्रम पर चल रही 35 दिवसीय रामचरित मानस पाठ के समापन पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में दर्जनों गांवो के हज़ारों श्रृद्वालुओ ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया।

तहसील क्षेत्र के ग्राम सिहावली स्थित श्रीगोपालधाम बाबरे बाबा आश्रम पर विगत 13 जनवरी से अखंड रामचरितमानस का पाठ हो रहा था। जिसमें गांव के लोगो तथा संतजनों द्वारा पाठ किया जा रहा था। सोमवार को रामचरितमानस पाठ के समापन पर सुबह के समय यज्ञ किया गया।यज्ञ में गांव के श्रृद्वालुओं के अलावा संतो ने प्रतिभाग किया। तत्पश्चात भंडारे का प्रसाद ग्रहण कराया। जिसमें सिहावली, खरसपा, सौंधन मौहम्मदपुर, बागड़पुर इम्मा, नारंगपुर, गौंहत, चाचू नांगल, खानूपुरा,कैलादेवी, निरयावली, रौरादीप,भमौरी पटटी, सारंगपुर, अमावती, देवरी, रझेड़ा सलेमपुर, नूरपुर ततारपुर, के अलावा दर्जनों गांवो तथा गैर जनपदों के भक्त आश्रम पर पहुंचे और प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान आश्रम के महंत बालक दास महाराज, विवेकानंद जी महाराज, विष्णुनंद जी महाराज के नेतृत्व भंडारा सम्पन्न हुआ। जिसमें सभी ग्रामीणों ने सहयोग किया। सौंधन रामनिवास स्मारक उदयवीर सिंह इंटर कॉलेज के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं व विद्यार्थियों ने भी प्रसाद ग्रहण किया।

## पहले दिन पहली पाली में बारह परीक्षार्थी अनुपस्थिति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सिरसी।** उत्तर प्रदेश मदरसा बोर्ड की जामे इमाम मेंहदी में आयोजित परीक्षा में पहले दिन बारह परीक्षार्थी गैर हाजिर रहे।

कस्बा सिरसी स्थित मदरसे में मदरसा बोर्ड की परीक्षा का आयोजन किया गया। पहले दिन पहली पारी में करायी कई परीक्षा में सेकेन्ड्री कक्षा की परीक्षा में पचास में से दस व सीनियर सेकेन्ड्री की दूसरी पाली में सत्तारह में से दो परीक्षार्थी गैर हाजिर रहे। परीक्षा नकल विहीन शांत माहौल में सम्पन्न हुई। परीक्षा के दौरान कक्षों में कड़ी निगरानी रखी गई।

# समाचार एक नज़र में

## मदरसा बोर्ड परीक्षा में 48 गैरहाजिर

**कुन्दरकी।** मदरसा शिक्षा परिषद लखनऊ द्वारा संचालित मदरसा बोर्ड परीक्षा के परीक्षा केन्द्र जे एल एम इण्टर कॉलेज पर पहले दिन की परीक्षा मे 48 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा प्रभारी तसलीम खघन ने बताया कि



सुबह की पाली में पंजीकृत 246 में से 33 तथा दोपहर की पाली में 123 में से 15 परीक्षार्थी गैर हाजिर रहे। केन्द्र व्यवस्थापक रफत अली खान, अतिरिक्त केन्द्र व्यवस्थापक मोहम्मद लुकमान, पर्यवेक्षक इसरार हुसैन रहे।

## गोष्ठी में छात्राओं को किया जागरूक

**मुरादाबाद।** महिला सुरक्षा दल जनपद मुरादाबाद स्तरीय टीम द्वारा कौशल्या गर्ल्स इंटर कॉलेज थाना नागफनी में छात्राओं के साथ गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी में मिशन शक्ति अभियान फेज 5 के अंतर्गत बालिकाओं को 90 दिवसीय चल रहे मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत मुरादाबाद एंटी रोमियो प्रभारी चंद्रप्रभा गौतम की टीम द्वारा ऑपरेशन गरुड़,



आपरेशन शील्ड, आपरेशन डेस्ट्राय, आपरेशन बचपन, आपरेशन खोज, आपरेशन मजनू, आपरेशन नशा मुक्ति, आपरेशन रक्षा, आपरेशन ईगल के सम्बन्ध में छात्राओं को एकत्रित कर जानकारी दी तथा सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं जैसे विधवा पेंशन योजना,वृध्दावस्था पेंशन योजना,सुकन्या समृद्धि योजना,प्रधानमंत्री आवास योजना,मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना ,कृषि कर भुगतान योजना, कन्या सुमंगला योजना , प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना आदि से अवगत कराते हुए छात्राओं को उनकी सुरक्षा एवं सम्मान के प्रति जागरूक करते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों जैसे वूमेन पावर लाइन 1090,घरेलू हिंसा हेल्पलाइन 181,पुलिस आपातकालीन सेवा 112,स्वास्थ्य सेवा 102,108,मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 1076, चाइल्ड लाइन 1098, साइबर क्राइम 1930, कोरोना हेल्पलाइन 1075 आदि के बारे में विस्तार से जानकारी देकर छात्राओ और अध्यापिकोंयो को जागरूक किया गया।

## खाली घर देखकर चोर ने किया लाखों के माल पर हाथ साफ, रिपोर्ट दर्ज

**कांठ ( शाह टाइम्स )** थाना क्षेत्र के गांव सुंदरपुर चाउपुरा निवासी विमला पत्नी हेमराज पहली फरवरी को पति के साथ अपनी रिश्तेदारी में शादी के लिए घर में ताला डाल कर गई थी। 7 फरबरी को दोपहर 1.30 बजे वह अपने घर बापिस आयी तो देखा कि घर के तीनो कमरो का ताला टुटा हुआ था । ओर घर की अलमारी व सन्दूक का लांक तोडकर सामान भी खुर्द बुर्द था। तलाश करने पर चाँदी तगडी, कुल्हा, नोज पिन व पति की सोने की अंगुठी, पुत्री सुमन की तीन जोडी पैरो की पाजेब, तीन जोडी कानो की झुमकी, एक मंगलसूत्र, चाँदी की गले की जंजीर, व एक नाक की लोंग सोने, व 49500 रुपए गायब थे। महिला ने गांव के कुलदीप पुत्र गोविन्दा पर चोरी का शक जाहिर करते हुए थाने में तहरीर दी पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की है।

## भाजपा जाति और धर्म की बात करके कर रही है नफरत फैलाने का काम: जयवीर यादव

**कांठ ( शाह टाइम्स )** समाजवादी पार्टी ने कांठ के ग्राम अलीपुरा की मडैया में पीडीए की पंचायत का आयोजन किया जिसमें जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव ने कहा कि आज की सरकार शिक्षा,स्वास्थ्य, रोजगार आदि



समस्याओ की बात न करके सिर्फ जाति धर्म की बात कर लोगों में नफरत फैलाकर आपस में वैमनस्य फैलाने का कार्य कर रही है कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त है मंहगाई चरम पर है सामाजिक न्याय की लड़ाई समाजवादी ही लडते रहे हैं इसलिए 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाएं और अपने बच्चों का भविष्य उज्जवल बनाने का काम करें । इस अवसर पर जयवीर सिंह यादव, नाजिम अली सैफी, विक्रम सिंह यादव, प्रदीप कुमार यादव, जयपाल सिंह सैनी,अमजद अली कैलाश सिंह सैनी,विजेंद्र सैनी,करन सिंह सैनी,हरपाल सैनी,चरनसिंह सैनी,होरी सैनी,विजयपाल सैनी,वीर सिंह सैनी,कमल सैनी,महेंद्र सैनी,पवन सैनी,पिंटू सैनी आदि काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## ट्रिपल राइडिंग में पुलिस ने काटे चालान

**कांठ( शाह टाइम्स )** ट्रिपल राइडिंग अवैध नंबर प्लेट और मानक के विपरीत साइलेंसर के खिलाफ आज पुलिस ने अतिक्रमण के साथ-साथ यह अभियान भी चला दिया। जिसमें कई बाइक सवार चपेट में आ गए पुलिस ने



उनका चालान काटा। बतादे की बाईकों में मानक के विपरीत साइलेंसर लगाकर फायर करने, बिना मानक के नंबर प्लेट लगाकर चलने और ट्रिपल राइडिंग को अपनी आदत में शुमार कर लिया है। जगह-जगह चेकिंग होने के बाद भी बाइक सवार खुलेआम सड़कों पर निकलकर कानून का उल्लंघन करते देखे जाते हैं। आज जब पुलिस अतिक्रमण हटाने के लिए मुख्य मार्ग पर निकली तो इस तरह के कई बाइक सवार पुलिस के हत्थे चढ़ गए जो पुलिस के सवालों का कोई जवाब नहीं दे पाए उप निरीक्षक लईक अहमद ने ऐसे लोगों की फोटोग्राफी कर उनका चालान काट दिया।

# अतिक्रमण के खिलाफ चली नगर पंचायत की जेसीबी, नालों पर पड़े अवैध पत्थरों को हटाया

**कांठ ( शाह टाइम्स )** अधिकारियों के आदेश पर आज फिर अतिक्रमण के खिलाफ नगर पंचायत की जेसीबी चल पड़ी जिसे जहां भी अतिक्रमण मिला वही उसे ध्वस्त कर दिया गया नगर पंचायत कर्मचारियो ने काफी सामान जप्त कर नगर पंचायत कार्यालय में जमा कर दिया।

बतादे कि अतिक्रमण को लेकर अब प्रशासन गंभीर हो चुका है पिछले सप्ताह भी एसडीएम ने अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई की थी जिससे दो-तीन दिन कुछ अतिक्रमण में कमी आई लेकिन उसके बाद फिर अतिक्रमण अपनी जगह पर आ गया आज फिर पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के मुताबिक नगर पंचायत के कर्मचारी रेलवे स्टेशन के मोड़ से सड़क पर उतरे, घरों के आगे खड़े वाहनों का चालान काट दिया गया। जिन दुकानदारों ने अपना सामान सड़क किनारे लगाकर अतिक्रमण कर रखा था उन पर जुर्माना लगाकर वसूला गया। स्थाई अतिक्रमण को जेसीबी की मदद से हटाया गया लाल मस्जिद की दुकानों में दुकानदार द्वारा नाले के ऊपर सामान रखकर किए जा रहे अतिक्रमण को पुलिस ने हटवाने का काम किया हालांकि दुकानदार ने इसका विरोध किया लेकिन पुलिस की सख्त निगाहें देखकर दुकान दार को खामोश रहने में ही भलाई लगी। इसके बाद कब्रिस्तान के सामने नालों पर हो रहे स्थाई अतिक्रमण को जेसीबी की मदद से हटाया गया नाले को पाट कर दुकान लगाने के लिए डाले गए पत्थरों को जेसीबी से हटवा दिया गया। लकड़ी के तख्तों को नगर पंचायत की टीम ने उठाकर नगर पंचायत कार्यालय में जमा कर दिया। पुलिस अधिकारियों ने साफ कहा कि अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ अब सख्त कार्रवाई होगी।





## अतिक्रमण हटाने गई टीम ही आज बन गई जाम का कारण

**कांठ( शाह टाइम्स )** नगर को जाम से बचाने के लिए की गई कार्यवाही ही आज जाम का कारण बन गई अतिक्रमण हटा रही टीम के कारण सड़क पर घंटो जाम से लोगों को जूझना पड़ा। बतादे की जाम से निजाद दिलाने के लिए प्रशासन ने अतिक्रमण हटाने का निर्णय लिया है जिसके तहत आज नगर पंचायत की टीम अतिक्रमण हटाने के लिए मुख्य मार्ग पर निकली लेकिन अतिक्रमण के जप्त किए सामान को ट्राली में भरने के दौरान सड़कों पर जाम लग गया जिसे हटाने में काफी समय लग गया। जिससे लोगों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ा नगर के लोगों ने अतिक्रमण के खिलाफ की गई कार्यवाही को लगातार चलाए जाने की मांग की है लोगों का कहना है कि एक दिन अतिक्रमण हटाकर टीम एक सप्ताह के लिए शांत हो जाती है और इसी का फायदा उठाकर अतिक्रमण करने वाले फिर सड़क पर अतिक्रमण करना शुरू कर देते हैं। इसके खिलाफ जब कार्रवाई होती है तो लोगों के जवावबाड़े के कारण सड़कों पर जाम के हालात बन जाते हैं नगर एवं क्षेत्र के लोगों ने अतिक्रमण के खिलाफ लगातार अभियान चलाए जाने की मांग की है।



## हॉवर्ड कान्वेंट की प्रधानाचार्य रेनू विश्नोई ने बोर्ड परीक्षा के परीक्षार्थियों को दिए सफलता के टिप्स

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** हॉवर्ड कॉन्वेंट स्कूल, कांठ, की प्रधानाचार्य रेनू विश्नोई ने बोर्ड परीक्षाओं को लेकर छात्रों और उनके माता-पिता के लिए प्रेरणा दायक संदेश दिया। उन्होंने कहा कि छात्रों को नियमित अध्ययन करना सफलता की कुंजी है। छात्रों को अपने अध्ययन को व्यवस्थित करना चाहिए और समय सारणी का पालन करना चाहिए। पिछले वर्षों के प्रश्न पत्रों का अध्ययन करना छात्रों को परीक्षा के पैटर्न और प्रश्नों के प्रकार को समझने में मदद कर सकता है।

नोट्स बनाना छात्रों को महत्वपूर्ण बिंदुओं को याद रखने में मदद कर सकता है। छात्रों को अपने नोट्स को व्यवस्थित और संगठित रखना चाहिए। अभ्यास करना छात्रों को अपने ज्ञान और कौशल को मजबूत करने में मदद कर सकता है। छात्रों को नियमित रूप से अभ्यास करना चाहिए। स्वास्थ्य का ध्यान रखना छात्रों को अपने अध्ययन और परीक्षा की तैयारी में मदद कर सकता है। छात्रों को नियमित रूप से व्यायाम करना, स्वस्थ भोजन करना और पर्याप्त नींद लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि माता पिता को भी छात्रों को सहयोग देना चाहिए और उन्हें अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करनी चाहिए।माता-पिता को चाहिए कि अपने बच्चों की प्रगति की निगरानी और उन्हें अपने अध्ययन में मदद करे। माता-पिता को अपने बच्चों को तनावमुक्त रखने के लिए मदद करनी चाहिए और उन्हें अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखने के लिए प्रेरित करना चाहिए। माता-पिता को अपने बच्चों के साथ संवाद करना चाहिए और उन्हें अपने विचारों और भावनाओं को व्यक्त करने के लिए प्रेरित करना चाहिए। माता-पिता को अपने बच्चों को प्रेरित करना चाहिए और उन्हें अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए।



उन्होंने कहा, कि बोर्ड परीक्षा एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, लेकिन यह आपके जीवन का अंतिम लक्ष्य नहीं है। अपने लक्ष्यों पर ध्यान केंद्रित रखें, नियमित अध्ययन करें और अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आप अपने सपनों को पूरा कर सकते है।उन्होंने सभी बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित छात्रों को शुभकामनाएं दी।

## टिमिट में 'करियर आफ्टर ग्रेजुएशन' पर करियर काउंसलिंग सत्र आयोजित

**मुरादाबाद।** टिमिट के सभागार में बीबीए प्रथम वर्ष के छात्रों के लिए 'करियर आफ्टर ग्रेजुएशन' विषय पर करियर काउंसलिंग सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र के मुख्य वक्ता मि. ऋतुराज सक्सेना (डायरेक्टर, टाइम्स इंस्टीट्यूट) थे, जिन्होंने छात्रों को ग्रेजुएशन के बाद उपलब्ध करियर विकल्पों, उच्च शिक्षा के अवसरों और उद्योग में बढ़ती आवश्यकताओं पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने प्रतियोगी परीक्षाओं, स्टार्टअप्स, कॉर्पोरेट करियर और अन्य संभावनाओं पर चर्चा की। सत्र का आयोजन सेमिनार हॉल, टिमिट-कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट में किया गया, जिसमें बीबीए प्रथम वर्ष के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। छात्रों ने अपने करियर से संबंधित प्रश्न पूछे, जिनका विशेषज्ञ द्वारा समाधान दिया। सत्र के अंत में टिमिट के डीन, प्रोफेसर विपिन जैन ने अपने उद्बोधन में छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि "आज के प्रतिस्पर्धी युग में केवल डिग्री प्राप्त कर लेना पर्याप्त नहीं है,




बल्कि सही करियर योजना और कौशल विकास आवश्यक है। प्रत्येक छात्र को अपने रुचि क्षेत्र की पहचान करनी चाहिए और उसी दिशा में मेहनत करनी चाहिए।" उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ग्रेजुएशन के बाद सही निर्णय लेने के लिए जागरूकता और मार्गदर्शन आवश्यक है, और यह सत्र इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। प्रोफेसर जैन ने छात्रों को नवाचार, उद्यमिता और नेतृत्व कौशल विकसित करने की सलाह दी। उन्होंने यह भी कहा कि "टिमिट हमेशा अपने छात्रों को समग्र विकास और व्यावसायिक सफलता की दिशा में प्रेरित करता रहेगा।

" उन्होंने सत्र के मुख्य वक्ता मि. ऋतुराज सक्सेना का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी बहुमूल्य जानकारी छात्रों के करियर निर्माण में सहायक सिद्ध होगी। अंत में, उन्होंने सभी छात्रों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और इसी तरह के उपयोगी सत्रों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

## बाइक सवार को स्टैंड न लगाना पड़ा भारी गिरकर हुआ घायल

**शाह टइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** क्षेत्र के गांव कमालपुर चंदोरा जरगांव रोड पर मोटरसाइकिल का स्टैंड अप नहीं करने के कारण श्याम सिंह पुत्र मनोहर उम्र 30 वर्ष निवासी श्याम सिंह उर्फ भूड़ी पूरी तरीके से घायल हो गया।

दोपहर के 12:00 करीब दुर्घटना की सूचना मिलने पर तुरंत 108 एंबुलेंस अमरपुर काशी ने पहुंच कर घायल श्याम सिंह को ईएमटी अंशुल शर्मा और पायलट हरिओम जरूरी उपचार देते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलारी में भर्ती कराया, वहां मौके पर 108 एंबुलेंस के जिला प्रभारी दीपक सिंह, कमरुल हसन मौजूद थे, वहां से डॉक्टर ने घायल श्याम सिंह की हालत गंभीर देखते हुए हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया।

## राष्ट्रीय सेवायोजन के शिविर में चतुर्थ दिवस पर स्वयं सेविकाओं ने किया नशा मुक्ति का आह्वान

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** दयानंद आर्य कन्या डिग्री कॉलेज की प्राचार्या प्रोफेसर सीमा रानी के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में सात दिवसीय दिवा शिविर के चतुर्थ दिवस पर स्वयं सेविकाओं ने रैली निकालकर जागरूक किया। प्रथम सत्र में नेहरू युवा केंद्र से आए अंकित गौड़ ने बताया कि युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय से एन वाई के एस संबद्ध है। नेहरू युवा केंद्र युवाओं के साथ मिलकर उसी प्रकार कार्य करता है जैसे राष्ट्रीय सेवा योजना करती है। उन्होंने बताया कि 15 वर्ष से 29 वर्ष की आयु वाले युवा होते हैं। युवा और वायु दोनों एक ही प्रकार से कार्य करते हैं। माय भारत का अर्थ है मेरा युवा भारत। माय भारत पोर्टल पर सभी युवाओं का रजिस्ट्रेशन होना अनिवार्य है , इसलिए उन्होंने स्वयं सेविकाओं को रजिस्ट्रेशन करना भी सिखाया। चतुर्थ दिवस के द्वितीय सत्र में स्वयं सेविकाओं ने नशा मुक्ति को लेकर बंगला गांव धर्मशाला के सामने तिराहे पर नुक्कड़ नाटक किया । नशा मुक्ति पर स्वयं सेविकाओं द्वारा पोस्टर भी बनाए गए। जिसमें खुशी वर्मा प्रथम, ईरम सैफी द्वितीय तथा खुशी सैफी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। चतुर्थ दिवस के शिविर में प्रथम इकाई कार्यक्रम अधिकारी डॉ छाया रानी व द्वितीय इकाई कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती विदुषी यादव सहित राष्ट्रीय सेवा योजना की सभी स्वयंसेविकाएं उपस्थित रहीं।



## भारतीय किसान यूनियन भानु ने की सभागार भवन में बैठक

**कुंदरकी।** ब्लॉक में भाकियू भानु की बैठक हुई जिसमें नगर व ग्राम की तमाम समस्याएं रखी गयीं। बैठक में संबंधित अधिकारियों के न पहुंचने पर यूनियन के पदाधिकारियों ने नाराजगी जताई बाद में नायाब तहसीलदार के पहुंचने पर यूनियन के पदाधिकारी सहमत हुए। बैठक में नगराध्यक्ष रूबेश खान ने नगर के विकास कार्यों में प्रयोग की गई सामग्री पर सवाल खड़े करते हुए कहा तमाम बार ज्ञापन के माध्यम से शिकायत करने के बाद भी अधिकारियों द्वारा कोई संज्ञान नहीं लिया गया और न ही किसी ज्ञापन का जवाब दिया गया। वहीं यूनियन के पदाधिकारी परवेज खान ने गांव में होने वाली तमाम समस्याओं को अवगत कराते हुए एक गांव के ग्राम सचिव का ट्रांसफर होने के बाद सरकारी खाते से पैसा निकालने की बात कही जिस पर बीडीओ कुंदरकी ने मामले की जांच का अस्वाशन दिया।

वहीं बैठक के दौरान पहुंचे जिलाध्यक्ष दानिश पाशा ने मौके पर बीडीओ विकासखण्ड कुंदरकी एवं नायाब तहसीलदार से बात कर सभी मुद्दों पर निस्तारण करने की बात कही, उन्होने कहा जल्दी सभी समस्याओं का निस्तारण नही होता है तो आंदोलन किया जाएगा। जिलाध्यक्ष दानिश पाशा ने ईंधनपुर नगला में गुसांई समाज के कब्रिस्तान में कूड़ा कबाड़ा डालने के सम्बंध में शिकायत की एवं उसका सौन्दर्यकरण कराये जाने की बात रखी। बैठक में मौजूद मण्डल उपाध्यक्ष जाकिर हुसैन, नगराध्यक्ष ठाकुरद्वारा रफीक अहमद, विधानसभा अध्यक्ष कांठ नसीम पाशा, तहसील प्रभारी कांठ भीष्मपाल सिंह, जिलाध्यक्ष अखमोख फहीम अली लोधी, जिलाउपाध्यक्ष इमरान खान, जिला संगठन मंत्री अमन चौधरी, जिला सचिव अनीस अहमद, जिला सचिव सुहैल अंसारी, जिला महासचिव सय्यद जमा अब्बास, नगराध्यक्ष रूबेश खान, नगरध्यक्ष युवा फैजान खान,नगर महासचिव प्रदीप कुमार, आशु कुमार, नदीम, राजेश सिंह, कदीर, संदीप लोधी सहित यूनियन के तमाम पदाधिकारी मौजूद रहे।

## नगर आगमन पर बैडमिंटन खिलाड़ियों का फूलों से स्वागत

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** इंडियन अकैडमी जसपुर के तत्वाधान में एक दिवसीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन जसपुर के इंडियन एकेडमी में किया गया। जिसमें प्रतिभाग करने पहुँचे कांठ के खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया। विजेता खिलाड़ियों का कांठ पहुंचने पर फूल मालाओं के साथ स्वागत किया गया। एक दिवसीय बैडमिंटन टूर्नामेंट का शुभारंभ मोहम्मद शाहनवाज ने करते हुए कहा कि आयोजकों द्वारा आयोजित प्रतियोगिता क्षेत्र के खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने का अवसर प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए। खेलने से शारीरिक और मानसिक विकास होता है। बैडमिंटन टूर्नामेंट में रामनगर, काशीपुर, जसपुर, कांठ आदि टीमों ने प्रतिभाग किया। टूर्नामेंट में प्रतिभाग करने पहुंचे कांठ के खिलाड़ी खुर्शीद अहमद, मोहम्मद अरशद, अनिल बिश्नोई, व देव बिश्नोई की जोड़ियों ने प्रतिभाग किया। टूर्नामेंट के सेमीफाइनल मैच में खुर्शीद अहमद व मोहम्मद अरशद ने जाहिद व दानिश की जोड़ी को 25-15 से हराकर फाइनल मैच में प्रवेश किया। कांठ के दोनों ही खिलाड़ियों ने फाइनल मैच में अच्छा प्रदर्शन करते हुए जसपुर के अमन व सिराज की जोड़ी को 25-18 से पराजित कर ट्रॉफी पर कब्जा कर लिया। टूर्नामेंट में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे आसिफ व आतिफ ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। विजेता खिलाड़ियों के कांठ पहुंचने पर अचल कुमार बिश्नोई, अभय माहेश्वरी, गौरव बिश्नोई, रोमी माहेश्वरी, सुमित बिश्नोई, धर्मेंद्र बिश्नोई, दीपक एडवोकेट, मोहन बिश्नोई, सोहन बिश्नोई,शेखर वर्मा, अमित बिश्नोई, आदि खिलाड़ियों ने फूलमालाओं के साथ स्वागत किया।



**खोया-पाया**

विक्रय-पत्र जो कि अजय कुमार पुत्र श्री राम भरोसे व सोनी देवी पत्नी श्री अजय कुमार के पक्ष में निष्पादित कराया था जोकि रजिस्ट्रार मुरादाबाद के कार्यालय में बही नं.1 जिल्द (सं.)10004 पेज नं 01 से 22 क्रमांक 8821 दिनांक 18/09 /2015 पर पंजीकृत है वास्तव में कही खो गया है। यदि उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति या वित्तीय संस्था/ बैंक को कोई क्लेम या आपत्ति उक्त संपत्ति पर पीरामल कैपिटल एंड हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड(PCHFL) मुरादाबाद शाखा के लिए बन्धक किए जाने पर आपत्ति या एतराज है। तो इस विज्ञापन के प्रकाशन से 7 दिन के अन्दर मुझे अपनी आपत्ती/ क्लेम प्रस्तुत कर दें अन्यथा उक्त सम्पत्ति के विक्रय एवं बन्धक के सम्बान्ध में आपत्ति प्राप्त न होने पर कोई भी दावा स्वीकार नही किया जायेगा तथा पीरामल कैपिटल एंड हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (PCHFL)मुरादाबाद शाखा उक्त सम्पत्ति को अपने हक में बंधक रख कर ऋणी के हक में ऋण जारी कर देगी। **कपिल चौधरी एडवोकेट विधिक सलाहकार पीरामल कैपिटल एंड हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड ( PCHFL ) मुरादाबाद मोबाइल नं- 9412322182**

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज ( जू० डि० ), महोदय, मुरादाबाद।**
**मूलवाद संख्या :** 493 सन् 2024
**तारीख पेशी:** 03.03.2025
**इस्लाम हुसैन बनाम अनस महफूज।**
इस्लाम हुसैन पुत्र असगर हुसैन निवासी मकान सं0 150क, ताजपुर माफी तह. व जिला मुरादाबाद-**वादी।**
**बनाम**
अनस महफूज पुत्र स्व. सैयद महफूज अली निवासी लाकड़ी वालान मुगल पुरा अव्वल तह0 व जिला मुरादाबाद। **प्रतिवादी।**
चूंकि उपरिनामांकित **वादी** के इस न्यायालय में यह आवेदन किया जाता है कि स्थायी निषेधाज्ञा अतएव आपको एतद्द्वारा दी जाती है कि आप उसे आवेदन के खिलाफ हेतु संर्दिशत करने के लिये 2025 के माह 03 के दिवस 03 को 10 बजे पूर्वान्ह अथवा बंधक रूपये अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपरनाम हो यदि ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2025 के माह 02 के दिवस 10 को निकाली गयी है।
**मुन्सरिम**
**न्यायालय सिविल जज ( जू०डि० ) मुरादाबाद।**

## संक्षिप्त खेल समाचार

### आरसीबी ने पहले गेंदबाजी का किया फैसला

**वडोदरा, वार्ता।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने सोमवार को टॉस जीतकर दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ वूमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के चौथे मुकाबले में पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। यहां आरसीबी की कप्तान स्मृति मांधना ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला किया। टॉस के बाद मांधना ने कहा कि ओस को देखते हुए उन्होंने पहले गेंदबाजी का निर्णय किया है। मांधना ने कहा कि दूसरी पारी में विकेट भी अच्छा खेलती है हालांकि पहले उनकी गें. दबाजों का प्रयास होगा दिल्ली की टीम को दबाव में डाला जाए। उन्होंने कहा कि टीम में एक बदलाव है। प्रेमा की जगह आज एकता को बेंगलुरु के टीम में शामिल किया गया है। वहीं दिल्ली कैपिटल्स की कप्तान मेग लैलनग ने कहा कि वह भी पहले गेंदबाजी करना ही पसंद करती हैं। ऐलिस कैप्सी और निक्की प्रसाद की जगह मैरीजान कप्प और जेस जॉनासन आज का मैच खेल रही हैं।

### ईरान, उज्बेकिस्तान एएफसी अंडर-20 एशियाई कप के क्वार्टरफाइनल में

**शेन्ज़ेन, वार्ता।** ईरान ने एएफसी अंडर20 एशियाई कप के ग्रुप सी में 10 खिलाड़ियों से खेल रहे यमन को 6-0 से तथा उज्बेकिस्तान ने इंडोनेशिया को 3-1 से हराकर टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में प्रवेश कर लिया हैं। रविवार को खेले गए मुकाबलों में लगातार दो जीत के साथ ईरान और उज्बेकिस्तान ने क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली है। वहीं ग्रुप बी के मुकाबले में आमिर फैसल के गोल ने इराक को सऊदी अरब पर 1-0 से जीत दिलाई, जबकि इब्राहिम सबरा के दो गोल के बदौलत जॉर्डन को दक्षिण कोरिया पर 2-1 से जीत मिली। इराक अब चार अंकों के साथ ग्रुप में शीर्ष पर है। जबकि सऊदी अरब और जॉर्डन इराक से एक अंक पीछे है। दक्षिण कोरिया एक अंक के साथ सबसे नीचे पायदान पर है। इराक अब चार अंकों के साथ ग्रुप में शीर्ष पर है।

### झा ने जीता नॉर्वे पैरा आर्म रेसलिंग कप में रजत पदक

**नई दिल्ली, वार्ता।** पैरा एथलीट श्रीमंत झा ने नॉर्वे पैरा आर्म रेसलिंग कप में 85 प्लस किग्रा वर्ग में रजत पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया है। यहां जारी विज्ञप्ति के अनुसार दुनिया के तीसरे और एशिया के नंबर वन आर्म रेशलर श्रीमंती झा ने एशिया पैरा-आर्म रेसलिंग कप 2025 में 85 प्लस किलोग्राम वर्ग में पोलैंड के मार्सिन कैप्लिकी को हराकर रजत पदक अपने नाम किया। पैरा-एथलीट श्रीमंत झा ने अपना रजत पदक महाकुंभ में जान गवांने वाले लोगों को समर्पित किया है। यह टूर्नामेंट 13 फरवरी से 15 फरवरी चला। नॉर्वे के फ्रेविक ने इस स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता। स्वदेश पहुंचने पर झा ने कहा कि यह मेरे लिए एक विशेष जीत है। मैं हर एक मैच शहीद जवानों के सम्मान के लिए जीतता हूं।

# FIH हॉकी लीग में भारत ने स्पेन को रौंदा

■ भारतीय टीम के लिए मनदीप और दिलप्रीत ने गोलकर दिलाई जीत



**भुवनेश्वर, वार्ता।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2024-25 (पुरुष) में स्पेन को 2-0 से हराकर पहले मैच में मिली 1-3 की हार का बदला ले लिया। नियमित कप्तान हरमनप्रीत सिंह की गैर मौजूदगी में रविवार रात खेले गए मुकाबले में भारतीय टीम के लिए मनदीप सिंह ने (32वें) मिनट और दिलप्रीत सिंह ने (39वें) मिनट में गोल कर भारत को इस सीजन की पहली जीत दिलाई।

भारतीय कप्तान को इस मैच में आराम दिया था। पहले क्वार्टर में भारत ने जहां शानदार रक्षात्मक खेल का प्रदर्शन किया वहीं स्पेन की टीम आक्रामक रही। इसके बावजूद पहला क्वार्टर गोल रहित रहा। इसके बाद दूसरे क्वार्टर में भी दोनों टीमें गोल नहीं कर सकी। हाफ-टाइम के बाद मनदीप ने दिलप्रीत की मदद से गतिरोध को तोड़ते हुए 32वें मिनट में गोलकर भारत को बढ़त दिलाई। इसके बाद दिलप्रीत सिंह ने 39वें मिनट में गोल दागकर बढ़त को 2-0 कर दिया। इसके बाद कई पेनल्टी कॉर्नर हुए लेकिन दोनों ही टीमें गोल करने में विफल रही। अंतिम क्वार्टर में स्पेन ने आक्रामक खेल का प्रदर्शन करते हुए गोल करने के लिए भरसक प्रयास किया, लेकिन भारतीय हॉकी टीम की रणनीति के आगे उनकी एक न चली और भारतीय टीम ने अपना दबदबा बनाए रखा।

## अस्मिता हॉकी लीग जूनियर स्टेट हॉकी प्रतियोगिता आज से

**छत्तीसगढ़, वार्ता।** हॉकी इंडिया, स्पोटर्स ऑथरिटी ऑफ इंडिया और छत्तीसगढ हॉकी के संयुक्त तत्वधान में अस्मिता स्टेट हॉकी लीग जूनियर बालिका वर्ग की स्पर्धा 18 से 22 फरवरी तक तथा सबजूनियर वर्ग की प्रतियोगिता का आयोजन 21 से 26 फरवरी तक किया जायेगा। जूनियर और सब जूनियर वर्ग की सभी प्रतियोगिताएं संस्कारधानी के अंतर्राष्ट्रीय एस्ट्रोटर्फ हॉकी मैदान में होगी। इस प्रतियोगिता में जूनियर बालिका वर्ग में आठ जिलो की टीमें तथा सब जूनियर बालिका वर्ग में नौ जिलो की टीमे हिस्सा लेंगी। चैंपियनशिप का उद्घाटन 18 फरवरी को शाम चार बजे किया जायेगा। इस अवसर पर छत्तीसगढ हॉकी के अध्यक्ष फिरोज अंसारी ने बताया कि हॉकी नर्सरी को राज्य स्तर की स्पर्धा करने की जिम्मेदारी एक बार फिर हॉकी इंडिया ने दी है। इसको लेकर हॉकी राजनांदगांव और हॉकी छत्तीसगढ के कार्यकर्ता एवं खिलाडी कडी मेहनत कर रहे है। अंतर्राष्ट्रीय एस्ट्रोटर्फ हॉकी मैदान में होने वाली अस्मिता स्टेट हॉकी लीग जूनियर बालिका हॉकी प्रतियोगिता 18 से 22 फरवरी तक आयोजित है इस प्रतियोगिता में स्पोटर्स अकादमी रायपुर, बिलासपुर, धमतरी, जांजगीरचांपा, कोरबा, कांकेर, कबीरधाम के अलावा मेजबान मेजबान राजनांदगांव तथा सबजूनियर बालिका वर्ग में स्पोटर्स हॉकी अकादमी रायपुर, कबीरधाम, बस्तर, बालोद, बिलासपुर, कोरबा, जांजगीर चांपा, के अलावा मेजबान राजनांदगांव की बालिकाएं अपने कौशल का प्रदर्शन करेगीं। जूनियर बालिका वर्ग के प्रथम स्थान पर रहने वाली टीम को दो लाख रुपये, दूसरे स्थान के लिए एक लाख 60 हजार तथा तीसरे स्थान के लिए एक लाख 20 हजार रूपये का पुरस्कार दिया जाएगा।

## चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाक पहुंची ऑस्ट्रेलियाई टीम

■ ऑस्ट्रेलियाई टीम 22 फरवरी को इंग्लैंड से खेलेगी पहला मैच

**कराची, वार्ता।** ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम आईसीसी चैंपियन्स ट्रॉफी में हिस्सा लेने के लिए सोमवार को पाकिस्तान पहुंच गई। टूर्नामेंट की शुरुआत बुधवार को कराची में मेजबान पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच मुकाबले से होगी। पाकिस्तान गत चैंपियन भी है जिसने 2017 इंग्लैंड में आयोजित टूर्नामेंट के पिछले सत्र में भारत को हराकर खिताब जीता था। पाक क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने 'एक्स' पर लिखा कि ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम आईसीसी चैंपियन्स ट्रॉफी 2025 के लिए लाहौर पहुंच गई है। वे 22 फरवरी को गद्दाफी स्टेडियम में इंग्लैंड के खिलाफ टूर्नामेंट का अपना पहला मैच खेलेंगे। टीम दो समूह में पाकिस्तान पहुंची। पहले समूह में कप्तान स्टीव स्मिथ, कोच और सहयोगी स्टाफ के सदस्य शामिल थे जो दुबई के रास्ते कोल. ंबो से पाकिस्तान पहुंचे। दूसरा समूह भी कोलंबो से दुबई होते हुए लाहौर पहुंचा जिसमें 15 खिलाड़ी और सहयोगी स्टाफ के दो अतिरिक्त सदस्य शामिल थे। हाइब्रिड मॉडल समझौते के अनुसार अपने सभी मैच दुबई में खेलने वाले भारत की तरह ऑस्ट्रेलियाई टीम भी चैंपियन्स ट्रॉफी से पहले कोई अभ्यास मैच नहीं खेलेगी क्योंकि वे हाल ही में श्रीलंका के खिलाफ दो मैच की एकदिवसीय श्रृंखला में खेलकर यहां आए हैं। ऑस्ट्रेलिया को श्रीलंका के खिलाफ 0-2 से हार का सामना करना पड़ा था। चिर प्रतिद्वंद्वी इंग्लैंड के खिलाफ अपने शुरुआती मैच के बाद ऑस्ट्रेलिया अपना दूसरा मैच 25 फरवरी को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम में खेलेगा जबकि 28 फरवरी को फिर से गद्दाफी स्टेडियम में अफगानिस्तान के खिलाफ ग्रुप चरण का अंतिम मुकाबला खेलेगा।

## दानिश व ध्रुव की फिफ्टी, विदर्भ हुई मजबूत

■ विदर्भ ने मुंबई के खिलाफ पहली पारी में 5 विकेट पर 308 रन बनाए





**नागपुर, वार्ता।** दानिश मालेवर (79) और ध्रुव शौरी (74) की जूझारू अर्द्धशतकीय पारियों की बदौलत विदर्भ ने सोमवार को रणजी ट्रॉफी के दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में मुम्बई के खिलाफ पहली पारी में पांच विकेट पर 308 रन बनाकर अपनी स्थिति मजबूत कर ली हैं। विदर्भ ने आज यहां टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया।

बल्लेबाजी करने उतरी विदर्भ की शुरुआत खराब रही और उसने 39 के स्कोर पर अथर्व तायडे (चार) का विकेट गवां दिया। इसके ध्रुव शौरी और पार्थ रेखड़े ने पारी को संभालने का प्रयास किया। शिवम दुबे ने पार्थ रेखड़े (23) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये दानिश मालेवर ने ध्रुव शौरी का बखूबी साथ निभाया। शम्स मुलानी ने शतक की ओर बढ़ रहे ध्रुव शौरी को रहाणो के हाथों कैच आउट कराकर पवेलियन भेज दिया। ध्रुव शौरी ने 109 गेंदों में नौ चौके लगाते हुए (74) रनों की पारी खेली। करुण नायर (45) रन बनाकर आउट हुए।

दानिश मालेवर 157 गेंदों में सात चौके और एक छक्के की मदद से (79) रन बनाए। दिन का खेल समाप्त होने के समय विदर्भ ने पांच विकेट पर 308 रन बनाकर अपनी स्थिति मजबूत कर ली हैं। यश राठौड़ (नाबाद 47) और कप्तान अक्षय वड़कर (नाबाद 13) रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे। मुम्बई के लिए शिवम दुबे और शम्स मुलानी ने दो-दो विकेट लिए। रॉयस्टन डायस ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

## अखिल भारतीय डीएडी बैडमिंटन टूर्नामेंट आज से

**लखनऊ, वार्ता।** रक्षा लेखा खेल नियंत्रण बोर्ड के तत्वावधान में रक्षा लेखा विभाग के 11वां अखिल भारतीय डीएडी बैडमिंटन टूर्नामेंट (पुरुष और महिला) 18 से 21 फरवरी तक लखनऊ छावनी स्थित 'सूर्या खेल परिसर (एसकेपी') में आयोजित किया जाएगा। टूर्नामेंट नॉकआउट आधार पर पांच श्रेणियों पुरुष और महिला (एकल), पुरुष और महिला (युगल) और मिश्रित डबल में आयोजित किया जाएगा। टूर्नामेंट में पूरे भारत के 31 नियंत्रक कार्यालय से कुल लगभग 192 प्रतिभागी (पुरुष/महिला) भाग लेंगे। टूर्नामेंट में 131 पुरुष और 61 महिलाएं भाग लेंगी। टूर्नामेंट को स्पोर्ट्स कोटा श्रेणी, ओपन श्रेणी और आईडीएएस अधिकारी श्रेणियों में विभाजित किया जाएगा। इसमें खेल कोटा के तहत 13 खिलाड़ी, आईडीएएस अधिकारी श्रेणी के तहत 41 अधिकारी और ओपन श्रेणी के तहत 138 खिलाड़ी भाग लेंगे।

# आयरलैंड ने जिम्बाब्वे को हराया




## आयरलैंड ने छह विकेट से जीता मैच

**हरारे, वार्ता।** कर्टिस कैमफर (तीन विकेटऔर 63 रन) के हरफनमौला और कप्तान पॉल स्टर्लिंग (89) रनों शानदार बल्लेबाजी की बदौलत आयरलैंड ने रविवार को दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में आठ गेंद शेष रहते 249 रन बनाकर जिम्बाब्वे को छह विकेट से हरा दिया है।

इसी के साथ आयरलैंड ने तीन मैचों की सीरीज में 1-1 से बराबरी कर ली हैं। जिम्बाब्वे के 245 रन के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी आयरलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने छठे ओवर में एंडी बैलबर्नी (11) का विकेट गवां दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये कर्टिस कैमफर ने कप्तान पॉल स्टर्लिंग के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच दूसरे विकेट के लिए 144 रनों की साझेदारी हुई। 34वें ओवर में ट्रेवर ग्वांडू ने कर्टिस कैमफर को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। कर्टिस कैमफर ने 94 गेंदों में तीन चौके और एक छक्का लगाते हुए (63) रनों की पारी खेली। इसके बाद हैरी टेक्टर (सात) रन बनाकर आउट हुए। 40वें ओवर में रिचर्ड एन्गारावा ने शतक की ओर बढ़ रहे कप्तान पॉल स्टर्लिंग को आउटकर जिम्बाब्वे को चौथी सफलता दिलाई। पॉल स्टर्लिंग ने 102 गेंदों में आठ चौके और दो छक्के लगाते हुए (89) रन बनाए। लोर्कान टकर (नाबाद 36) और जॉर्ज डॉकरेल (नाबाद 20) ने संयम के साथ बल्लेबाजी करते हुए 48.4 ओवर में 249 रन बनाकर अपनी टीम को छह विकेट से जीत दिला दी। लोर्कान टकर ने टीम के लिए विजयी चौका लगाया। जिम्बाब्वे की ओर से ट्रेवर ग्वांडू ने दो विकेट लिए। ब्लेसिंग मुजरबानी और रिचर्ड एन्गारावा ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां टॉस जीतकर आयरलैंड ने गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी ब्रायन बेनेट और बेन कर्रन की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट लिए 38 रन जोड़े। सातवें ओवर में मार्क ऐडेर ने ब्रायन बेनेट(30) को आउटकर आयरलैंड को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद जॉश लिटिल ने कप्तान क्रेग्र एर्विन (चार) को बोल्ड कर जिम्बावे को दूसरा झटका दिया। बेन कर्रन(18) को मैकब्राइन बोल्ड किया। इसके बाद वेस्ली मधेवेरे और सिकंदर रजा ने पारी को संभाला। दोनों बल्लेजों के बीच चौथे विकेट के लिए 74 रनों की साझेदारी हुई। 33वें ओवर में कर्टिस कैमफर ने वेस्ली मेधेवेरे को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। वेस्ली मेधेवेरे ने 70गेंदों में छह चौके लगाते हुए (60) रनों की पारी खेली। जोनाथन कैंपबेल (दो) और तड़िवनाशे मारुमानी (शून्य) को भी कैमफर ने आउटकर पवेलियन भेज दिया। आयरलैंड के गेंदबाजी आक्रमण के आगे जिम्बाब्वे का कोई भी बल्लेबाज अधिक देर नहीं टिक सका। जिम्बाब्वे का सातवां विकेट सिकंदर रजा के रूप में गिरा। उन्हें मार्क ऐडेर ने आउट किया। सिकंदर रजा ने 75 गेंदों में पांच चौकों की मदद से 58 रन बनाए।

## सचिन बेबी की फिफ्टी से केरल बड़े स्कोर की ओर



सचिन बेबी ने नाबाद 69 रनों की अर्द्धशतकीय पारी खेली

**अहमदाबाद, वार्ता।** सचिन बेबी (नाबाद 69) रनों की अर्द्धशतकीय जूझारू पारी की बदौलत केरल ने सोमवार को रणजी ट्रॉफी के पहले सेमीफाइनल मुक. ाबले में चार विकेट पर 206 रन बना लिए हैं। केरल ने आज यहां टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी केरल के लिए अक्षय चंद्रन और रोहन कुन्नुमल की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 60 रन जोड़े। 21वें ओवर में अक्षय चंद्रन (30) के रनआउट होने से यह साझेदारी टूटी। इसके बाद रवि बिश्नोई ने रोहन कुन्नुमल (30) को पगबाधा कर पवेलियन भेज दिया। वरुण नयनार (10) रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये जलज सक्सेना ने सचिन बेबी के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। अरजान नागवासवाला ने जलज सक्सेना (30) को बोल्ड कर इस साझेदारी को तोड़ा। पहले दिन का खेल समाप्त होने के समय केरल ने चार विकेट पर 206 रन बना लिए हैं और सचिन बेबी (नाबाद 69) और मोहम्मद अजहरुद्दीन (नाबाद 30) क्रीज पर मौजूद है। गुजरात की ओर से अरजान नागवासवाला, प्रियजीत सिंह जाडेजा और रवि बिश्नोई ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# खडसे ने किया महाराष्ट्र ईस्पोर्ट्स ओपन चैंपियनशिप-2025 का उद्घाटन

■ 52 फाइनलिस्ट पहले ही ग्रेड फिनाले में पहुंच चुके है

■ अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने ई-स्पोर्ट्स के बढ़ते महत्व को मान्यता दी

**पुणे, वार्ता।** केंद्रीय युवा मामले और खेल राज्य मंत्री रक्षा निखिल खडसे ने महाराष्ट्र ईस्पोर्ट्स ओपन चैंपियनशिप 2025 का सोमवार को उद्घाटन किया। प्रतिष्ठित एमआईटी वर्ल्ड पीस यूनिवर्सिटी में आयोजित यह चैंपियनशिप राज्य के खेल इतिहास और देश के उभरते ईस्पोर्ट्स उद्योग में एक ऐतिहासिक क्षण के रूप में कार्य करती है।

फेडरेशन ऑफ इलेक्ट्रॉनिक स्पोर्ट्स एसोसिएशन इंडिया (एफईएआई) और मराठा ईस्पोर्ट्स एसोसिएशन (एमईए) द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में राज्य भर से 2100 प्रतिभागी भाग लेंगे। इसमें 52 फाइनलिस्ट पहले ही ग्रैंड फिनाले में पहुंच चुके हैं। इस अवसर पर श्रीमती खड़से ने कहा कि यह कार्यक्रम विशेष रूप से महत्वपूर्ण है क्योंकि यह ऐसे समय में हो रहा है जब अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने ईस्पोर्ट्स के बढ़ते महत्व को मान्यता दी है, ओलंपिक ईस्पोर्ट्स गेम्स 2027 में शुरू होने वाले हैं। आईओसी के फैसले ने भारत सहित कई देशों को ईस्पोर्ट्स को वैध खेल के रूप में समर्थन देने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाने के लिए प्रेरित किया है।

इस प्रक्रिया में महाराष्ट्र की सक्रिय भूमिका इसे डिजिटल खेल क्रांति में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में स्थापित करती है। उन्होंने कहा कि ईस्पोर्ट्स का विकास वैश्विक स्तर पर जारी है, 2023 एशियाई खेलों और विश्व चैंपियनशिप जैसे आयोजनों में ऐसे पुरस्कार दिए जा रहे हैं जो आईपीएल जैसी पारंपरिक खेल लीगों को टक्कर देते हैं। सऊदी अरब में 2027 ओलंपिक ईस्पोर्ट्स गेम्स में भी ईस्पोर्ट्स के प्रमुख होने की उम्मीद है, जहाँ दुनिया भर के खिलाड़ी ओलंपिक इतिहास में पहली बार प्रतिस्पर्धा करेंगे। ईस्पोर्ट्स को बढ़ावा देने के लिए, भारत सरकार ने दिसंबर 2023 में युवा मामले और खेल मंत्रालय के तहत ईस्पोर्ट्स को औपचारिक रूप से 'मल्टीस्पोर्ट इवेंट' के रूप में वर्गीकृत किया, जिससे इसकी स्थिति और मजबूत हुई। पिछले सप्ताह सरकार ने ईस्पोर्ट्स खिलाड़ियों को अन्य पारंपरिक खेलों की तरह ही उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए नकद पुरस्कार दिये जाने की घोषणा की है। ईस्पोर्ट्स एथलीटों के लिए बुनियादी ढाँचा, वित्त पोषण और अवसर विकसित करने के लिए राज्य की प्रतिबद्धता की बदौलत महाराष्ट्र अब देश का ईस्पोर्ट्स हब बनने के लिए तैयार है।

## श्याम लाल कॉलेज ने जीता पुरुष वर्ग का खिताब

**नई दिल्ली, वार्ता।** मेजबान श्याम लाल कॉलेज ने सोमवार को एकतरफा फाइनल मुकाबले में इंदि. रा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स साइंसेस को 7-2 से पराजित कर 11वें पद्मश्री श्याम लाल मेमोरियल इन्विटेशनल हॉकी टूर्नामेंट में पुरुष वर्ग का खिताब अपने नाम किया। आज यहां श्याम लाल कॉलेज के मैदान पर विजेता टीम के लिए आशीष और मोहित ने दो-दो और प्रवीण, दीपक और प्रत्यूष सिंह जग्गी ने एक-एक गोल दागे। वहीं पराजित टीम के लिए नवीन राठी और सुमित ने एक-एक गोल किया। चैंपियन श्याम लाल कॉलेज के मनमोहन को प्लेयर ऑफ द मैच के पुरस्कार से नवाजा गया। वहीं प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का अवार्ड श्याम लाल कॉलेज के प्रवीण को मिला। टूर्नामेंट के समापन समारोह के मुख्य अतिथि रोहतास नगर से बीजेपी के विधायक जितेंद्र महाजन, श्याम लाल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. रबि नारायण कर रहे।

# चैंपियंस ट्रॉफी: न्यूजीलैंड से रहना होगा सावधान

● मुकाबले पाकिस्तान और दुबई में खेले जाएंगे, भारतीय गेंदबाजों पर रहेगी नजर, पाकिस्तान की बल्लेबाजी कमजोर

**नई दिल्ली, वार्ता।** आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 को शुरू होने में अब बस दो दिन बचे हैं। इसके मुकाबले पाकिस्तान और दुबई में खेले जाएंगे। भारतीय टीम अपने सभी मुकाबले दुबई में खेलेगी। इस 50 ओवर के टूर्नामेंट में आठ टीमें भारत, पाकिस्तान, इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, न्यूजीलैंड, बांग्लादेश और अफगानिस्तान एक्शन में दिखेंगी। मजबूती- बल्लेबाजी और स्पिन गेंदबाजी के दम पर भारतीय टीम दक्षिण अफीका और पाकिस्तान के साथ चैंपियंस ट्रॉफी में प्रबल दावेदारों में से एक होगी।

चैंपियंस ट्रॉफी से पहले भारत ने अपनी मेजबानी में इंग्लैंड को 3-0 से हराकर अपनी तैयारियों के संकेत दे दिए हैं। कप्तान रोहित शर्मा ने भी शतक लगाकर फॉर्म में वापसी के संकेत दिए हैं। विराट भी पुराने टच में दिखने लगे हैं। युवा बल्लेबाज शुभमन गिल बेहतरीन लय में हैं और मध्यक्रम को श्रेयस अ"यर मजबूती प्रदान कर रहे हैं। गेंदबाजी में भारत का स्पिन विभाग रवींद्र जडेजा, कुलदीप, अक्षर और वरुण की मौजूदगी से मजबूत नजर आता है। भारत के ग्रुप में चिर-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के अलावा बांग्लादेश और न्यूजीलैंड हैं। भारत दो बार ट्रॉफी जीत चुका है, पिछली बार चैंपियंस ट्रॉफी 2013 में इंग्लैंड में जीती थी जबकि 2002 में श्रीलंका के साथ संयुक्त विजेता था। पिछली दो बार से फाइनल में पहुंच रही भारतीय टीम का जीत प्रतिशत 69.2 है। उसने अब तक 29 में से 18 मैच जीते हैं। कमजोरी- तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की अनुपस्थिति निश्चित रूप से भारत को बड़ा नुकसान पहुंचाएगी। बुमराह हाल के दिनों में तीनों फॉर्मेट्स में भारत के सबसे बड़े मैच विजेता के रूप में उभरे हैं। वह लगभग हर बार जब गेंदबाजी करते हैं तो एक विकेट की गारंटी देते हैं। बुमराह के नहीं होने से मोहम्मद शमी टीम के सबसे अनुभवी तेज गेंदबाज होंगे। शमी ने खुद चोट के कारण लंबे समय तक बाहर रहने के बाद अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी की है। इसलिए उनके फॉर्म को लेकर हमेशा अनिश्चितता बनी रहेगी। अवसर: वरुण चक्रवर्ती को भारतीय टीम में शामिल किया गया है। मिस्ट्री स्पिनर ने इंग्लैंड के खिलाफ एक शानदार टी20 सीरीज खेली थी। यह टूर्नामेंट उनके लिए भारत की वनडे टीम में जगह बनाने का मौका हो सकता है। खतरा- पिछले साल आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप के फाइनल को छोड़कर भारत हाल के वर्षों में आईसीसी टूर्नामेंट के फाइनल में ही लड़खड़ा गया है। भारत को इतिहास से सावधान रहना चाहिए बशर्ते वे इस बार फाइनल के लिए क्वालिफाई करें। मजबूती- मेजबान टीम के पास विध्वंसक खिलाड़ी हैं जो अपना दिन होने पर खतरनाक साबित हो सकते हैं। फखर जमां ने 2017 चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में भारत को परेशान किया था। वह बाबर आजम से ज्यादा खतरनाक हो सकते हैं। कप्तान मोहम्मद रिजवान और फिनिशर सलमान अली आगा शानदार फॉर्म में हैं। अपने घर में खेलने का पाकिस्तान को फायदा मिलेगा। उनके पास अच्छा तेज आक्रमण है, लेकिन कराची और रावलविंडी की पिचों से मदद मिलना जरूरी है ताकि शाहीन शाह आफरीदी, नसीम शाह और हारिस रऊफ कमाल दिखा सकें। कमजोरी- सैम अयूब की असामयिक चोट ने पाकिस्तान को ओपनिंग में कमजोर किया है। साथ ही बाबर के फॉर्म के बारे में भी टीम मैनेजमेंट को चिंताएं होंगी। यहां तक कि न्यूजीलैंड और दक्षिण अफीका की मौजूदगी वाली त्रिकोणीय सीरीज में भी बाबर (10, 23 और 29) कुछ खास नहीं कर पाए थे। कामरान गुलाम, खुशदिल शाह और तैयब ताहिर को मौका मिलने पर उसे भुनाना होगा। खुशदिल और फहीम अशरफ इस टीम की कमजोर कड़ी हैं। घर पर पाटा पिच पर बल्लेबाज पाकिस्तान के तेज गेंदबाजों की धुनाई कर सकते हैं।

# मण्डलायुक्त ने स्मार्ट आंगनबाड़ी केंद्र का फीता काटकर किया उद्घाटन

## मण्डलायुक्त ने पूर्व माध्यमिक विद्यालय में बच्चों को संविधान और आजादी के बारे में दी जानकारी







**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** मण्डलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह द्वारा आज ग्राम पंचायत मनोहरपुर विकास खण्ड मुरादाबाद में आर्टिफिशियल इन्टेलीजेन्स आधारित स्मार्ट आंगनवाडी केन्द्र का फीता काटकर उद्घाटन किया गया। उद्घाटन के दौरान मण्डलायुक्त, जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी द्वारा आंगनवाडी केन्द्र में चल रही बाल विकास संबंधी गतिविधियों की जानकारी ली गयी। इसके साथ ही मण्डलायुक्त द्वारा पूर्व माध्यमिक विद्यालय मनोहरपुर के परिसर में स्थापित स्मार्ट क्लास में पढ़ रहे बच्चों से संवाद स्थापित किया गया। मण्डलायुक्त ने बच्चों से संविधान के संबंध में प्रश्न किए, इसके साथ ही उन्होंने बच्चों को आजादी के बारे में जानकारी दी और बच्चों को बेसिक ज्ञान को बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने बच्चों को जिला कलेक्टर के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि संविधान देश चलाने का नियम है, जिसके अन्तर्गत देश, राज्य, जिले, तहसील, ब्लाक में जो कार्य प्रणाली है वह संविधान व्यवस्था के अन्तर्गत आती है। उन्होंने आजादी के बारे में जानकारी प्रदान करते हुए बताया कि ब्रिटिस शासन में क्या नियम कानून थे और अब क्या नियम कानून हैं, के बारे में भी छात्रों को विस्तार से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि जो भी कार्य करें, दिल से करें और किताबों को अपने जीवन में एक विशेष दर्जा दें। उन्होंने बच्चों से कहा कि किताबों को पढ़ा करों और ज्यादा से ज्यादा पढ़ने व लिखने की आदत बनाओं। निरीक्षण उपरान्त मण्डलायुक्त, जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी द्वारा ग्राम मनोहरपुर में बने पंचायत भवन में गर्भवती महिलाओं को पोषण पोटली वितरित की गयी एवं वहां पर उपस्थित छोटे बच्चों का अन्नप्रासंन्न भी कराया गया। इस अवसर पर मण्डलायुक्त ने कहा कि आंगनवाडी केन्द्रों पर मुख्य रुप से सरकार का फोकस है कि आंगनवाडी केन्द्रों पर बच्चों को बेहतर विशेष सुविधाओं के साथ शिक्षा उपलब्ध करायी जाये। उन्होंने कहा कि जिले में शिक्षा बेहतर हो इसके लिए जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी द्वारा ए०आई० तकनीक से मानीटरिंग की शुरुआत की गयी है। ए०आई० के माध्यम से आंगनवाडी सेन्टरों पर बच्चें पढ़ रहे हैं या नहीं, शिक्षा में ग्रोथ हुआ है या नहीं, शिक्षा स्तर एवं हेल्थ चौकअप, आंगनवाडी कार्यकत्री निरन्तर एक्टिविटी करा रही है या नहीं, आंगनवाडी सेन्टर नियमित खुल रहे हैं या नही, इन सभी गति. विधियों की ए०आई० के माध्यम से मानीटर हो सकेंगी। इससे बच्चों का सर्वांगीर्ण विकास में सहायता मिलेगी। उन्होंने बताया कि जिला स्तर व ब्लाक स्तर पर प्रत्येक आंगनवाडी सेन्टर की मानीटरिंग कर सके इसकी आज से शुरुआत की गयी है। इस अवसर पर जिलाधिकारी अनुज सिंह, मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव, जिला पंचायतीराज अधिकारी वाचस्पति झा, जिला कार्यक्रम अधिकारी जानकी देवी, जिला विकास अधिकारी जी०बी० पाठक, खण्ड विकास अधिकारी मुरादाबाद, ग्राम प्रधान सहित संबंधित अधिकारीगण एवं आमजन मानस उपस्थित रहें।

## समाचार एक नज़र में

### पंचायत चुनाव संपन्न कराने को लेकर पुलिस ने निकाला खतापुर सिरसा और लाडलाबाद में फ्लैग मार्च

**कांठ( शाह टाइम्स )** कुछ पंचायतो में उपचुनाव के लिए 19 फरवरी को मतदान होना है जिसमें छजलैट ब्लॉक की दो ग्राम पंचायत सिरसा और खातापुर में ग्राम प्रधान के लिए उपचुनाव को मतदान 19 फरवरी को किया




जाना है चुनाव सकुशल और शांति पूर्वक संपन्न कराने के लिए आज पुलिस क्षेत्राधिकारी अपेक्षा निंबड़िया के नेतृत्व में फ्लैग मार्च का आयोजन किया गया। पुलिस सिरसा खतापुर और लाडला बाद में भारी पुलिस बल के साथ पहुंची और लोगों से शांतिपूर्वक चुनाव संपन्न कराने में सहयोग की अपील की। अधिकारियों ने साफ कहा कि चुनाव में उपद्रव करने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

भारी पुलिस बल देखकर गांव वाले आश्चर्य चकित रह गए।

### करोड़ों की लागत से पानी की टंकी तैयार होने के बाद भी ग्रामीण पानी को तरसे

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** सरकार ने हर घर पेयजल योजना के तहत गांव-गांव पानी की टंकी लगाए जाने की योजना को अमली जामा पहनाया था जिसके लिए एक गांव में करीब 91 लाख से ऊपर का खर्च इस योजना पर आया। गांव में पाइपलाइन डालने के लिए सड़कों को खोद दिया गया घरों में पानी के कनेक्शन भी लगा दिए गए मगर जल्द ही जलापूर्ति नही की गई। मामला सलेमपुर खास का है वहां भी गांव में करीब 91 लाख से ऊपर की लागत से पानी की टंकी का निर्माण किया गया है सड़कों को खोदकर पाइपलाइन डाली गई है लोगों के घरों में भी पानी के कनेक्शन जारी कर दिए गए हैं। लेकिन आज तक उसमें पानी नहीं छोड़ा गया है हमारे सहयोगी संवाददाता गौहर हुसैन ने बताया कि जलापूर्ति के लिए बनाए गए पंप को चलाने हेतु बिजली का कनेक्शन भी लग चुका है लेकिन जल निगम की उदासीनता के कारण अभी तक लोगों को सरकारी योजना के तहत पीने का पानी नहीं मिल रहा है। ग्रामीणों ने जल्द से जल्द गांव में पीने के पानी की आपूर्ति चालू कराए जाने की मांग उठाई है।



### बहला-फुसलाकर भगा ले जाने पर मुकदमा दर्ज

**भोजपुर।** पुलिस ने मौहल्ला मनिहारान निवासी महिला की तहरीर पर कंजड़ बस्ती निवासी तगड़ा के खिलाफ अट्ठारह वर्षीय बेटी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना एक सप्ताह पुरानी है। बताया जा रहा है कि प्रेमी युगल में काफी समय से प्रसंग चल रहा था। दोनों परिवारों का एक दुसरे के घर आना जाना था।

### मारपीट के आरोप में चार पर मुकदमा दर्ज

**भोजपुर।** जादू टोना टोटका करने के शक में गांव खय्या खद्दर में ग्रामीणों ने मां-बेटे और बेटी को लाठी डंडों से पीटकर घायल कर दिया। पुलिस ने घायलों को चिकित्सीय परीक्षण कराकर मां बेटी समेत चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पीड़िता शायदा पत्नी अशफाक का कहना है कि रविवार को बेटी फरजाना खेत से पशुओं का चारा लेने जा रही थी। गांव के इशहाक, सद्दाम, मैंजहां और अनस ने बेटी को रास्ते में रोककर कहा तेरी मां हमारे घर जादू,टोना,टोटका करवा रही है। कहकर मारपीट शुरू कर दी। शोर मचने पर बेटे मुर्तजा को साथ लेकर बेटी को बचाने गई तो चारों आरोपियों ने तीनों को मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### जिला निर्माण मंच ने संभल में जिला मुख्यालय बनने का किया विरोध

**चन्दौसी।** जिला निर्माण मंच द्वारा सोमवार को तहसील सभागार में बैठक का आयोजन किया गया जिसमें जिला मुख्यालय बहजोई के स्थान पर सम्भल में करने के प्रस्ताव रखने का विरोध किया गया। सभा को सम्बोधित करते हुए मंच के संयोजक विनोद कुमार शर्मा ने कहा कि जिला मुख्यालय के लिये गत वर्ष भूमि का अधिग्रहण हो चुका है। अब नये सिरे से जिले का मुख्यालय की भूमि के चयन के लिए प्रदेश स्तरीय समिति जांच कर रही है जिसका कोई औचित्य नहीं है। नवसृजित जिले के समय ही यह घोषणा की गयी थी कि जिले का मुख्यालय केन्द्र बिन्दु पर स्थित होगा। गुन्नौर व चन्दौसी जिले की सहमति से जिला मुख्यालय केन्द्र बिन्दु बहजोर्ह में स्थापित हुआ था।

जिसकी अधिसूचना शासन द्वारा मार्च 2018 में हो चुकी है। साथ ही कहा गया कि यदि इस जिले का मुख्यालय सम्भल में बनाया जाता है तो हम चन्दौसीवासियों के लिये यह कतई मंजूर नहीं है तथा हम शासन से मांग करते हैं कि हमारी चन्दौसी तहसील को पुनः मुरादाबाद जिले में शामिल कर दिया जाये अथवा जल्द से जल्द जिला मुख्यालय के लिये चयनित भूमि फतेहपुर शरीफनगर में स्थाई निर्माण कराया जाये तथा चन्दौसी में जिला न्यायालय के भवनों पर प्रथम तल व द्वितीय तल पर निर्माण कराया जाये। सभा में विनोद कुमार शर्मा, राजेन्द्र सिंह, दिनेश यादव, राघव सिंह, कविन्द्र यादव, छत्रपाल, बलराम शर्मा, महीपाल, अमरसिंह यादव, मुकेश पाल सिंह यादव, अरविन्द गुप्ता, इशरत अली, के०पी० गुप्ता, गिरिराज सिंह आदि मौजूद रहे।

### एसएम कॉलेज के प्राचार्य का हुआ निलंबन

**चन्दौसी।** एस.एम. कॉलेज के प्राचार्य को प्रबंधन तंत्र द्वारा सेक्रेट्री द्वारा निलंबित कर दिया गया। इस आशय का पत्र प्राचार्य को थमा दिया गया है। सोमवार को सैक्रेट्री द्वारा एक पत्र जारी कर दिया गया जिसमें आरोप लगाया गया कि महाविद्यालय के स्ववित्त पोषित खंड के स्नातकोत्तर समाज शास्त्र विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर मीनाक्षी सागर द्वारा प्रबंधन तंत्र को २७ दिसंबर २०२४ को शिकायत अध्यापकों की नियुक्ति तथा विश्व विद्यालय के परीक्षाओं में कक्ष-निरीक्षकों की ड्यूटी में अनियमितताएं एवं वोकेशनल कोर्स की प्रयोगात्मक परीक्षा में भ्रष्टाचार एवं धन उगाही को लेकर शिकायत की गयी है। प्राचार्य दानवीर यादव व प्रो० प्रवीण कुमार के ऊपर आरोपों के आलोक में प्रबंध समिति के अनुमोदन व प्रबंध समिति की निहित शक्तिओं का प्रयोग करते हुए आरोपों के आधार पर पत्रांक एसएमसी/ एमसी/17-28/2024, 07 फरवरी 2025 को गठित की गयी थी जिसमें शासनादेशों का विधिवत होना नहीं पाया गया। इसी आधार पर प्राचार्य दानवीर सिंह यादव व प्रोफेसर डा० प्रवीण कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। कार्यवाहक प्राचार्य के रुप में हेमंत सक्सैना को नियुक्त किया गया है। फिलहाल प्राचार्य व प्रोफेसर को 17 फरवरी 2025, प्रातः 10 बजे निलंबन आदेश थमा दिया गया है।

# एनकेबीएमजी कॉलेज में हुई सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता

**चन्दौसी।** एन.के.बी.एम.जी. पी.जी. कॉलेज चन्दौसी में में सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ प्राचार्या व शैक्षणिक समिति प्रभारी डा० शीतल यादव द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्जवलन तथा पुष्पांजलि अर्पित करके किया गया। प्रतियोगिता में १६ छात्राओं ने प्रतिभागिता की जिन्हें लॉटरी सिस्टम के द्वारा टीम ए,बी,सी व डी में विभाजित किया गया। टीम ए में मुस्कान पाल, आयशा परवीन, आकांक्षा व अनुरति, टीम बी में कु० रिफा, बुशरा, स्नेहा व रश्मि रानी, टीम सी में प्रज्ञा, सविता, खुशी व कोमल तथा टीम डी में महक अग्रवाल, निदा, साफिया माहिन, लाइबा नूर रहीं। प्रतियोगिता तीन चरणों में पूरी हुई, प्रथम सामान्य चरण जिसमें प्रत्येक टीम में पांच-पांच प्रश्न पूंछे गये। दूसरे रेपिड फायर राउण्ड में सभी टीम से चार-चार प्रश्न पूछे गये। तीसरा ऑडियो विजूअल बजर राउंड था इसमें निगेटिव मार्किंग के साथ ०६ प्रश्न पूछे गये। बहुउद्देशीय हाल में उपस्थित दर्शक छात्राओं के दिमागी कसरत के लिए पजल पूछी गई तथा उन्हें पुरस्कृत भी किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान टीम ए, द्वितीय स्थान टीम सी, तृतीय स्थान टीम बी व सांत्वना पुरस्कार टीम डी को दिया गया। प्राचार्या ने छात्राओं को उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम से छात्राओं को अपने ज्ञान को प्रदर्शित करने का अवसर मिलता है तथा जनरल नॉलेज अपडेट रहने से व्यक्तित्व भी निखरता है। कार्यक्रम के अंत में डा० शीतल यादव ने सभी का आभार व्यक्ति किया। प्रतियोगिता में डा० नीता गुप्ता, डा० रेनू, अंजुली अग्रवाल, महविश, आंचल, महक राजन, अंकित आदि का सहयोग रहा।



# बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के अंतर्गत बालिकाओं को दिया प्रशिक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** जिलाधिकारी के निर्देशन में 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' योजना के तहत आयोजित आत्म सुरक्षा प्रशिक्षण के अंतर्गत सोमवार को पीएमश्री विद्यालय पाठकपुर में आत्मरक्षा शिविर का समापन किया गया तथा फव्वेपुर में छात्राओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण प्रदान किया गया जिससे कि वह विपरीत परिस्थितियों में विरोधी का डटकर मुकाबला कर सकें। जिला ताइक्वांडो सचिव सुरेश कुमार व महिला ताइक्वांडो खिलाड़ी वैष्णवी ने फ्रंट किक, फेस पंच, लेग राइस, वन हैंड सेल्फ डिफेंस की ट्रेनिंग दी, छात्राएं आत्मरक्षा सीखने में काफी उत्साहित हैं व नियमित काफी संख्या में उपस्थित हैं। बालि. काओं के साथ-साथ विद्यालय के अध्यापक भी मार्शल आर्ट सीखने में रुचि दिखा रहे हैं, साथ ही साथ सीख भी रहे हैं।

प्रदेश सरकार की मंशा है कि प्रत्येक बेटी अपनी सुरक्षा करने में सक्षम हो, इसके लिए लगातार विद्यालयों में मार्शल आर्ट का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। आत्मरक्षा के नजरिए से मार्शल आर्ट बहुत ही कारगर है, छात्राओं को प्रशिक्षण के साथ-साथ सरकार और महिला कल्याण विभाग द्वारा महिलाओं और बालि. काओं के हितार्थ यथा मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन, घरेलू हिंसा, छात्रवृति आदि चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया गया। इस मौके पर कॉलेज का समस्त स्टाफ और अन्य व्यक्ति उपस्थित रहे।



## तेज रफ्तार कार ने बाइक में मारी टक्कर हादसे में दो मासूम बच्चों की मौत

**भोजपुर।** मुरादाबाद बाजपुर स्टेट हाइवे पर सिरसवां दोराहा पुलिस चौकी के निकट बेकाबू कार बाइक को रौंदते हुए पेड़ से टकराकर पलट गई। बाइक पर चालक के साथ दो महिलाएं, उनकी गोद में दो मासूम बच्चे बैठे थे। हादसे में दोनों बच्चों की मौत हो गई। बाइक चालक उसकी बहन और भाभी घायल हों गईं। हादसे के बाद कार चालक वाहन छोड़कर भाग गया। सोमवार को जिला रामपुर की कोतवाली टांडा के गांव लामीखेड़ा निवासी मौनिस अपनी बाइक पर बहन और भाभी को बैठाकर फोटोन अस्पताल में अपने बीमार रिश्तेदार की खैर-खबर लेने जा रहा था। बाइक पर सवार बहन शाहीन की गोद में छह महीने का बेटा माही और भाभी मोमिना की गोद में डेढ़ वर्ष की बेटी जुमेराह थी। बाइक भोजपुर थाना क्षेत्र की सिरसवां दोराहा पुलिस चौकी के करीब पहुंची तो पीछे से आ रही बेकाबू कार बाइक को रौंदते हुए सड़क के किनारे खड़े पेड़ से जाकर टकरा गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी जबरदस्त थी की बाइक पर सवार महिलाएं और दो मासूम बच्चे कई मीटर ऊंचाई तक हवा में उड़ने के बाद सड़क पर गिरे। बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई। बाइक चालक,उसकी बहन और भाभी गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए एंबुलेंस से अस्पताल को भिजवाया। हादसे के बाद कार चालक वाहन को छोड़कर फरार हो गया।

## महमूद मियां का सालाना उर्स शुरू

**मूढ़ापांडे।** नपद मुरादाबाद के ब्लॉक मूंढापांडे की ग्राम पंचायत मौलागढ़ नेशनल हाईवे किनारे महमूद मियां का सालाना उर्स मुबारक शुरू हो गया है हर साल की तरह इस साल भी महमूद मियां के मजार पर बच्चों के लिए खेल खिलौने के स्टॉल भी लगाए गए हैं आने वाले मेहमानों के लिए कमेटी की तरफ से लंगर व खाने पीने का इंतजाम भी किया गया है गाद्दीनशीन नसीम मियां ने बताया कि हर साल की तरह इस साल भी उर्स मुबारक के मौके पर कमेटी की तरफ से बाहर से आने वाले मेहमानों के लिए खाने पीने का इंतजाम भी किया जाता है मेले के अंदर पुलिस ब मीडिया कर्मियों का भी सहयोग रहता है आने वाली जुम्मेरात के दिन 10:00 बजे कुल शरीफ का प्रोग्राम किया जाएगा।

## तेज रफ्तार से आ रहे वाहन ने बाइक को मारी टक्कर

**चन्दौसी ( शाह टाइम्स संवाददाता )।** तेज रफ्तार से आ रहे अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई और दूसरा गंभीर रुप से घायल हो गया जिसे संयुक्त चिकित्सालय लाया गया। यह हृदय विदारक घटना चन्दौसी बदायूं रोड पर स्थित पैराडाइज होटल के सामने घटित हुई। घटनाक्रम के अनुसार, बाइक पर दो लोग सवार होकर मृतक जीतू पुत्र चित्रपाल नि० नगला खाकम, चेतेन्द्र पुत्र आनंद पाल नि० अम्बियापुर दो पहिया वाहन पर सवार होकर नगला खाकम से चले। जैसे ही उनकी बाइक पैराडाइज होटल के सामने पहुंची तो अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे बाइक गिर गयी और दोनों घायल हो गये। राहगीरों ने एंबुलेंस को सूचना। मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने दोनों को संयुक्त चिकित्सालय ले आयी जहां चिकित्सकों ने चेतेन्द्र को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर मृतक की पत्नी आरती भी मौके पर पहुंच गयी जिसका रोते-रोते बुरा हाल था। बता दें कि मृतक का एक छोटा बच्चा भी है। वहीं घायल जीतू को प्राथमिक चिकित्सा के उपरांत रेफर कर दिया गया।

# पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर को दी भावभीनी श्रध्दांजलि

**मुरादाबाद।** जिला कांग्रेस कमेटी ने विहार के पूर्व मुख्यमंत्री जननायक कर्पूरी ठाकुर को उनकी 37 वीं पुण्यतिथि पर भावभीनी श्रध्दांजलि अर्पित की। इस दौरान उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उनके कार्यों को याद भी किया गया। सोमबार की अपराह्न में गुरहट्टी कार्यालय पर जिला इकाई के कांग्रेसी इकट्ठा हुए। यहाँ जिलाध्यक्ष असलम खुर्शीद ने कर्पूरी ठाकुर के मुख्यमंत्री के रूप में बिहार के विकास के लिये किये गये कार्यों को ऐतिहासिक बतलाया। उन्होंने कहा कि बिहार के पिछड़ेपन को खत्म करने व वहाँ की सामाजिक,राजनीतिक व शैक्षिक दशा सुधारने के लिये उनके दोनों कार्यकाल आज भी प्रासंगिक हैं। इन्ही की बजह से उन्हें जननायक का दर्जा राजनीति में प्राप्त हुआ। खुर्शीद ने कहा कि उनकी उल्लेखनीय देश सेवा के चलते ही पिछले वर्ष उन्हें भारत रत्न से भी सम्मानित किया गया था। कांग्रेसियों ने इस दौरान उनके चित्र पर फूलमालाएं पहनाकर उन्हें श्रध्दांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि सभा में मुख्य रूप से श्री असलम खुर्शीद जिलाअध्यक्ष, अफजल ,भयंकर सिंह बौद्ध मौहतसिम मुख्तार, बब्बन खां, राजेंद्र बाल्मीकि ,बन्ने पहलवान ,सबा मौ.नाजिम, गौरव त्रिवेदी, मंगल सेन,आदि शामिल रहें।



# डीएम ने अधिशासी अभियन्ता ठाकुरद्वारा की कार्यप्रणाली पर जताई नाराजगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में विकास कार्यो तथा सीएम डैशबोर्ड पर विकास एवं राजस्व कार्यो की मासिक समीक्षा बैठक विकास भवन बापू सभागार में आयोजित हुई। बैठक में विभिन्न विभागों की परियोजनाओं की प्रगति के संबंध में विस्तृत चर्चा की गयी। बैठक में आई०टी० एवं इलेक्ट्रानिक्स विभाग के अन्तर्गत डिजिशक्ति योजना, राइट ऑफ वे संबंधी, आबकारी विभाग के अन्तर्गत उत्पन्न राजस्व के बनाम लक्ष्य संबंधी, कृषि विपणन एवं विदेश व्यापार के अन्तर्गत मण्डी आय एवं मण्डी आवक के संबंध में, गन्ना मूल्य भुगतान संबंधी, नगरीय विकास एवं गरीबी उन्मूलन विभाग के अन्तर्गत अमृत २ योजना, जल एवं सीवर संयोजन में निस्तारित आवेदनों संबंधी, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी में प्रगति के संबंधी इत्यादि विषयों पर चर्चा की गयी, जिस पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने जिला गन्ना अधिकारी से गन्ना मूल्य भुगतान के संबंध में जानकारी लेते हुए गन्ना भुगतान शत-प्रतिशत सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने अधीक्षण अभियन्ता विद्युत को ठाकुरद्वारा में पॉवर कट एवं ट्रिपिंग संबंधी समस्याओं को प्राथमिकता स्तर पर संज्ञान लेते हुए निस्तारण के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने अधीक्षण अभियन्ता विद्युत को अधिशासी अभियन्ता ठाकुरद्वारा की कार्यप्रणाली पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सुधारात्मक कार्यवाही को अमल में लाने के निर्देश दिए। पीएम मत्स्य संपदा योजना के अन्तर्गत मत्स्य विभाग के अधिकारी को जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जिन तालाबों में गंदा पानी आता हो उनको इस योजना में शाामिल न किया जायें। उन्होंने मण्डी सचिव को निर्देशित किया मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना योजना के अन्तर्गत लम्बित आवेदनों को निस्तारण हेतु कार्यवाही करने एवं मण्डी परिसर में सुरक्षा व्यवस्था को दुरस्त रखने के निर्देश दिए। कृषि विभाग की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने पीएम कुसुम योजना, पीएम किसान सम्मान निधि, फार्मर रजिस्ट्री, फैमिली आईडी सहित अन्य कृषि आधारित योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गयी। समीक्षा के दौरान उप निदेशक कृषि की कार्यप्रणाली पर जिलाधिकारी द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुए सुधार लाने के निर्देश दिए। उन्होंने विभिन्न पेंशन योजनाओं से संबंधित अधिकारियों को लम्बित आवेदनों को यथोचित कार्यवाही कर आवेदनों का निस्तारण करने के निर्देश दिए। बैठक में अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के अन्तर्गत दशमोत्तर छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति योजना संबंधी, पूर्वदशम् छात्रवृत्ति योजना एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के अन्तर्गत दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं प्रतिपूति शुल्क योजना, पूर्वदशम् छात्रवृत्ति योजना, शादी अनुदान योजना के संबंध में चर्चा की गयी, जिस पर जिलाधिकारी ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को ससमय लाभार्थियों को लाभ पहुंचाने हेतु कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग के अधिकारी को विद्युत बिल संबंधी आमजन की समस्याओं को प्राथमिकता स्तर पर निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिशासी अभियन्ता पीडब्ल्यूडी को सड़कों की मरम्मत पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला पंचायतीराज अधिकारी को निर्देशित किया कि सड़कों के किनारे कूडा, गोबर इत्यादि को हटवाने हेतु उचित कार्यवाही करने और आर०आर०आर० सेंटर को क्रियाशील बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए।




# सम्पादकीय

मंगलवार, 18 फरवरी 2025

## सोशल मीडिया की जवाबदेही

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों को कंटेंट के बाबत जवाबदेह बनाने की जरूरत है। इसके संचालकों को चाहिए कि रचनात्मक स्वतंत्रता के नाम पर सार्वजनिक शिष्टाचार का अतिक्रमण न करें। हाल के दिनों में सोशल मीडिया से जुड़े प्लेटफॉर्मों के कार्यक्रमों में स्वेच्छाचारिता और वर्जनाएं तोड़ने के अनगिनत मामले प्रकाश में आए हैं। जो भारतीय सामाजिक व पारिवारिक मूल्यों का अतिक्रमण करते हुए अराजक व्यवहार कर रहे हैं। पिछले दिनों संसद से लेकर सड़क तक यूट्यूब पर प्रसारित एक फूहड़ व अभद्र कार्यक्रम के खिलाफ कार्रवाई की मांग गूंजती रही, जिसमें अभद्रता से सामाजिक मर्यादा की सीमाएं लांघने की कुत्सित कोशिश हुई। पिछले दिनों कामेडियन समय रैना के यूट्यूब शो इंडियाज गाट टैलेंट में सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर व यूट!यूबर रणवीर इलाहाबादिया ने एक अश्लील, अभद्र व अमर्यादित टिप्पणी की। इस बदमिजाज यूट्यूबर ने शो के एक प्रतिभागी के माता-पिता के अंतरंग पलों के बारे में घोर निंदाजनक प्रश्न किए। जैसा अपेक्षित था, भारतीय परिवार व सांस्कृतिक मूल्यों पर हमला करने वाली टिप्पणी पर देश में भारी विवाद हुआ। देश के विभिन्न भागों में इस मामले में शिकायतें दर्ज की गई, और राष्ट्रीय महिला आयोग ने ऐसे कार्यक्रमों के नियमन की मांग करते हुए कार्रवाई की सिफारिश की। साथ ही राष्ट्रीय मानवा. धिकार आयोग ने यूट्यूब से इस विवादित कार्यक्रम को हटाने के निर्देश दिए। देश के राजनीतिक क्षेत्रों में भी इस विवाद को लेकर तीखी टिप्पणियां सामने आईं। इस विवाद ने देश में इस बहस को एक बार फिर तेज किया कि सामाजिक मूल्यों को लेकर अभिव्यक्ति की आजादी की सीमा के निर्धारण और डिजिटल कंटेंट निर्माताओं की जवाबदेही कैसे तय की जाए। साथ ही रचनात्मक अभिव्यक्ति तथा सार्वजनिक शिष्टाचार में सामंजस्य कैसे बनाया जाए। दरअसल, सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्मों पर लाइक और फालोअर्स बढ़ाने के लिए तमाम फूहड़ व तल्खीभरे कार्यक्रमों को बढ़ावा दिया जाता है, ताकि इससे यूट्यूबरों की आय बढ़ सके। बदलते वक्त की विडंबना यह है कि धीर-गंभीर व उपयोगी कार्यक्रमों को दर्शकों का वह प्रतिसाद नहीं मिलता, जो ऊल-जलूल कार्यक्रमों को मिलता है। इन कार्यक्रमों के ज्यादा देखे जाने से सोशल मीडिया प्लेटफार्मों का विज्ञापन भी बढ़ता है। इसी होड़ में अमर्यादित और विवादास्पद कार्यक्रमों की शृंखला का जन्म होता है। ऐसे में सवाल उठाया जा रहा है कि क्या सोशल मीडिया नियमन को लेकर बने कानून इस अराजकता पर अंकुश लगाने में सक्षम हैं, क्या इलेक्ट्रानिक माध्यमों के जरिये प्रसारित सामग्री पर सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम को सख्त बनाने की जरूरत है। क्या अश्लील अभिव्यक्ति को दंडनीय बनाने के लिए सख्त कानूनों की जरूरत है, सवाल यह भी है कि हंसी मजाक के कार्यक्रमों के लिए सामाजिक मर्यादाओं की सीमा कैसे तय की जाए, जाहिर है अब वक्त आ गया है कि मनोरंजक हास्य कार्यक्रमों और आपत्तिजनक कंटेंट के बीच सीमा का निर्धारण किया जाए। निस्संदेह, किसी लोकतांत्रिक देश में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता अपरिहार्य शर्त है, लेकिन इसका अर्थ यह कदापि नहीं है कि हम तमाम सामाजिक व पारिवारिक मर्यादाओं को ताक पर रख दें। किसी भी सूरत में सोशल मीडिया को एंटी सोशल अभिव्यक्ति की आजादी नहीं दी जा सकती।

## चीन के प्रति अपने नजरिए को बदले भारत



भारत को चीन को अपना दुश्मन मानना बंद कर देना चाहिए, चीन से खतरे को अक्सर बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया जाता है, चीन को दुश्मन मानने के बजाय उसे सम्मान देना चाहिए, मुझे समझ ही नहीं आता कि भारत को चीन से क्या खतरा है, हम सभी को साथ आकर काम करना चाहिए, भारत को चीन के प्रति अपने नजरिए को बदलने की जरूरत की है, हमारा रवैया पहले दिन से ही टकराव का रहा है। यह दुश्मनी पैदा करता है। मुझे लगता है कि हमें इस पैटर्न को बदलने की जरूरत है। यह किसी के लिए भी ठीक नहीं है, अब सभी देशों को एक साथ आने का समय है, हमें सीखने, संवाद बढ़ाने, सहयोग करने और मिलकर काम करने की जरूरत है, हमें कमांड और कंट्रोल की मानसिकता से बाहर निकलना होगा। चीन चारों ओर है, चीन बढ़ रहा है, हमें इसे पहचानना और समझना होगा।

**सैम पित्रोदा**
**अध्यक्ष, इंडियन ओवरसीज कांग्रेस**

# अमेरिकी हठधर्मी की हदें पार...

अमेरिका से अवैध प्रवासियों का तीसरा जत्था भारत लौट चुका है। तमाम विरोध के बाद भी पिछली बार की तरह इस बार भी विमान में मौजूद हर भारतीय के हाथ-पैर में हथकड़ियां और बेड़ियां लगाई गईं थी, जिसकी जानकारी पंजाब युवाओं ने बातचीत के दौरान दी है। अमेरिका से डिपोर्ट किए गए भारतीयों को एक बार फिर से हाथों में हथकड़ियां और पैरों में बेड़ियां लगाकर भारत तक लाया गया। साफ जाहिर है की अमेरिका अपनी हठधर्मी से बाज नहीं आ रहा है। अमेरिका से लौटे पंजाब के युवाओं ने बताया कि डिटेंशन सेंटर से लेकर पूरे रास्ते में विमान से भारत की यात्रा तक उन्हें हाथों-पैरों से जंजीरों में बांध के रखा गया। बाथरूम जाने के दौरान भी उनके हाथों-पैरों पर बेड़ियां बंधी रही। अमेरिका से डिपोर्ट हुए दो युवकों को पंजाब की राजपुरा पुलिस ने किया गिरफ्तार कर लिया है। यह विडंबना ही है कि पूरे विश्व को लोकतांत्रिक मूल्यों, मानव अधिकारों व आदर्श जीवन मूल्यों की नसीहत देने वाले अमेरिका ने विभिन्न देशों के कथित अवैध प्रवासियों को उनके देश भेजने की कार्रवाई को बलपूर्वक अंजाम दिया है। सुनहरे सपनों की आस में घर-खेत दांव पर लगाकर व एजेंटों को लाखों रुपये देकर अमेरिका पहुंचे युवाओं ने सपने में नहीं सोचा होगा कि उन्हें अपराधियों की तरह वापस उनके देश भेजा जाएगा। ये हमारे नीति-नियंताओं की विफलता ही है कि हमारी युवा शक्ति दुनिया के विभिन्न देशों में लुट-पिटकर अपमान. जनक स्थितियों का सामना कर रही है। कभी उन्हें पूर्वी एशिया के देशों में साइबर अपराधी बंधक बनाकर ऑनलाइन धोखाधड़ी को अंजाम देते हैं, तो कभी उन्हें धोखे से बिचौलिए रूसी सेना में भर्ती करवा देते हैं। कभी उन्हें इस्राइल-हमास के भयावह युद्धग्रस्त इलाके में काम की तलाश में पहुंचा दिया जाता है। लाखों भारतवंशियों ने अपनी मेधा व पसीने से अमेरिका की प्रतिष्ठा पर चार-चांद लगाए हैं। अंतरिक्ष में इतिहास रचने वाली कल्पना चावला से लेकर भारतवंशी कमला हैरिस, जिन्होंने अपनी प्रतिभा से अमेरिका में उपराष्ट्रपति पद तक हासिल किया। यह विडंबना ही है कि मूलतः प्रवासियों द्वारा बसाए देश अमेरिका में आज सेना के बल पर बेहतर भविष्य की तलाश में आए प्रवासियों को खदेड़ा जा रहा है। मैक्सिको की सीमा पर दीवार खड़ी करके सेना तैनात की जा रही है। यह विडंबना ही कि प्रधानमंत्री मोदी की वाशिंगटन यात्रा से कुछ दिन पहले एक अमेरिकी सैन्य विमान से दो सौ से अधिक कथित अवैध भारतीय प्रवासियों को जबरन वापस भारत लाया गया है। निश्चित रूप से संकीर्णतावादी सोच का पक्षधर ट्रम्प प्रशासन दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाले देश भारत के साथ वैसा व्यवहार नहीं कर सकता जैसा कि वह अल साल्वाडोर, ग्वाटेमाला, होंडुरास, पेरू के प्रवासियों के साथ कर रहा है। हालांकि, एक अध्ययन में दावा किया गया है कि भारत, अमेरिका में गए सर्वाधिक अवैध अप्रवासियों वाले देशों में शुमार है। निश्चित रूप से प्रधानमंत्री की अमेरिका यात्रा से पूर्व जबरन की गई निर्वासन उड़ान विसंगतियों व विडंबनाओं की ही घोतक है। हालांकि, भारत ने कूटनीतिक प्रयासों से अवैध अप्रवासन पर समयानुकूल निर्णय लेकर दोनों देशों में संबंध सामान्य बनाने का प्रयास किया। दरअसल, अमेरिका की हालिया यात्रा के दौरान विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने जमीनी स्तर पर बेहतर कूटनीतिक प्रयास किए उन्होंने ट्रम्प प्रशासन को इस बात को लेकर आश्वस्त किया कि भारत अपने भटके हुए नागरिकों की वैध वापसी के लिए तैयार है। निस्संदेह, भारत ने समझदारी से टकराव टालने का सार्थक प्रयास किया, ताकि मोदी-ट्रम्प की मुलाकात से पहले दोनों देशों के संबंधों में कड़वाहट न घुले। निश्चय ही तुनक मिजाज ट्रम्प व उनके प्रशासन से इस मुद्दे पर अड़ने में कोई समझदारी भी नहीं थी। ऐसी ही स्थिति पर कोलम्बिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो द्वारा अपने प्रवासी नागरिकों से भरे अमेरिकी सेना के जहाज को न उतरने देने की घोषणा करके अपने लिए अपमानजनक स्थितियां पैदा कर दी थी। पहले उन्होंने निर्वासित लोगों को ले जाने वाली सैन्य उड़ानों को स्वीकार करने से मना कर दिया था, लेकिन फिर राष्ट्रपति ट्रम्प द्वारा कोलंबिया पर टैरिफ और प्रतिबंध लगाने की धमकी के बाद उन्होंने यू-टर्न ले लिया। अब वही कोलंबिया के राष्ट्रपति प्रवासियों से तुरंत घर आने और सामाजिक संपदा के निर्माण में योगदान का अनुरोध कर रहे हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या भारत के पास अमेरिका से निर्वासन के लिए चिह्नित अपने करीब अट्ठारह हजार कथित अवैध प्रवासी नागरिकों के पुनर्वास को लेकर कोई योजना है? सरकार कैसे सुनिश्चित करेगी कि भविष्य में ये लोग फिर किसी आप्रवासन का दुस्साहस नहीं करेंगे। निश्चित रूप से समय की मांग है कि बेईमान ट्रैवल एजेंटों के खिलाफ राष्ट्रव्यापी कार्रवाई की जाए, जो युवाओं को सुनहरे सपने दिखाकर अवैध रूप से अमे. रिका व अन्य देशों में भेजते हैं। निस्संदेह, विकसित भारत का सपना दूर की कौड़ी है, लेकिन सबसे पहली प्राथमिकता देश की युवा शक्ति को कुशल बनाने तथा रोजगार के आकर्षक अवसर पैदा करना होनी चाहिए। वहीं दूसरी ओर प्रधानमंत्री की अमेरिका यात्रा के दौरान कानूनी प्रवासन को सुव्यवस्थित करने का एजेंडा सर्वोपरि होना चाहिए।



# कब्ज की समस्या का जड़ से इलाज करेगा मसाले का पानी...

स्वस्थ रहने के लिए रोजाना पेट का साफ होना और डाइजेशन का हेल्दी होना बेहद जरूरी होता है। हालांकि अक्सर लोग पेट साफ न होने या फिर कब्ज की समस्या को मजाक में ले लेते हैं। लेकिन हेल्दी डाइजेशन में हेल्दी सेहत का राज छिपा है। पेट सही से साफ न होने पर, भारीपन, पेट में ऐंठन, छाती में जलन, सिरदर्द, बवासीर और गैस हो सकती है। वहीं रोजाना पेट साफ करने के लिए लोग सीरप या फिर टैबलेट का सहारा लेते हैं। लेकिन यह सही नहीं माना जाता है।

बता दें कि आप कब्ज की समस्या को दूर करने के लिए रसोई में मौजूद कुछ मसालों के पानी का सेवन कर सकते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको इन्हीं मसालों से बनने वाली एक ड्रिंक के बारे में बता रहे हैं। जो आपको कब्ज की समस्या से राहत देने में मदद करेगा।

### सामग्री...

- अजवाइन- चौथाई टीस्पून
- जीरा- चौथाई टीस्पून
- धनिये के बीज- 1 टीस्पून
- घी- 1 टीस्पून
- पानी- 1 गिलास

### विधि...

सबसे पहले एक पैन में सभी चीजों को ड्राई रोस्ट कर लें। फिर इन सभी चीजों को पीस लें और एक गिलास में गुनगुना पानी लें। इसके बाद इसमें घी डालकर इसको अच्छे से मिक्स कर लें। अब रोजाना सुबह खाली पेट इसका सेवन करें।

### आजमाएं यह घरेलू नुस्खा

पेट की गैस और ऐंठन को दूर करने में अजवाइन सहायता करती है। इसमें मौजूद फाइबर मल त्याग को



मुलायम बनाकर इसको आसानी से बाहर निकालने में मदद करती है।

अजवाइन में गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल ट्रैक्ट मौजूद होता है, जो सूजन को कम करता है। इसमें मौजूद थाइमोल हमारे पाचन को दुरुस्त बनाता है और गैस व बदहजमी से भी राहत देता है।

वहीं जीरे को नैचुरल लैक्सेटिव माना जाता है। जोकि पेट को साफ करने में मदद करता है। इससे डाइजेस्टिव एंजाइम्स का सीक्रेशन बढ़ता है और पाचन आसान होता है। बता दें कि जीरा अपच दूर करने में सहायक होता है और शरीर को डिटॉक्स करने में मदद करता है। साथ ही इसका सेवन करने से ब्लोटिंग और गैस में भी आराम मिलता है। वहीं अजवाइन और जीरा मोटापा कम करने में मदद करता है।

घी एक नेचुरल लुब्रिकेंट होता है और इसमें हेल्दी फैट्स और ब्यूरेटिक एसिड पाया जाता है। इससे मल आसानी से बाहर निकलता है और कब्ज दूर होता है।

अगर आप गुनगुने पानी में घी मिलाकर पीती हैं। तो इससे डाइजेस्टिव एंजाइम्स का सीक्रेशन बढ़ता है और कब्ज की समस्या दूर होती है।

धनिया के बीज और पत्ता दोनों ही कब्ज की समस्या दूर करने में सहायक होता है। इससे शरीर में मौजूद टॉक्सिन्स बाहर निकलता है और खाना अच्छे से पचता है।

## कोरल भी चलते हैं लेकिन घोंघों से भी धीमे

**अधिकतर** कोरल को देखकर ऐसा लग सकता है कि वे बस एक जगह जमे रहते हैं, अपनी जगह छोड़कर जरा भी यहां-वहां टहलते नहीं। बस अपना भोजन पाने के लिए थोड़ा लहरा-लहरा कर पास से गुजरते जंतु-प्लवकों को पकड़ लेते हैं। लेकिन इनकी कुछ प्रजातियां थोड़ा घुमक्कड़ भी होती हैं। ऐसी ही कुछ घुमक्कड़ प्रजातियां मशरूम कोरल (**Fungiidae**) कुल की सदस्य हैं। इस कुल के सदस्य देखने में ऐसे लगते हैं जैसे कोमल सुइयों का कोई चमकीला तकिया हों।

अवलोकनों से इतना तो पता चल चुका है कि मशरूम कोरल कुल के कुछ सदस्य स्थिर और माकूल तापमान और प्रचुर भोजन के लिए भीड़-भाड़ वाले उथले समंदर से शांत, गहरे समंदर की ओर कूच करते हैं। लेकन यह सवाल अब तक सवाल ही था कि ये कोरल गति कैसे करते हैं? क्या ये शांत गहरे पानी तक पहुंचने के लिए अन्य जीवों (के शरीर) से 'लिफ्ट' लेते हैं? या वे अपने ऊतकों का इस्तेमाल नाव की पाल की तरह करते हैं, जिस तरह हवाएं पाल के जरिए नाव को गति देती है वैसे ही पानी पालनुमा ऊतक के सहारे इन्हें बहा ले जाता है।

प्लॉस वन में एक अध्ययन प्रकाशित हुआ है, जिसमें कोरल के बारे में उपरोक्त अनुत्तरित सवाल का जवाब खोजने की कोशिश की गई है। डिस्क कोरल (**Cycloseris cyclolites**) पर अध्ययन कर शोधकर्ताओं ने पाया कि गुंबद सरीखे शरीर वाले डिस्क कोरल प्रकाश स्रोत की दिशा में 'जाने' के लिए अपने शरीर को लुढ़काते हैं, फिसलाते हैं, और क्रमाकुंचन (यानी क्रमशरू फैलना-सिकुड़ना) की मदद से आगे बढ़ाते हैं। कोरल बेहतर पकड़ के लिए अपने बाहरी ऊतकों के कुछ हिस्सों को फुलाते हैं, फिर अपने ऊतकों को



थोड़ा मरोड़ते हैं, फिर और संकुचित होकर अपने शरीर को आगे की और खींचते हैं। यानी कोरल काफी हद तक जेलीफिश की चाल चलते हैं।

यह भी देखा गया कि कोरल विशेष रूप से नीली रोशनी के प्रति संवेदनशील होते हैं-कुछ मामलों में कोरल प्रकाश स्रोत की ओर 22 से.मी. तक बढ़े थे। चूंकि नीला प्रकाश अन्य रंगों की तुलना में पानी में अधिक गहराई तक जाता है, इसलिए इस रंग की रोशनी मशरूम कोरल को अपनी पसंदीदा छायादार और माकूल गहराई तक पहुंचने में मदद कर सकती है। एक और बात पता चली कि जैसे-जैसे कोरल बड़े होते जाते हैं उनके लिए घूमना मुश्किल होता जाता है। इसलिए वे ऐसी गति से आगे बढ़ते हैं कि चलना भारी न पड़े। वैसे, लगता तो ऐसा है कि उन्हें अपने गंतव्य पर पहुंचने की कोई जल्दी नहीं होती। कोरल हर 24 घंटे में औसतन 4.5 से.मी. नीली रोशनी की ओर बढ़ते हैं-सुस्ती के लिए मशहूर घोंघे से भी बहुत, बहुत धीमी गति से।

स्रोत फीचर्स

# यूएस के रवैये से सचेत रहने की जरूरत...

पिछले हफ्ते प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की वाशिंगटन यात्रा संक्षिप्त, लेकिन सुर्खियां बटोरने वाले घटनाक्रमों से भरी रही। यह यात्रा संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के शपथ लेने के एक महीने से भी कम समय बाद हुई और मोदी उनके साथ द्विपक्षीय बैठकें करने वाले इजराइल, जापान और जार्डन जैसे अमेरिका के करीबी सहयोगी देशों के नेताओं के बाद दुनिया के चौथे नेता बने। बाद में जारी संयुक्त वक्तव्य में कई महत्वपूर्ण चर्चाओं की रूपरेखा प्रस्तुत की गई।

यों तो कई घोषणाएं भारत द्वारा अमेरिकी सामानों की खरीद और अमेरिका में निवेश पर केंद्रित थीं, लेकिन वे उन कुछ सख्त कदमों से बचने में कामयाब रहीं, जिनकी आशंका कई लोगों ने जताई थी। दोनों पक्षों ने 'मिशन 500' (2030 तक 500 बिलियन अमेरिकी डॉलर का द्विपक्षीय व्यापार) का शुभारंभ किया और मुक्त व्यापार समझौते पर चर्चा शुरू की, जिसके मसौदे के पहले चरण के इस साल सामने आने की संभावना है। ट्रम्प ने अमेरिकी ऊर्जा, तेल तथा रक्षा उपकरणों की भारतीय खरीद में बढ़ोतरी का एलान किया और इस कदम से कुल 130 बिलियन अमेरिकी डॉलर के माल व्यापार में 45.7 बिलियन अमेरिकी डॉलर के अमेरिकी व्यापार घाटे को संतुलित करने में मदद मिलने की उम्मीद है। इसके अलावा, प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग को सुव्यवस्थित करने के वास्ते 21वीं सदी की सैन्य साझेदारी, त्वरित वाणिज्य एवं प्रौद्योगिकी के लिए एक नए समग्र ढांचे, काम्पैक्ट, या उत्प्रेरक अवसरों को लेकर भी समझौता हुआ।

दोनों पक्षों ने इस साल एआई के बुनियादी ढांचे से जुड़ा एक रोडमैप विकसित करने की प्रतिबद्धता के साथ सेमीकंडक्टर, क्वांटम कंप्यूटिंग और एआई पर ध्यान केंद्रित करते हुए, बाइडेन युग की 'अहम एवं उभरती हुई तकनीक संबंधी पहल (आईसीईटी)' को 'रणनीतिक तकनीक के उपयोग के जरिए पारस्परिक संबंधों का रूपांतरण (ट्रस्ट)' के रूप में नए सिरे से परिभाषित किया। एक महत्वपूर्ण क्षण तब आया जब ट्रम्प ने 26/11 हमलों में शामिल तहव्वुर राणा को मुकदमा चलने के मकसद से भारत को प्रत्यर्पित करने की मंजूरी का ऐलान किया। एकबारगी ट्रम्प की अपरंपरागत टिप्पणियों और इस प्रारूप में मीडिया के साथ मोदी के विरले संवाद से उठे गर्दोगुबार के थम जाने के बाद, भारत को इस यात्रा से व्यापक निहितार्थों का आकलन करना चाहिए। सकारात्मक दृश्यावलियां और दोनों नेताओं के बीच का सौहार्द्र अगले चार सालों के दौरान भारत-अमेरिका संबंधों के लिए एक मजबूत नींव का संकेत देते हैं। हिंद-प्रशांत जुड़ाव और क्वाड सहित रणनीतिक साझेदारी के प्रमुख क्षेत्रों में भी स्पष्ट निरंत. रता है और इस साल के अंत में होने वाले क्वाड शिखर सम्मेलन में शिरकत करने के लिए ट्रम्प की दिल्ली की



योजनाबद्ध यात्रा से इन प्रतिबद्धताओं के मजबूत होने की उम्मीद है। हालांकि भारत और अमेरिका के एजेंडे में आर्थिक चर्चा, व्यापार, ऊर्जा, परमाणु सहयोग और रक्षा संबंधी मसलों के ही हावी रहने की संभावना है, जोकि ट्रम्प के पहले कार्यकाल की याद दिलाते हुए द्विपक्षीय रिश्ते को एक लेन-देन वाला मोड़ देता है। इस बात के बहुत ज्यादा सबूत नहीं हैं कि मोदी की यात्रा ने जवाबी-शुल्क और पारस्परिक कर लगाने के मसले पर ट्रम्प के रुख को काफी हद तक नरम कर दिया या सैन्य जहाजों में भरकर भेजे जाने वाले बिना दस्तावेज वाले अप्रवा. सियों के निर्वासन के दौरान अपेक्षाकृत ज्यादा मानवीय नजरिया अपनाने के लिए उन्हें तैयार कर लिया। ये मसले आगे चलकर भारत सरकार के लिए चुनौतियां पेश कर सकते हैं। अब जबकि भारत अमेरिका के नए प्रशासन के साथ जुड़ रहा है, उसे सावधानीपूर्वक अपने हितों का आकलन करना चाहिए और जहां जरूरी हो वहां अपनी स्थिति पर जोर देना चाहिए तथा जरूरत के हिसाब से अपनी रणनी. तिक व आर्थिक प्राथमिकताओं की रक्षा के लिए मजबूत कदम उठाने चाहिए।






# दिल्ली का ताज



मंगलवार, 18 फरवरी 2025



## दिल्ली प्रदेश के मुख्यमंत्रियों की सूची

- चौधरी ब्रह्म प्रकाश 17 मार्च 1952 से 12 फरवरी 1955 तक वो दिल्ली के पहले सीएम रहे हैं।
- गुरुमुख निहाल सिंह 12 फरवरी 1955 से 1 नवम्बर 1956 तक दिल्ली के दूसरे सीएम बने थे।
- मदन लाल खुराना 2 दिसम्बर 1993–26 फरवरी 1996 तक दिल्ली की तीसरे सीएम के रूप में कमान संभाली।
- साहिब सिंह वर्मा 26 फरवरी 1996–12 अक्टूबर 1998 तक सीएम रहे हैं।
- सुषमा स्वराज 12 अक्टूबर 1998–3 दिसम्बर 1998 तक दिल्ली की 5वीं सीएम रहीं थी।
- शीला दीक्षित ने 3 दिसम्बर 1998 से 28 दिसम्बर 2013 तक दिल्ली की सीएम की कमान संभाली
- अरविन्द केजरीवाल 28 दिसम्बर 2013–14 फरवरी 2014 तक तीन बार दिल्ली के सीएम रहे।
- 15 फरवरी 2014 – 13 फरवरी 2015 तक दिल्ली में राष्ट्रपति शासन रहा।
- आतिशी मार्लेना 21 सितम्बर 2024–वर्तमान तक दिल्ली की सीएम हैं।

# सीएम के नामों पर संघ से नहीं मिली हरी झंडी!

## बीजेपी दे सकती है दिल्ली में सरप्राइज, पहले भी बदले हैं कई सीएम के चेहरे

**नई दिल्ली।** दिल्ली की कमान होगी किसके हाथ यह इस वक्त का सबसे बड़ा सवाल है। सोमवार को विधायक दल की बैठक तय हुई थी, जिसमें यह कहा जा रहा था कि दिल्ली के अगले मुख्यमंत्री का ऐलान संभवत: हो जाएगा। लेकिन यह बैठक फिर से टल गई है। ऐसे में कई ऐसे कयास हैं जो लगाए जा रहे हैं।

**क्या संघ से नहीं मिली है मंजूरी**

इस समय अगर बीजेपी के पास सबसे बड़े फैक्टर है तो वो है कि बिना आरएसएस के किसी भी बड़े नेता का ऐलान नहीं हो सकता है। ऐसे में सूत्रों की मानें, तो कहा जा रहा है कि संघ दिल्ली की कमान उस नेता को देना चाहता है जो संघ का करीबी भी हो और बहुसख्यक वोट बैंक को साधने में भी वो सक्षम हो अगर ऐसा होता है, तो दिल्ली में नूपुर शर्मा के नाम पर मुहर लग सकती है।

**आज होनी थी बैठक**

इस बैठक में केंद्रीय पर्यवेक्षकों को मौजूदगी में विधायक दल के नेता का चयन किया जाएगा और उसके बाद एलजी के पास जाकर सरकार बनाने का दावा पेश किया जाएगा। पार्टी के विधायकों को भी यह संदेश दे दिया गया था कि सोमवार को उन्हें दिल्ली में ही रहना है। शाम तक ऐसी भी खबरें आई कि विधायक दल की बैठक के बाद मंगलवार को शपथ ग्रहरण समारोह भी हो सकता है।

**19 को होगी अब बैठक**

पार्टी के कुछ वरिष्ठ नेताओं ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि बैठक को अभी स्थगित कर दिया गया है।

अब 20 तारीख को या उसके बाद बैठक बुलाई जाएगी। कारण यह बताया गया कि 19 तारीख को दिल्ली के झंडेवालान में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मुख्यालय का उद्घाटन होना है, पार्टी के भी कई वरिष्ठ नेता शामिल होंगे। इसी वजह से अब 20 तारीख के बाद निर्णय लिया जाएगा।



**टलने का बताया जा रहा है यह कारण**

हालांकि, विधायक दल की बैठक को टालने के पीछे एक बड़ा कारण नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर शनिवार रात हुए हादसे को भी माना जा रहा है, जिसमें 18 लोगों की मौत हो गई थी। हादसे के बाद से ही केंद्र सरकार, केंद्रीय रेल मंत्री और रेलवे प्रशासन विपक्ष के निशाने पर हैं। मृतकों के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए बीजेपी ने रविवार को अपने सभी कार्यक्रम स्थगित कर दिए थे।

**बीजेपी आसानी से बदल देती है सीएम**

सीएम को लेकर अंतिम निर्णय निश्चित रूप से केंद्रीय नेतृत्व की तरफ से किया जाता है। केंद्रीय नेतृत्व 2014 से दस बार विभिन्न राज्यों में सीएम बदल चुका है। इसमें उत्तराखंड और गुजरात में दो-दो बार मुख्यमंत्री बदलना शामिल है। सीएम बदलने के इस बड़े काम को संभालना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की राज्यों और बीजेपी के कार्यकर्ताओं में व्यापक अपील का स्पष्ट प्रतिबिंब है।

## लो प्रोफाइल वाले नए चेहरों की नियुक्ति

**नई दिल्ली।** तथ्य यह है कि बीजेपी ने 2014 के बाद 12 मौकों पर काफी लो प्रोफाइल वाले नए चेहरे नियुक्त किए हैं। इनमें 2024 के लोकसभा चुनावों से ठीक पहले और एक के बाद चार शामिल हैं। यह भी एक कड़ा संदेश देता है। पार्टी के एक नेता ने समझाया कि बीजेपी का केंद्रीय नेतृत्व एक ऐसा सख्त शासन चलाना चाहता है जिसमें कोई भी क्षेत्रीय नेता संगठन से बड़ा न हो और पार्टी की राज्य इकाइयां संगठन कैडर संचालित होनी चाहिए, न कि व्यक्तित्व संचालित।

**पुराने CM को केंद्र में दिया मौका**

सीएम बदलने के बाद इनमें से कई नेताओं को केंद्र का हिस्सा बना दिया गया। असम के पूर्व सीएम सर्बानंद सोनोवाल और शिवराज चौहान जो वर्तमान में केंद्रीय मंत्री हैं। इसी तरह, हरियाणा के पूर्व सीएम मनोहर लाल खट्टर भी केंद्रीय मंत्री हैं। 2014 में सीएम पद के लिए चुने गए कई नेता ज्यादा प्रभाव नहीं छोड़ पाए और लोकसभा में हैं। इनमें हरियाणा में मनोहर खट्टर, उत्तराखंड में त्रिवेंद्र रावत, कर्नाटक में बसवराज, त्रिपुरा में बिप्लब देब शामिल हैं।

# भाजपा ने कई बार किए प्रयोग, गलत भी साबित हुए फैसले

### कर्नाटक में गलत साबित हुए



कर्नाटक में 2023 में विधानसभा चुनाव हुए और सत्तारूढ़ बीजेपी को बड़ी हार मिली थी। राज्य में कांग्रेस ने सरकार बनाई। कर्नाटक में विधानसभा चुनाव से ठीक डेढ़ साल पहले बीजेपी ने सीएम फेस बदला था। बीजेपी ने जुलाई 2021 में कर्नाटक के तत्कालीन सीएम बीएस येदियुरप्पा को पद से हटाया और सीएम पद की जिम्मेदारी बसवराज बोम्मई को सौंप दी। दक्षिण के दुर्ग को बचाने के लिए बीजेपी के शीर्ष नेतृत्व ने जोर-शोर से कोशिश की, लेकिन कामयाबी नहीं मिली।

### उत्तराखंड में हुए प्रयोग



सीएम चेहरा बदलकर सत्ता में वापसी का बीजेपी का सबसे सफल प्रयोग उत्तराखंड का रहा है। उत्तराखंड में बीजेपी नेतृत्व को अंदाजा हो चुका था कि पार्टी जबरदस्त एंटी इनकंबेंसी लहर से जूझ रही है। इसकी काट के लिए बीजेपी ने दो बार राज्य में अपने मुख्यमंत्री बदले। 2017 में बीज. पी जब उत्तराखंड में चुनाव जीती, तो त्रिवेंद्र सिंह रावत को सीएम बनाया गया। 2021 आते-आते रावत के खिलाफ विधायकों का असंतोष बढ़ गया। लिहाजा आलाकमान ने रावत को सीएम पद से हटा दिया और 10 मार्च 2021 को राज्य की बागडोर तीरथ सिंह रावत को सौंप दी गई। तीरथ सिंह रावत सत्ता, जनता और प्रशासन पर छाप छोड़ने में सफल नहीं रहे और 4 महीने बाद सीएम पद से उनकी छुट्टी हो गई। उसके बाद 4 जुलाई 2021 को पुष्कर सिंह धामी को राज्य का मुख्यमंत्री बनाया गया। मार्च 2022 में बीजेपी पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में चुनावी जंग में उतरी और जीत हासिल की।

### भूपेंद्र ने दिलाई कामयाबी



पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह का गृह राज्य होने की वजह से यहां की छोटी सी राजनीतिक और सामाजिक हलचल का राष्ट्रीय स्तर पर प्रभाव पड़ता है। इसलिए बीजेपी के लिए इस राज्य की सत्ता बेहद महत्वपूर्ण है। 2017 में जब बीजेपी की इस राज्य में सरकार बनी तो विजय रूपानी सीएम बने। रूपानी का कार्यकाल दिसंबर 2022 में खत्म हो रहा था, लेकिन बीजेपी ने माहौल भांपते हुए विधानसभा चुनाव से पहले सितंबर 2021 में ही नेतृत्व में बदलाव कर दिया और सीएम पद की जिम्मेदारी भूपेंद्र पटेल को दे दी।

### त्रिपुरा में साहा के सजा ताज



त्रिपुरा में लेफ्ट का किला ध्वस्तकर बीजेपी ने मार्च 2018 में पहली बार कमल खिलाया। इस विस्मयकारी विजय के बाद बीजेपी ने मुख्यमंत्री पद की जिम्मेदारी दी बिपल्ब देव को। बिपल्ब देब का कार्यकाल 2023 में खत्म होने वाला था, लेकिन विधानसभा चुनाव से कुछ महीने पहले बीजेपी ने राज्य में नेतृत्व परिवर्तन कर दिया। बीजेपी ने बिपल्ब देब को संगठन में भेज दिया और सीएम की कुर्सी दी माणिक साहा को।

### मणिपुर में बीरेन का इस्तीफा



मणिपुर में जारी जातीय हिंसा के 21 महीने बाद मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने रविवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। बीरेन सिंह के खिलाफ सोमवार से शुरू होने वाले विधानसभा के बजट सत्र में अविश्वास प्रस्ताव लाने की तैयारी थी। प्रदेश बीजेपी में भी पिछले कुछ महीनों से सीएम बदलने को लेकर लामबंदी हो रही थी। बीजेपी के कुछ वरिष्ठ विधायकों ने दिल्ली जाकर केंद्रीय नेतृत्व के सामने कई बार यह मांग रखी थी।

## शपथग्रहण के लिए रामलीला मैदान तैयार



दिल्ली की राजनीति में हलचल तेज हो चुकी है। आने वाले 48 घंटों में दिल्ली के अगले मुख्यमंत्री का फैसला होने वाला है, जिस पर सभी की निगाहें टिकी हुई हैं। हाल ही में सम्पन्न हुए चुनावों में भारतीय जनता पार्टी ने 48 सीटों पर जीत हासिल की है और अब पार्टी का ध्यान मुख्यमंत्री के चयन और शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियों पर केंद्रित है। 20 फरवरी को दिल्ली के ऐतिहासिक रामलीला मैदान में नए मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन होगा। इस संबंध में विभिन्न सरकारी विभाग और संबंधित एजेंसियां तैयारियों में जुटी हैं।







